चैत्र कृष्ण पक्ष अमावस्या
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 8 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-72, पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य -5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी ढेर 16

कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी 15

## एक नजर



### काजल निषाद को पड़ा दिल का दौरा, रेफर

**लखनऊ।** गोरखपुर लोकसभा सीट से सपा की उम्मीदवार और टीवी अभिनेत्री काजल निषाद को दिल का दौरा पड़ने के बाद रविवार शाम डॉक्टरों ने लखनऊ के मेदांता अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। दिल का दौरा गोरखपुर के एक अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान पड़ा, जिसकी पुष्टि ईसीजी की रिपोर्ट में हुई। खबर लिखे जाने तक काजल निषाद को लेकर लखनऊ आने वाली एम्बुलेंस रास्ते में थी। काजल की चुनाव प्रचार के दौरान शुक्रवार को तबीयत बिगड़ गई थी और वे बेहोश हो गईं थीं। जिसके बाद उन्हें गोरखपुर के स्टार हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। काजल को सड़क मार्ग से एंबुलेंस में लखनऊ लाया जा रहा। काजल के साथ उनके पति संजय निषाद भी हैं।

### जम्मू-कश्मीर में तीन आतंकियों की संपत्ति कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू- कश्मीर पुलिस ने बारामुला जिले में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में घुसपैठ करने वाले तीन आतंकियों की संपत्तियां कुर्क की। आतंकियों की पहचान सुल्तानदाकी निवासी मोहम्मद लतीफ, मदियान के सदर दीन और सिंगटुंग गौहालन के अजीज दीन के रूप में हुई है, जो पुलिस द्वारा घुसपैठ के आरोप में भगोड़ा घोषित हुए हैं। पुलिस ने रविवार को कहा, उप न्यायाधीश उरी से आदेश के बाद क्रमश: 18 कनाल और 6 मरला, 9 मरला और 12 कनाल संपत्ति कुर्क की गई है।

# बंगाल में हमले के बाद एनआईए टीम पर ही एफआईआर दर्ज

## गिरफ्तार टीएमसी नेता की पत्नी ने लगाया मारपीट-बदतमीजी का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी**

- भूपतिनगर में हुए हमले में एनआईए का एक अधिकारी हुआ था घायल

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के गिरफ्तार नेता मनोब्रत जना की पत्नी मोनी जना ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के अधिकारियों के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्राथमिकी में आरोप लगाया है कि अधिकारियों ने जांच के बहाने भूपतिनगर स्थित उनके आवास में जबरन घुसकर उनकी गरिमा को ठेस पहुंचाने की कोशिश की। एनआईए ने शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरबा मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ता मनोब्रत जना और बलाई चरण मेइती को गिरफ्तार किया था। विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई थी।

टीएमसी नेता की पत्नी ने भूपतिनगर पुलिस थाने में दायर कराई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि एनआईए के अधिकारियों ने शनिवार सुबह छापेमारी के दौरान उनके आवास पर तोड़फोड़ भी की। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर प्राथमिकी में आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से उस पर हमला करना) जोड़ी गई है। मेदिनीपुर जिले में 2022 में हुए एक विस्फोट के मामले में दो प्रमुख साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गई एनआईए की एक टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया था, जिसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष ममता बनर्जी ने एजेंसी के अधिकारियों पर ग्रामीणों पर हमला करने का आरोप लगाया। हमले में एनआईए का एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन भी क्षतिग्रस्त हुआ था।



### एनआईए ने कहा- हमला बिना उकसावे के हुआ

**नई दिल्ली।** एनआईए ने विस्फोट मामले में गिरफ्तारी करते समय दुर्भावनापूर्ण इरादा होने संबंधी आरोप का रविवार को खंडन किया। एनआईए के प्रवक्ता ने पूरे विवाद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और स्पष्ट किया कि उनकी टीम पर हमला बिना किसी उकसावे के किया गया था। ये एनआईए को रोकने का प्रयास था।

### जांच एजेंसियां भाजपा में शामिल होने को कह रहीं : ममता



**पुरुलिया।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आरोप लगाया कि केंद्रीय जांच एजेंसियां तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेताओं से या तो भाजपा में शामिल होने या कार्रवाई का सामना करने के लिए कह रही हैं। पुरुलिया जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने आरोप लगाया कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग जैसी एजेंसियां भाजपा के हथियार के रूप में काम कर रही हैं। टीएमसी नेताओं को परेशान करने के लिए एजेंसियां बिना किसी पूर्व सूचना के छापेमारी कर रही हैं।

### एनआईए-भाजपा के बीच अपवित्र गठजोड़ : टीएमसी

पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बीच अपवित्र गठजोड़ है। पार्टी ने यह भी कहा कि निर्वाचन आयोग ने इस मुद्दे पर स्पष्ट रूप से चुप्पी साध ली है। टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया कि एनआईए और भाजपा के बीच बनता गठजोड़ महसूस हो रहा है। तृणमूल नेताओं और आदर्श आचार संहिता के खिलाफ साजिशें रची जा रही हैं। बनर्जी ने कहा कि कहा कि यह मिलीभगत जारी है। निर्वाचन आयोग चुप्पी साधकर निष्पक्षता सुनिश्चित करने के अपने दायित्वों की अनदेखी कर रहा है।

### गुंडों का बंगाल में काफी इलाकों पर नियंत्रण : राज्यपाल

पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने कहा कि कानून-व्यवस्था पूरे राज्य में खराब नहीं है और राज्य के कुछ हिस्सों में हिंसा के लिए वर्तमान तृणमूल कांग्रेस सरकार को पूरी तरह से जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता, क्योंकि इसका कारण अतीत की विरासत हो सकता है। बोस ने कहा कि उनकी और बनर्जी की धारणाएं अलग-अलग हो सकती हैं, लेकिन वे एक उचित शिष्टाचार बनाए रखते हैं। उन्होंने कहा कि संदेशखालि में महिलाओं का सम्मान खंडित किया गया था, यह चिंताजनक स्थिति थी।



**लखनऊ :** भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज विजय शंकर का विकेट लेने के बाद प्रसन्नमुद्रा में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाड़ी। रविवार को हुए मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने गुजरात टाइटंस को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई।

## बिजली विभाग पर 40 लाख रुपये का हर्जाना

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** कानपुर देहात में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। लापरवाही बिजली विभाग की रही लेकिन, पल्ला झाड़ लिया। मामले की सुनवाई राज्य उपभोक्ता आयोग ने दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड पर 40 लाख रुपये हर्जाना लगाया है।

भीकादेव बाजार, कहिन्जखरी, रसूलाबाद कानपुर देहात निवासी नरेंद्र कुमार के मुताबिक 27 जून 2012 को आंधी से यूकेलिप्टस की डाल गिरने से एचटी लाइन टूट गई और एलटी लाइन पर जा गिरी। इससे घर पर करंट फैल गया और इंटवर्टर बंद करने के दौरान पत्नी की चपेट में आने से मौत हो गई। शिकायत पर बिजली विभाग ने हवाला दिया कि कनेक्शन मेन गेट के अंदर था। इससे गेट में करंट उतर आया और छूने से मौत हो गई। इस पर नरेंद्र ने राज्य उपभोक्ता आयोग में वाद दायर किया। इसकी सुनवाई प्रिसाइडिंग जज राजेंद्र सिंह व सदस्य विकास सक्सेना ने की। आयोग ने लापरवाही मानते हुए दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, डिवीजन कानपुर देहात पर 40 लाख रुपये हर्जाना लगाया है।

## बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम की सूचना से हड़कंप

**बाराबंकी।** बाराबंकी रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब गाड़ी संख्या 11124 बरौनी-ग्वालियर एक्सप्रेस में बम होने की सूचना मिली। स्टेशन अधीक्षक पीयूष कुमार वर्मा ने बताया कि यात्रियों के शोर मचाने पर स्टेशन पर ट्रेन रोकी गई। कई थानों की पुलिस, फायर ब्रिगेड, सेना का बम डिस्पोजल दस्ता, जीआरपी, आरपीएफ और डॉग स्क्वायड की टीम ने ट्रेन की सभी बोगियों की तलाशी ली। टीम को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

# कांग्रेस के घोषणापत्र से तुष्टिकरण की राजनीति की बू आ रही

**नवादा, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उसके द्वारा हाल में जारी घोषणापत्र में 'तुष्टिकरण की राजनीति' की बू आ रही है और ये ऐसा है मानो इसे मुस्लिम लीग लेकर आई है।

बिहार के नवादा जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की भी आलोचना की। उन्होंने कहा, कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष कोई छोटा पद नहीं है। वह कहते हैं कि धारा 370 का राजस्थान से क्या लेना-देना है। यह टुकड़े-टुकड़े गैंग की मानसिकता है। उनके विचार राजस्थान और बिहार के सुरक्षाकर्मियों का अपमान हैं, जिन्होंने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों से लड़ते हुए प्राण गंवाए और उनके शव तिरंगे में लिपटे हुए वापस आए। उन्होंने कहा कि कांग्रेस, बिहार में उसकी सहयोगी राजद और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के अन्य घटक संविधान के बारे में बात करना बहुत पसंद करते हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में बाबा साहेब आम्बेडकर के संविधान को लागू क्यों नहीं किया। यह केवल मोदी के शासन में ही संभव हो सका।

प्रधानमंत्री ने तीन तलाक प्रथा के खिलाफ अपनी सरकार के कदम का भी जिक्र किया और कहा, दो दिन पहले कांग्रेस ने जो अपना घोषणा पत्र जारी किया है, उसमें भी मुस्लिम लीग के विचारों की छाप है। कांग्रेस ने घोषणा घोषणा पत्र नहीं, तुष्टिकरण पत्र जारी किया है।



- बिहार के नवादा जिले में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को घेरा

### आज पूरी दुनिया में बज रहा भारत का डंका

प्रधानमंत्री ने कहा कि 10 वर्षों में बिहार के लोगों ने देश हित में लिए गए अनेक बड़े निर्णय देखे हैं। आज भारत में बिहार में, आधुनिक आधारभूत संरचना का निर्माण किया जा रहा है। आज आधुनिक एक्सप्रेसवे बन रहे हैं। रेलवे स्टेशनों आधुनिकरण हो रहा है। वंदे भारत जैसी ट्रेनें बढ रही हैं। डिजिटल क्रांति ने सरकार की सेवाओं को आपके मोबाइल में पहुंचा दिया है। आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह कैसे हो रहा है। यह मोदी के कारण नहीं हो रहा है। यह आपके वोट के कारण हो रहा है। आपके उस वोट की ताकत है जिसने देश को मजबूत सरकार दी और उसके कारण देश मजबूत कदम उठा रहा है।

# हिन्दू विवाह के लिए कन्यादान अनिवार्य परंपरा नहीं

**लखनऊ, विधि संवाददाता**

- हिन्दू विवाह अधिनियम के हवाले से हाईकोर्ट ने किया स्पष्ट

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक वैवाहिक विवाद के मामले में कहा है कि हिंदू विवाह अधिनियम के तहत हिंदू विवाह को संपन्न करने के लिए कन्यादान की रस्म अनिवार्य परंपरा नहीं है। न्यायालय ने कहा कि प्रावधानों के मुताबिक सिर्फ सप्तपदी ही ऐसी परंपरा है को हिन्दू विवाह को सम्पन्न करने के लिए आवश्यक है।

यह टिप्पणी न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने आशुतोष यादव की ओर से दाखिल एक आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर दिया है। याची की ओर से वैवाहिक विवाद के सम्बंध में चल रहे आपराधिक मामले में एक गवाह को पुनः समन की जाने की प्रार्थना की गई थी। विचारण अदालत ने याची की प्रार्थना को अस्वीकार कर दिया, इस पर उसने हाईकोर्ट की शरण ली। याची की ओर से दलील दी गई कि उसकी पत्नी का कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह स्थापित करने के लिए अभियोजन के गवाहों जिसमें वादी भी शामिल है, पुनः समन किया जाना आवश्यक है। इस पर न्यायालय ने हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 7 का उल्लेख किया जिसके तहत हिन्दू विवाह के लिए सप्तपदी को ही अनिवार्य परंपरा माना गया है। न्यायालय ने कहा कि उक्त प्रावधान को देखते हुए, कन्यादान हुआ था अथवा नहीं, यह प्रश्न प्रासंगिक ही नहीं है, लिहाजा गवाहों को पुनः समन की जाने की कोई आवश्यकता नहीं है।

**ललित नारायण मिश्र हत्याकांड**

## हाईकोर्ट ने सुनवाई को याचिका की सूचीबद्ध

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 48 साल पहले बिहार के समस्तीपुर रेलवे स्टेशन पर पूर्व रेल मंत्री ललित नारायण मिश्र की हत्या की निष्पक्ष जांच कराने की उनके पोते की याचिका 16 मई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध की है। न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत ने वैभव की अर्जी दोषियों की अपील के साथ सूचीबद्ध की। अपील में दोषसिद्धि व आजीवन कारावास की सजा को चुनौती दी गई है।

**निपुण भारत मिशन** बेसिक शिक्षा परिषद का प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में लक्ष्य को पूरा करने पर जोर

# लक्ष्य के लिए अग्रिम आदेश तक काम करते रहेंगे एआरपी

**रविशंकर गुप्ता, लखनऊ**

- शिक्षा महानिदेशक की ओर से शासन को भेजा गया प्रस्ताव
- 31 मार्च को प्रदेश के सभी एआरपी का समाप्त हो गया था कार्यकाल

**अमृत विचार:** बेसिक शिक्षा परिषद के प्राथमिक व जूनियर विद्यालयों में निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को 2025-26 में हर हाल में पूरा करना है। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने लक्ष्य पर जोर देते हुए प्रदेश में तैनात एआरपी (एकेडमिक रिसोर्स पर्सन) को अग्रिम आदेश तक काम करने की अनुमति दी है। दरअसल 31 मार्च को सभी एआरपी का कार्यकाल समाप्त हो गया था। इसलिए वह इसे लेकर असमंजस में थे। दरअसल शासन ने पिछले वर्ष 5 जनवरी को एआरपी के सेवा अवधि का विस्तार करते कार्यकाल 31 मार्च 2024 कर दिया था। इस बार फिर अग्रिम आदेश तक मौका दिया गया है। इस स्थिति में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत संचालित गतिविधियों, क्रियाकलापों को जारी रखना होगा। साथ ही बेहतर समन्वय, गैप एनालिसिस, सतत अनुश्रवण व अकादमिक पहलुओं के संचालन के संबंध में प्रत्येक माह राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से केपीआई (की परफार्मेंस इंडीकेटर्स) अप्रैल माह 2024 के लिए भेजे गए हैं। सभी कार्यों को समय पर पूरा करना होगा। जिम्मेदार अधिकारी को भी निर्देश दिए गए हैं कि वह प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित केपीआई को समय पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसकी प्रगति की समीक्षा मासिक बैठकों में की जाएगी।



"निपुण भारत मिशन के लक्ष्य को पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है। अभी एआरपी अपने पदों पर रहते हुए कार्य करते रहेंगे। उनके लिए नये शैक्षिक सत्र 2024-25 के लिए जो दिशा निर्देश जारी किए गये हैं उनके अनुसार सभी कार्यों को समय से पूरा करना होगा।
-कंचन वर्मा, स्कूल शिक्षा महानिदेशक

### आचार संहिता के बाद की जाएगी छंटनी

विभागीय जानकारों ने बताया कि आचार संहिता के बाद जिन एआरपी ने बेहतर कार्य किया है उनका कार्यकाल जारी रहेगा। जिनका कार्य अच्छा नहीं रहा है उनकी जगह दूसरों को मौका दिया जायेगा। दरअसल कई एआरपी की कार्यशैली पर भी सवाल उठते रहे हैं।



## एक नजर

### बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को मिला बजट

अमृत विचार, लखनऊ : बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग को नए सत्र की शुरुआत के साथ ही सरकार ने 344 .23 करोड़ की धनराशि भेजी है। इससे वेतन, सभी भत्ते, मानदेय, कार्यालय किराया समेत बिजली-पानी आदि के सभी खर्च और आउटसोर्सिंग सेवाओं के छह माह तक भुगतान किए जाएंगे। शासन के संयुक्त सचिव अशोक कुमार तिवारी ने बाल विकास एवं पुष्टाहार के निदेशक को सरकार से स्वीकृत धनराशि भेजते हुए नियमानुसार खर्च के आदेश दिए हैं। कहा है कि पूरे साल के लिए 688 करोड़ 46 लाख 47 हजार प्राविधानित धनराशि का पहली छमाही के लिए संभावित व्यय 344 करोड़ 23 लाख 24 हजार रुपये भेजा गया है। इस धन से वेतन के रूप में 198 करोड़ 98 लाख 22 हजार 500, मंहगाई भत्ते के रूप में 109 करोड़ 44 लाख 2 हजार 500 समेत 28 तरह के भुगतान होंगे।



राजस्थान के दौसा में चुनावी जनसभा के दौरान लोगों का अभिवादन करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

# दंगे कराना, कर्फ्यू लगाना कांग्रेस के डीएनए में

## राजस्थान में कई चुनावी जनसभाओं में मुख्यमंत्री योगी ने विरोधियों पर साधा निशाना

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बोले, गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी कांग्रेस

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में भाजपा के स्टार प्रचारक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को राजस्थान के भरतपुर, दौसा, सीकर में आयोजित जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरे की जानकारियां लखनऊ पार्टी मुख्यालय से साझा की गईं। भाजपा उम्मीदवारों के लिए जनता से वोट की अपील करने के दौरान योगी के निशाने पर राजस्थान में प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस रही।

उन्होंने कांग्रेस को देश की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि उसके शासनकाल में गरीबों के हक पर डाका डालने के साथ ही आतंकियों को बिरयानी खिलाई जाती थी और दंगे कराना व कर्फ्यू लगाना कांग्रेस के डीएनए में शामिल है। उन्होंने कहा कि अयोध्या में केवल श्रीरामलला का भव्य मंदिर ही नहीं बल्कि देश में चार करोड़ गरीबों के मकान भी मोदी के शासनकाल में बने हैं। योगी आदित्यनाथ ने भरतपुर में रामस्वरूप कोली, दौसा में कन्हैया लाल मीणा और सीकर में सुमेधानंद सरस्वती के पक्ष में प्रचार अभियान की कमान संभाली।

भरतपुर में योगी ने कहा कि एक तरफ 'द गार्डियन' की रिपोर्ट कहती है कि पाकिस्तान के अंदर चुन-चुन कर आतंकवादी मारे जा रहे हैं। दुनिया आतंकवाद को बोझ मान रही है। समाज के बोझ यह आतंकवादी मारे ही जाने चाहिए। यह सबकी सुरक्षा के लिए खतरा हैं, लेकिन कांग्रेस अपनी सरकार के समय गरीबों को भूखों मारती थी और आतंकवादियों को बिरयानी खिलाती थी।

वहीं, दौसा में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की सबसे बड़ी समस्या है और कर्फ्यू लगाना इसके डीएनए का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर बनवाना तो दूर, कांग्रेस के लोग श्रीराम और श्रीकृष्ण को काल्पनिक बताया करते थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में केवल गरीबों के हक पर डाका डालने का कार्य हुआ है।

### अयोध्या आकर दर्शन करने को किया आमंत्रित

सीकर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए योगी आदित्यनाथ ने राजस्थान वासियों का आह्वान किया कि चुनाव संपन्न होने के बाद फिर से नई अयोध्या के दर्शन करने आएं। जहां उन्हें त्रेतायुग जैसी अयोध्या का अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि महज दो महीने के भीतर अब तक डेढ़ करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने रामलला का दर्शन कर लिया है। यह दर्शाता है कि देश की आस्था को पहले दबाया गया था।

# मुख्तार अंसारी के फाटक पहुंचे अखिलेश

## कहा, सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से कराई जाए मुख्तार की मौत मामले की जांच

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को गाजीपुर स्थित मुख्तार अंसारी के आवास फाटक पहुंचकर शोक संवेदना प्रकट की। यहां अखिलेश यादव ने मुख्तार अंसारी के भाई गाजीपुर के सांसद अफजाल अंसारी, बेटे उमर अंसारी, उनके भतीजे शोएब अंसारी और अन्य परिजनों से मुलाकात की। मुख्तार की बहू और अब्बास की पत्नी निकहत अंसारी से भी बात की है। इस दौरान सपा प्रमुख ने पूरे मामले की सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज की निगरानी में न्यायिक जांच कराने की मांग की। हालांकि फाटक तक जाकर भी मुख्तार की कब्र तक उनका न जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय भी बना।

अखिलेश के साथ समाजवादी पार्टी के कई नेता, कार्यकर्ता और गाजीपुर जिले के तमाम लोग भी मौजूद रहे। मीडिया से बात करते हुए सपा प्रमुख ने कहा कि जब से भाजपा की सरकार आई है, संवैधानिक संस्थानों पर भरोसा कम हुआ है। मुख्तार अंसारी ने खुद कहा था कि उन्हें जहर दिया जा रहा है। हमें उम्मीद है की सरकार सच्चाई सामने लाएगी और मुख्तार अंसारी के परिवार वालों को न्याय मिलेगा।

अखिलेश यादव ने कहा कि क्या कोई स्वीकार करेगा कि मुख्तार अंसारी की यह प्राकृतिक मौत थी। क्या आम जनमानस में यह भावना नहीं है कि सरकार कुछ छिपा रही है? मुख्तार अंसारी के साथ जेल में जो घटना हुई, सरकार के पास उसका कोई जवाब नहीं है।



गाजीपुर स्थित मुख्तार अंसारी के आवास पहुंचकर परिजन से मुलाकात करते सपा प्रमुख अखिलेश यादव। अमृत विचार

### सपा प्रमुख ने राजनीति भी साधी

अमृत विचार : इस चुनाव में पीडीए यानी पिछड़ा-दलित और अल्पसंख्यक के मूलमंत्र के साथ आगे बढ़ रहे अखिलेश यादव के सामने मुख्तार के फाटक पर जाने या न जाने का सवाल भी बड़ी चुनौती थी। अखिलेश ने अपने करीबी और पूर्व सांसद धर्मेंद्र यादव को भी मुख्तार अंसारी के घर भेजा था। दरअसल, मुख्तार को लेकर मुस्लिम समाज सहानुभूति भी है इसलिए चुनाव के दौरान एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी वहां पहुंचकर अपना संदेश देने में कामयाब रहे। समझा जा रहा है कि ओवैसी के इस कदम से अखिलेश सियासी तौर पर फंस गए और अचानक सपा प्रमुख ने भी मुख्तार अंसारी के परिवार से मुलाकात करने का फैसला किया और रविवार को फाटक पहुंचकर बड़ा राजनीतिक संदेश भी दे डाला।

### गाजीपुर यात्रा पर केशव व अखिलेश में जुबानी जंग

अमृत विचार : आजमगढ़ में पत्रकारों से बात करते हुए उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य ने अखिलेश यादव के मुख्तार के घर जाने पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह सपा की बीमारी है भाजपा पूरी तरह से स्वस्थ है। बोले, जहां सपा जाएगी वहां भाजपा जीतेगी। वहीं, अखिलेश ने गाजीपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान सवाल किया, केशव मौर्य से बड़ा गुंडा कौन है?

### विधायक निधि से भी वंचित हुए इरफान सोलंकी

अमृत विचार, लखनऊ: जेल में बंद कानपुर से सीसामऊ विधायक अपनी विधायक निधि से भी वंचित हो गए हैं। नए कार्यकाल का एक भी पैसा नहीं जारी हो सका है। विधायक की पत्नी ने आग्रह करके फाइल आयुक्त ग्राम्य विकास तक पहुंचाई थी, लेकिन वहां भी विचार नहीं किया गया। बताया जा रहा है कि अब तक करीब पांच करोड़ रुपये की राशि मिलनी थी। विधायक की पत्नी का आरोप है कि क्षेत्र से विकास कार्यों के लिए तमाम अनुरोध आ रहे हैं, लेकिन शासन राशि नहीं जारी कर रहा है।

गौरतलब हो कि सीसामऊ विधायक इरफान सोलंकी विभिन्न आरोपों में विगत 16 महीने से जेल में बंद हैं। इस दौरान विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी एवं विधायक प्रतिनिधि ने विधायक निधि की धनराशि जारी कराने के लिए पैरोकारी शुरू की। जिलाधिकारी कानपुर के स्तर पर काम न बनने पर विधानसभा के प्रमुख सचिव प्रदीप दुबे से भी अनुरोध किया गया। हालांकि बाद में फाइल आयुक्त ग्राम्य विकास तक पहुंची। ग्राम्य विकास दफ्तर में फाइल अभी भी विचाराधीन है। सूत्रों के मुताबिक, आयुक्त कार्यालय में फाइल रोक दी गई है, ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

# राहुल गांधी अमेठी से कर सकते हैं नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी दूसरे चरण के मतदान के बाद अमेठी से नामांकन कर सकते हैं। बताया जा रहा है इसी रणनीति के तहत कांग्रेस ने अभी तक अमेठी से टिकट घोषित नहीं किया है।

इंडिया गठबंधन के तहत कांग्रेस को मिली 17 सीटों में से अब तक 14 प्रत्याशियों की घोषणा की जा चुकी है, जबकि अमेठी रायबरेली व प्रयागराज सीटों पर अभी तक प्रत्याशी घोषित नहीं किए गए हैं। 2019 में हुए लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी अमेठी के साथ ही केरल की वायनाड सीट से भी चुनावी मैदान में उतरे थे। पर वह केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी से चुनाव हार गए थे। अमेठी सीट पर 27 अप्रैल से नामांकन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसी के साथ ही रायबरेली से प्रियंका गांधी व प्रयागराज सीट से पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह का प्रत्याशी बनाया जाना तय माना जा रहा है।

### दूसरे चरण में ये होंगे कांग्रेस के स्टार प्रचारक

दूसरे चरण की 8 सीटों पर चुनाव प्रचार के लिए 40 स्टार प्रचारक उतरेंगे। तीन प्रचारकों में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी व राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, आराधना मिश्रा मोना, सलमान खुर्शीद, सुखविंदर सिंह सुख्खू, अशोक गहलोत, प्रमोद तिवारी, सचिन पायलट, निर्मल खत्री, राज बब्बर, पीएल पुनिया आदि नेता शामिल हैं।

### पीडीएम न्याय मोर्चा का हिस्सा बने छह छोटे दल

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में सपा से बागी हुईं अपना दल कमेरावादी की नेता पल्लवी पटेल ने एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के साथ मिलकर बने पीडीएम न्याय मोर्चा का रविवार को विस्तार किया। इसमें छह छोटे दल और शामिल हुए हैं।

मोर्चा की संयोजक विधायक पल्लवी पटेल के साथ छह छोटे दलों के नेताओं ने रविवार को बैठक कर मोर्चा में शामिल होने की घोषणा की। लालबाग स्थित अपना दल (कमेरावादी) कार्यालय में हुई बैठक में शामिल होनेवाल नए दलों के नेताओं ने एकजुट होकर चुनाव मैदान में उतरने का एलान भी किया। आदिम समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हंसराज कोल, एक्शन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र मिश्रा, भारतीय समता समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र प्रजापति, अनजान आदमी पार्टी की रंजना श्रीवास्तव, राष्ट्रीय विकल्प पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेके मोहन विश्वकर्मा और भारतीय सुहेलदेव जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीम राजभर ने पीडीएम (पिछड़ा, दलित, मुस्लिम) मोर्चा के साथ चलने का फैसला लिया।

# आठ कैदियों की समय पूर्व रिहाई नामंजूर

विनय सिंह, लखनऊ

- आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदियों ने सजा मुक्ति के लिए किया था अनुरोध
- दोहरे व तिहरे हत्याकांड में काट रहे सजा, कई के 20 वर्ष पूरे

अमृत विचार : शासन ने हत्या करने के आरोप में सजायाफ्ता आठ कैदियों को समय पूर्व रिहाई के लिए मना कर दिया है। आजीवन कारावास की सजा पाए यह कैदी 15 वर्ष से ऊपर की सजा काट चुके हैं और कई कैदियों के तो 20 वर्ष हो चुके हैं। कैदियों की रिहाई के लिए जिले से आई रिपोर्ट में कमेटी ने रिहाई की संस्तुति नहीं की। ज्यादातर कमेटी ने यह माना कि इन कैदियों की रिहाई करने में समाज में गलत संदेश जाएगा। ऐसी स्थिति में इन्हें आजीवन कारावास की सजा पूरी करने दी जाए।

सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश पर यूपी प्रिजनर रिलीज एक्ट ऑन प्रोवेशन एक्ट 1938 की धारा-2 के अंतर्गत आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों की समय पूर्व रिहाई का प्रावधान है। जेल में कैदी के बदले हुए आचरण, आचार, विचार, व्यवहार को देखते हुए जिला स्तरीय कमेटी द्वारा इसका निर्णय लिया जाता है। इस कमेटी में जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और जिला प्रोवेशन अधिकारी होते हैं। उक्त आठों कैदियों ने समय पूर्व रिहाई के लिए फरियाद किया था। लेकिन कमेटी ने कैदियों को छोड़े जाने की संस्तुति नहीं की। जिले से रिपोर्ट आने के बाद शासन ने भी रिहाई की संस्तुति देने से मना कर दिया।

### विपरीत संदेश न जाए इसलिए संस्तुति नहीं

जिलों से आई रिपोर्ट में अधिकारियों ने कहा कि आजीवन कारावास की सजा पाए कैदियों का अपराध जघन्य की श्रेणी में रहा है। इस तरह के अपराधियों की समयपूर्व रिहाई से समाज में न्यायिक प्रणाली के बारे में विपरीत संदेश जाएगा।

### ये कैदी काट रहे हैं सजा

सोमपाल सिंह बरेली कारागार में, बवुल्ले वाराणसी कारागार में, वृजेंद्र वर्मा सीतापुर कारागार में, राम सिंह बरेली कारागार में, दिवारी लाल लखनऊ कारागार में, राम सिंह फतेहगढ़ कारागार में, सतीश कुमार गौतमबुद्ध कारागार में और सुखदेव फतेहगढ़ कारागार में सजा काट रहे हैं।

# क्षतिपूर्ति तो दूर पशुओं के बीमा की गारंटी तक नहीं मिल पा रही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 1222 में 480 को मिला क्लेम बाकी मानकों में फंसे
- 1,73,300 पशुओं के बीमा का लक्ष्य, पूर्ति करना मुश्किल

अमृत विचार : प्रदेश में पशुधन बीमा योजना के प्रीमियम से कमाई हो रही है। जबकि क्षतिपूर्ति का भुगतान बेहद कम है। योजना में क्षतिपूर्ति तो दूर बीमा की गारंटी नहीं है।

प्रदेश को वर्ष 2023-24 में 1,73,300 पशुओं के बीमा का लक्ष्य मिला था। इसमें चिकित्सकों के माध्यम से पिछले माह 82,922 पशुओं के बीमा की प्रक्रिया कराकर पंच कंपनी को पॉलिसी के लिए दिए गए। जबकि कंपनी ने 69,253 पशुओं की पॉलिसी की। इन्हीं कारणों से समय रहते लक्ष्य भी मार्च अंत तक पूरा नहीं हो पाया है। जो अप्रैल तक करना है। बीमा की प्रक्रिया सितंबर में शुरू हुई थी। इसमें एक से तीन वर्ष तक की अवधि का बीमा पशुपालकों ने कराया है। इस बीच 1222 दावे यानी इतने पशु मरने पर क्लेम किया गया। लेकिन क्षतिपूर्ति 480 की दी गई। जो 1.47 फीसद है। शेष दावे कंपनी के बनाए मानकों में फंसे हैं। जिलों में लक्ष्य का निर्धारण भी ठीक से नहीं किया गया, बड़े जिलों में कम और छोटे में अधिक मिला है।



### यहां एक भी भुगतान नहीं

शामली, संतकबीर नगर, सहारनपुर, महोबा, हमीरपुर

### इन जिलों में ज्यादा लंबित हैं दावे

21 मार्च तक गोरखपुर में कुल 20 दावे में 21 का भुगतान हुआ है। इसी तरह बरेली 16 में पांच, मऊ 13 में दो, मथुरा 13 में सात, बलिया 33 में 14, हरदोई 55 में 36, मुज्जफरनगर 36 में 9, कानपुर नगर 17 में तीन, बुलंदशहर 40 में चार, श्रावस्ती 12 में एक, ललितपुर 25 में चार, प्रयागराज 19 में आठ, बाराबंकी 52 में 21, बिजनौर 52 में 18, फर्रुखाबाद 29 में 18, अयोध्या 15 में चार, सुल्तानपुर 59 में 17, मिर्जापुर 43 में 18 की क्षतिपूर्ति दी गई है।

# पशुओं की मौत के बाद पहुंचती है 1962 सेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उन्नाव की घटना पर प्रमुख सचिव ने दिए जांच के निर्देश

अमृत विचार : पिछले वर्ष प्रदेश में पशु उपचार के लिए शुरू हुई '1962 सेवा' मकसद पर फेल है। संचालन करने वाली कंपनियों की मनमानी और पशु पालन विभाग की लापरवाही के आगे पशु दम तोड़ रहे हैं। कहने को आकस्मिक सेवा है, जबकि टोलफ्री नंबर मिलता नहीं है, यदि 15 से 20 मिनट बाद लगता है तो मौके पर मोबाइल वेटरनिटी यूनिट (एंबुलेंस) बुलाना संघर्ष से कम नहीं है। तमाम बहानेबाजी बताई जाती है और फोन पर ही परामर्श देकर पल्ला झाड़ते हैं। चाहे पशु की हालत कितनी गंभीर क्यों न हो। यदि एंबुलेंस आती है तो दो से तीन घंटे बाद तब तक पशु की मौत हो जाती है।

रविवार को उन्नाव में ऐसी घटना का प्रमुख सचिव रवींद्र ने संज्ञान लेकर जांच के निर्देश दिए हैं। साथ ही कंपनियों के कार्यों की विधिवत रिपोर्ट मांगी है।

### टोल फ्री नंबर एक जबकि कंट्रोल रूम पांच

पिछले वर्ष मार्च में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 1962 सेवा को हरी झंडी दिखाई थी। प्रदेश को पांच जोन में बांटकर 520 मोबाइल वेटरनिटी यूनिट का संचालन किया जा रहा है। एक कंपनी को एक जोन मिला है। टोलफ्री नंबर 1962 एक है, जबकि कंट्रोल रूम पांच हैं। इसलिए इधर-उधर फोन लगता है। चिकित्सक भी अनुभवी नहीं हैं, जो गंभीर स्थिति में हाथ खड़े कर देते हैं। जबकि 17 लाख की इस एंबुलेंस में ऑपरेशन तक की व्यवस्था है। भुगतान के लिए कंपनी मामूली कॉलों से नंबर ऑफ केस अधिक बनाते हैं और जिम्मेदार विभाग आंख बंद कर भुगतान किए जा रहा है।

# इलेक्टोरल बांड पर आकाश आनंद ने उठाए सवाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में बसपा के प्रचार की कमान संभाल रहे नेशनल कॉडिनेटर आकाश आनंद ने सोशल मीडिया एक्स पर सवाल किया है कि इलेक्टोरल बांड घोटाला करने वाली पार्टियां चंदा देने वाले धन्ना सेठों के लिए काम करेंगे या जनता के लिए।

रविवार को सोशल मीडिया पर उन्होंने बुलंदशहर के कार्यकर्ताओं व जनमानस के समर्थन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार से सभी को सवाल करने चाहिए कि बीते 10 साल में उन्होंने क्या किया है। देश में आर्थिक विषमताएं क्यों बढ़ती जा रही हैं, गरीब और गरीब हो रहा है और कुछ धन्नासेठ अमीर कैसे होते जा रहे हैं। बेरोजगार युवाओं के सवाल पूछने पर लाठियां मिल रही हैं। मायावती की तरह ही, आकाश आनन्द भी सोशल मीडिया पर अपनी सभाओं के संबन्धित जानकारी के साथ ही मतदाताओं से मायावती के गवर्नेंस मॉडल के पक्ष में मतदान करने की अपील भी कर रहे हैं।

# रिमांड मिलने के बाद मुख्य आरोपी से पूछताछ शुरू

## आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामला

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आरोपी ने चचेरे भाई के खाते में भी लाखों रुपये ट्रांसफर किए थे

अमृत विचार : मेरठ एसटीएफ की मांग पर कोर्ट ने राजीव नयन मिश्रा की पांच दिनों की रिमांड मंजूर कर दी है। एसटीएफ को जानकारी मिली है कि आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक करके राजीव ने डॉ शरद सिंह को पेपर 25 लाख रुपये में बेचा था। डॉ शरद ने एडवांस के तौर पर प्रति अभ्यर्थी दो लाख रुपये लिए थे। रविवार से राजीव को हिरासत में लेकर भोपाल एसटीएफ की टीम भोपाल रवाना हो गई।

शुक्रवार को पकड़े गए कोचिंग संचालक अमित सिंह ने भी पेपर लीक मामले से जुड़े कई राज खोले हैं। एसटीएफ मुख्यालय लखनऊ की टीम ने अमित कुमार को गिरफ्तार किया। उसने राजीव नयन और डॉ. शरद समेत कई अन्य के बारे में अहम जानकारी भी दी। परीक्षा के लिए अमित से अभ्यर्थी तलाशने के लिए कहा गया था। इसी के बाद पेपर लीक हुआ और फिर उसके उत्तर अभ्यर्थियों को पढ़ाए गए। वहीं सिपाही भर्ती परीक्षा के लिए अमित ने 40 अभ्यर्थियों का इंतजाम किया था। इस गतिविधि में किसी पुष्कर पांडेय का भी नाम लिया गया है। पेपर लीक होने वाले दिन राजीव के पैसा मांगने पर अमित ने अपने चचेरे भाई विजय प्रताप से बात करके खाते में पांच लाख रुपये ट्रांसफर किए थे। जानकारी यह भी मिली है कि राजीव द्वारा पेपर पढ़वाने के दौरान उस स्थान पर कामेश्वर मौर्या भी थे।

फंसा पेंच — 12 लोकसभा सीटों को लेकर भाजपा में दूर नहीं हो पा रहा असमंजस

# पत्नी के पक्ष में जोर आजमाइश तो कहीं समीकरण बैठाने में देर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुख्तार अंसारी की मौत से बदले हालात में गाजीपुर का किला फतह करना चुनौती
- कैसरगंज में पत्नी या बेटे को टिकट देने का विरोध करते हुए बृजभूषण खुद चुनाव लड़ने पर अड़े
- इलाहाबाद सीट पर मंत्री नन्द गोपाल नन्दी पत्नी अभिलाषा को टिकट दिलाने के लिए लगा रहे जोर

अमृत विचार : प्रदेश में चुनाव प्रचार और तैयारी में विरोधियों से काफी आगे निकल रही भाजपा में अभी भी 12 लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी को लेकर असमंजस बरकरार है। कैसरगंज में पत्नी और बेटे को टिकट देने का विरोध करते हुए बृजभूषण खुद लड़ने पर अड़े हुए हैं तो इलाहाबाद सीट पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' अपनी पत्नी व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को टिकट दिए जाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं। उधर, माफिया डॉन मुख्तार अंसारी की मौत से बदले हालात में गाजीपुर का किला फतह करने वाला चेहरा तय करना भी चुनौती बन गया है।

भाजपा ने अभी तक प्रदेश की 63 लोकसभा सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित कर दिया है। इसमें पांच सीटें अपने सहयोगी दलों के लिए छोड़ी गई हैं। जबकि बची हुई 12 सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा करने को लेकर असमंजस का दौर दूर नहीं हो पा रहा है। इन सीटों में कांग्रेस का गढ़ कही जाने वाली रायबरेली सीट भी है, जहां भाजपा के लिए वर्ष 1999 से कोई जीत का स्वाद नहीं चख सका है। भाजपा यहां इंतजार करती दिख रही है कि कांग्रेस के पत्ते कब खुलेंगे। प्रियंका गांधी खुद अपनी मां सोनिया गांधी की विरासत संभालेगी या उनके पति रॉबर्ट वाड्रा। दोनों का नाम चर्चा में है। फिलहाल रायबरेली सीट पर सोनिया गांधी का उत्तराधिकारी कौन होगा? इसे लेकर कांग्रेस सस्पेंस बनाए हुए है।

भाजपा की रायबरेली जैसी ही हालत मैनपुरी सीट को लेकर है। यहां भाजपा कभी जीत नहीं सकी है। मिशन-80 की तैयारियों में जुटी भाजपा इस बार सपा को उसके गढ़ में घेरना चाहती है। मैनपुरी से सपा प्रमुख अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव प्रत्याशी हैं। इनके सामने कौन मोर्चा संभालेगा, भाजपा में इस पर मंथन जारी है। हालांकि मैनपुरी में शाक्य मतदाताओं की बड़ी तादाद को देखते हुए इसी बिरादरी के पार्टी के एक बड़े नेता को चुनाव लड़ाए जाने की चर्चाएं तेज हैं। भाजपा सरकार के एक मंत्री पहले ही लड़ने से इंकार कर चुके हैं। चुनावी जंग के लिए पार्टी किसे सूरमा बनाती है, इसका विपक्ष को भी इंतजार है। पड़ोस की फिरोजाबाद सीट के लिए भी दमदार प्रत्याशी की तलाश हो रही है।

कैसरगंज सीट को लेकर भी ऊहापोह की स्थिति है। यहां के वर्तमान सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के अध्यक्ष रहे बृजभूषण शरण सिंह का महिला पहलवानों से विवाद के बाद उनके बेटे या पत्नी को टिकट देने की चर्चाएं थीं, लेकिन बृजभूषण खुद चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। ऐसे में देखना होगा कि ऊंट किस करवट बैठेगा। कौशांबी, इलाहाबाद और फूलपुर सीटों के प्रत्याशियों को लेकर भी पेंच फंसा हुआ है। इलाहाबाद सीट पर औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' अपनी पत्नी व प्रयागराज की पूर्व महापौर अभिलाषा गुप्ता को टिकट दिए जाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाए हैं, लेकिन पार्टी के ही नेता इसका विरोध कर रहे हैं।

गाजीपुर सीट भाजपा पिछले लोकसभा चुनाव में हार गई थी। मुख्तार अंसारी की मौत के बाद गाजीपुर में परिस्थितियां तेजी से बदली हैं और यहां का राजनीतिक तापमान अचानक बढ़ गया है। ध्रुवीकरण की संभावना के दृष्टिगत भाजपा यहां अपनी रणनीति पर पुनर्विचार कर रही है। यहां बलिया में क्षेत्र के पूर्व सांसद नीरज शेखर समेत कुछ और नामों पर पार्टी विचार कर रही है।

## सार-संक्षेप

### नक्सली आरोपों को लेकर मारा छापा

अमृत विचार, लखनऊ : बलिया के खेजुरी थाना क्षेत्र में शनिवार हथौज गांव पहुंची एनआईए टीम द्वारा छापा मारने के दूसरे दिन विनोद राम के घर पर मीडियाकर्मियों का जमावड़ा लग गया। इस दौरान विनोद राम ने बताया कि टीम सुबह पांच बजे आई थी। उन्होंने घर वालों और बच्चों से भी पूछताछ की थी। उन्होंने सर्च वारंट दिखाकर छानबीन की थी। कुछ कागजों पर हस्ताक्षर कराते हुए पूछा कि कभी मुंबई गए हो। इस मैंने जवाब दिया कि कभी नहीं गया हूं। उन्होंने अटैचियां, अलमारियां खोलकर देखीं और एक कागज थमाते हुए कहा कि 19 अप्रैल को लखनऊ के इस पते पर आना है। वहीं पर बताएंगे कि क्या-क्या आरोप हैं और किसने तुम्हारे खिलाफ शिकायत की है। गौरतलब हो कि एनआईए ने बलिया में पहुंचकर कई लोगों के घरों पर छापा मारा था। एनआईए को बलिया में नक्सली संगठन के कुछ सदस्यों के सक्रिय होने की सूचना मिली थी।

### मेडिकल कॉलेजों को 61 करोड़ जारी

अमृत विचार, लखनऊ : हर जिले में एक मेडिकल कॉलेज की योजनाअंतर्गत पहले चरण के पांच व दूसरे चरण के आठ मेडिकल कॉलेजों को गैर वेतन मद में 61 करोड़ रुपये जारी किये गये हैं। इस बजट में जौनपुर मेडिकल कॉलेज के लिए भी तीन करोड़ शामिल है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के उप सचिव आनन्द कुमार त्रिपाठी ने फिरोजाबादा, बस्ती, अयोध्या, बहराइच, शाहजहांपुर, एटा, हरदोई, प्रतापगढ़, फतेहपुर, सिद्धार्थनगर, देवरिया, गाजीपुर,मीरजापुर और जौनपुर के प्रधानाचार्यों को बजट भेजा गया है। नये वित्तीय वर्ष में हर मेडिकल कॉलेज के प्रस्तावित बजट में सभी को तीन से पांच करोड़ तक दिये गये। वहीं, राजकीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नोएडा को वेतनमद में 53 लाख दिये गये हैं।






**28वां रोजा**

शिया
सहरी : 4:16 बजे
इफ्तार : 6:39 बजे

सुन्नी
सहरी : 4:23 बजे
इफ्तार : 6:29 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## शहर में आज



- ऑडिटोरियम, पायनियर मोंटेसरी स्कूल, विकास नगर में यूपी मोटर ट्रेनिंग स्कूल ओनर्स एसोसिएशन की देख-रेख में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम – 11:00 बजे।
- जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र निकट रूमी गेट घंटाघर के सामने चौक में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन – 12:00 बजे।
- खाटू श्याम मंदिर में कथा व्यास हेमलता शास्त्री द्वारा श्रीमद्भागवत कथा का पाठ – 4.00 बजे।
- नववर्ष चेतना समिति की ओर से भारतीय नववर्ष की पूर्व संध्या पर खाटू श्याम मंदिर प्रांगण में गोमती तट पर दीपदान और दीप प्रज्ज्वलन – 5.30 बजे।

## एक नजर

### साल का पहला सूर्य ग्रहण आज, देश में सूतक मान्य नहीं

**अमृत विचार, लखनऊ :** साल का पहला सूर्य ग्रहण सोमवार को पड़ेगा। यह पूर्ण सूर्य ग्रहण होगा, लेकिन देश में न दिखने के कारण इसका सूतक काल मान्य नहीं होगा। यह जानकारी स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र के ज्योतिषाचार्य एसएस नागपाल ने दी। ज्योतिषाचार्य ने बताया कि सूर्य ग्रहण सोमवार को रात 9:12 से रात 2:22 बजे तक रहेगा। सूर्य ग्रहण की कुल अवधि 5 घंटे 10 मिनट की होगी। सूर्य ग्रहण अमेरिका, ग्रीनलैण्ड, आइसलैण्ड, उत्तरी अमेरिका के दक्षिण प्रशांत महासागर और उत्तर अटलांटिक महासागर आदि क्षेत्रों में दिखाई देगा। यह ग्रहण मीन राशि और रेवती नक्षत्र में लगेगा। ग्रहण का प्रभाव देश-दुनिया के साथ सभी 12 राशियों के जातकों पर पड़ता है। अगले 1-2 माह तक इसका प्रभाव दिखायी देगा। वृषभ, मिथुन, तुला, मकर राशि वालों के लिए यह सूर्य ग्रहण शुभ है। शेष राशि के लिए शुभ नहीं है। शुभ फलों के लिए सूर्य को प्रतिदिन जल चढ़ाए। सूर्य मन्त्र, गायत्री मन्त्र का जाप और सूर्य की वस्तुओं गुड़, गेहूं, तांबा, लाल वस्त्र का दान करना चाहिए।

### अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

**अमृत विचार, लखनऊ :** जवाहरलाल नेहरू राष्ट्रीय युवा केन्द्र निकट रूमी गेट घंटाघर के सामने चौक में श्रद्धांजलि सभा एवं अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन ओम ब्राह्मण महासभा एवं महाकवि बाण फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा किया गया है। संयोजक मनु व्रत बाजपेई के अनुसार कवि अतुल ज्वाला इंदौर एमपी, कवियत्री प्रेरणा ठाकरे एमपी का नागरिक सम्मान किया जाएगा।


# बाजारों में गुम हो गए फुटपाथ

## दुकानदारों ने सामान रखकर कर लिया कब्जा, पैदल चलने वालों की मुश्किलें बढ़ीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** पैदल चलने वालों के लिए बनाए गए अधिकांश फुटपाथ अब बाजारों में कहीं गुम हो गए हैं। स्थायी दुकानदारों ने फुटपाथ पर सामान रखकर कब्जा कर लिया है, वहीं पटरी दुकानदारों ने दुकानें लगाकर इसे बंद कर दिया है। इससे पैदल चलने वालों के लिए मुश्किलें खड़ी हो रही हैं। बाजारों में बने शोरूम और कॉम्प्लेक्स आदि में पार्किंग की व्यवस्था न होने से आधी सड़क वाहनों से भरी रहती है। कुछ जगह सड़क पर ठेले और पटरी दुकानदार घेर लेते हैं।

रायबरेली रोड के तेलीबाग बाजार में दोपहर से ही सड़क के दोनों ओर वाहन और दुकानें लग जाने से जाम की गंभीर समस्या है। रोज शाम के समय तेलीबाग बाजार से शनि मंदिर चौराहे तक लंबा जाम लगता है। तेलीबाग पुलिस चौकी के ठीक सामने और आस-पास अतिक्रमण रहता है। पुलिस और नगर निगम एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। परेशानी आम जनता को उठानी पड़ रही है।



पुलिस चौकी के पास सड़क पर खड़े वाहन। अमृत विचार

- तेलीबाग बाजार में पार्किंग न होने से वाहनों से भरी रहती है आधी सड़क
- पुलिस चौकी के पास भी अतिक्रमण

**फुटपाथ पर चल रहा वेंडिंग जोन :** तेलीबाग बाजार में रामभरोसे स्कूल की बाउंड्री से जावित्री अस्पताल तक फुटपाथ पर अवैध तरीके से वेंडिंग जोन चल रहा है। नगर निगम ने इस वेंडिंग जोन को दो वर्ष पहले निरस्त कर दिया है। पटरी दुकानदारों को शनि मंदिर के पास नहर की पटरी के किनारे और पीजीआई के पास वृंदावन योजना के सेक्टर 16 में जगह आवंटित कर दी है। इसके बावजूद नो वेंडिंग जोन में दुकानें लग रही हैं। नगर निगम जोन आठ का प्रवर्तन दल रायबरेली रोड पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध अभियान तक नहीं चलाता है।

> अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। फुटपाथ और सड़क पर सामान रखकर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। नो वेंडिंग जोन से दुकानदारों को वेंडिंग जोन में शिफ्ट किया जाएगा।
>
> –इन्द्रजीत सिंह, नगर आयुक्त, लखनऊ नगर निगम

### बाजार में पार्किंग नहीं, सड़क पर खड़े हो रहे वाहन

तेलीबाग बाजार में अवैध तरीके से मकानों में दुकानें और कॉम्प्लेक्स बन गए हैं। इनमें पार्किंग तक की व्यवस्था नहीं है। दुकानदारों से लेकर ग्राहक तक अपने वाहन सड़क पर खड़े करते हैं। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग रायबरेली रोड पर तेलीबाग में अक्सर जाम लगता है। वहीं, एलडीए के जिम्मेदार अभियंताओं की आंखों के सामने बिना स्वीकृत मानचित्र के पुराने मकानों को तोड़कर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और शोरूम बना दिए गए हैं।

**वाहनों का चालान अभियान दो दिनों में खत्म :** सड़क पर बेतरतीब ढंग से खड़े हो रहे वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस का चालान अभियान दो दिनों में ही खत्म हो गया। इस बीच सड़क पर सफेद पट्टी से बाहर खड़े होने वाले वाहनों का पुलिस ने चालान काटा। इसके बावजूद हालात पहले की तरह हो गए हैं। तेलीबाग बाजार में रविवार को पुलिस चौकी के सामने ही आधी सड़क तक वाहन खड़े रहे। इस दौरान कोई पुलिसकर्मी तक मौजूद नहीं रहा।



तेलीबाग बाजार में दुकानदार द्वारा कूलर रखकर बंद किया गया फुटपाथ और सड़क पर लगी फल की दुकान। अमृत विचार

## रिपोर्ट के फेर में एक वर्ष से पुराने जन्म व मृत्यु प्रमाणपत्र फंसे

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम में एक वर्ष से पुराने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र रिपोर्ट न लगने से फंसे हैं। इसके लिए लोग नगर निगम के चक्कर काट रहे हैं। दरअसल, एक वर्ष से अधिक पुराने जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र पहले नगर निगम से बन जाते थे। इसके लिए सिटी मजिस्ट्रेट से अनुमति लेनी पड़ती थी। एक वर्ष पहले इस प्रक्रिया में बदलाव कर दिया गया। संबंधित तहसील के एसडीएम की रिपोर्ट मांगी जाने लगी। ऐसे मामलों में एसडीएम कार्यालय से नगर निगम को जांच के लिए भेजा जाता है। नगर निगम से जांच करके रिपोर्ट एसडीएम कार्यालय भेजी जाती है। नगर निगम द्वारा जांच रिपोर्ट देने में देरी से अब और ज्यादा समय लग रहा है। सभी आठ जोन में लगभग एक हजार से अधिक जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र लंबित हैं। गौरतलब है कि इससे लोगों को काफी दिक्कतें हो रही हैं, क्योंकि लोगों को कई कार्यों के तहत कई जगहों पर जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र की आवश्यकता रहती है।

# हैंडओवर के बिना ही नगर निगम ने घरों से शुरू किया कूड़ा कलेक्शन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- वृंदावन योजना के सेक्टर 12 में शुरू की सफाई

**अमृत विचार :** नगर निगम ने आवास विकास की वृंदावन योजना के सेक्टर 12 में घरों से कूड़ा कलेक्शन शुरू कर दिया है। योजना का सेक्टर 10 तक नगर निगम को हैंडओवर है। सेक्टर 11 से 14 तक योजना हैंडओवर करने की तैयारी चल रही है।

इससे पहले ही नगर निगम के कर्मचारी घरों से कूड़ा लेने पहुंच रहे हैं। इससे भवन स्वामियों में दुविधा की स्थिति है। अभी आवास विकास द्वारा ही घरों से कूड़ा कलेक्शन और सीवर सम्बंधी कार्य किया जा रहा है। आवास विकास योजना में ग्रामीण आबादी को छोड़कर केवल शहरी आबादी में ही झाड़ू लगवा रहा था। नगर निगम के कर्मचारियों ने 1 अप्रैल से ग्रामीण आबादी में भी नालियों की सफाई और सड़क पर झाड़ू लगाना शुरू कर दिया है। इससे नगर निगम और आवास विकास के बीच विवाद की स्थिति बन सकती है। आवास विकास के अभियंता ने बताया कि अभी योजना हैंडओवर नहीं हुई है। नगर निगम ने बिना हैंडओवर लिए ही गृहकर वसूलना शुरू कर दिया, जो गलत है। आवास विकास इस सम्बन्ध में नगर निगम को पत्र लिखकर बता चुका है कि अभी गृहकर नहीं वसूल सकते हैं।

## लोन ऐप कर्मियों पर एफआईआर दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट थाने में एक ठेकेदार ने लोन ऐप कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कमता निवासी ठेकेदार ने लोन ऐपकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बताया कि जरूरत पड़ने पर ऑनलाइन 17 हजार रुपये ऋण लिया था। इसके एवज में 38 हजार रुपये का भुगतान किया फिर भी लोन कर्मी रुपयों मांग रहे थे। इंकार करने पर मोबाइल हैक पर उसकी आपत्तिजनक फोटो तैयार कर परिचितों व रिश्तेदार के वाट्सएप पर भेज दी। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि साइबर क्राइम सेल की मदद से पुलिस तफ्तीश कर रही है।



गर्मी बढ़ने के साथ ही ठंडे पानी के लिए फ्रिज के अलावा मिट्टी के घड़ों और सुराही की मांग बढ़ने लगी है। इसी क्रम में शहर के मवइया चौराहे पर मिट्टी के घड़ों की खरीदारी करतीं युवतियां। अमृत विचार

# रजिस्ट्री में आई गिरावट मलिहाबाद सबसे पीछे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 2023-24 में 8953 कम पंजीकृत हुए लेखपत्र
- कम रजिस्ट्री पर भी दो फीसद आय बढ़ी

**अमृत विचार :** जिले में वर्ष 2023-24 में लेखपत्रों के पंजीयन यानी रजिस्ट्री में गिरावट आई है। वर्ष 2022-23 की तुलना में 8953 रजिस्ट्री कम हुई हैं। जबकि निबंधन विभाग की आय दो फीसद बढ़ी है।

जिले में वर्ष 2023-24 में निजी व व्यावसायिक भवनों की खरीदारी कम हुई है। इसका असर रजिस्ट्री कार्यालयों पर पड़ा है। पूरे वर्ष 1,52,121 लेखपत्र पंजीकृत यानी रजिस्ट्री कराई गईं। इनमें बैनामा, दानपत्र, लीज, बंधक आदि शामिल हैं। जबकि 2022-23 में 1,61,074 रजिस्ट्री हुई थी। इस बार 8953 रजिस्ट्री (5.55 फीसद) कम हुई। सबसे अधिक सरोजनी नगर में 33,342 लेखपत्र पंजीकृत हुए हैं। जबकि मलिहाबाद सबसे पीछे हैं। सहायक महानिरीक्षक निबंधक सतीश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिले को कुल 3299 करोड़ रुपये का लक्ष्य मिला था। इसमें 3136 करोड़ (95 फीसद) हासिल किया है। कमी के बावजूद दो फीसद आय में इजाफा हुआ है। इसमें मोहनलालगंज की 108 फीसद आय रही है।

# 15 प्रतिशत छूट के साथ आज से जमा कर सकेंगे गृहकर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भवन स्वामी 15 प्रतिशत छूट के साथ सोमवार से वित्तीय वर्ष 2024-25 का गृहकर जमा कर सकेंगे। 31 मार्च को वित्तीय वर्ष 2023-24 समाप्त होने के बाद से नगर निगम के कैश काउंटरों के साथ ऑनलाइन गृहकर जमा नहीं हो पा रहा है। 1 अप्रैल से एनआईसी से सॉफ्टवेयर अपडेट करने का काम चल रहा था, जो लगभग पूरा हो चुका है।

नगर निगम के कम्प्यूटर पर इस बीच गृहकर से संबंधित कोई भी डाटा नहीं दिख रहा है। पिछले वित्तीय वर्ष में जमा हुआ करेत्तर का डाटा एनआईसी में अपडेट किया जा रहा है।




- एनआईसी से सॉफ्टवेयर अपडेशन का काम पूरा
- 31 मार्च के बाद से गृहकर नहीं हो पा रहा था जमा

महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में हुई नगर निगम कार्यकारिणी बैठक में पहली बार गृहकर पर अधिकतम छूट 10 से बढ़ाकर 15 प्रतिशत की गयी है। 1 अप्रैल से 30 जून तक चालू वित्तीय वर्ष का गृहकर जमा करने पर भवन स्वामी को यह छूट मिलेगी। यह छूट पाने के लिए पिछले वित्तीय वर्ष का गृहकर बकाया नहीं होना चाहिए। इस निर्णय से भवन स्वामी समय पर गृहकर जमा करने के लिए प्रोत्साहित होंगे। साथ ही अधिक से अधिक लोग गृहकर जमा करेंगे, जिससे नगर निगम की आय बढ़ेगी। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर निगम ने रिकार्ड 425 करोड़ रुपये गृहकर जमा कराया है। जोन चार पहले और जोन आठ दूसरे स्थान पर रहा।

# बदलेगा मौसम, गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- तेज धूप के चलते पारा पहुंचा 39 डिग्री के पार
- 20-30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

**अमृत विचार :** मौसम एक बार फिर बदल सकता है। मौसम अनुसंधान केन्द्र का अनुमान है कि गरज और चमक के साथ चार दिनों तक मौसम बिगड़ा रहेगा। फिर सामान्य हो जाएगा। रविवार को लखनऊ और उसके आसपास दिन का तापमान 39 डिग्री को पार कर गया।

रविवार को लखनऊ और उसके आसपास क्षेत्रों में तेज धूप का असर देखने को मिला। सुबह से निकली तेज धूप पर हवाओं का भी असर नहीं रहा। ऐसे में दिन का तापमान 39 डिग्री सेल्सियस के आसपास रिकार्ड किया गया। न्यूनतम तापमान में भी चार डिग्री से अधिक वृद्धि रही। ये पारा 23 डिग्री को पार कर गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आने वाले दिनों में मौसम फिर से करवट ले सकता है। रविवार दिन भर मौसम शुष्क रहा। लखनऊ और उसके आसपास क्षेत्रों में 20 से 30 किलोमीटर प्रति घण्टे की रफ्तार से तेज हवाएं चली, लेकिन तापमान पर खास असर नहीं डाला। बताते हैं कि सोमवार से बारिश की संभावनाएं बन रही है। कहीं-कहीं पर बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की उम्मीद है। कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। ये सिलसिला 12 अप्रैल तक चलने के आसार हैं। ऐसे में लोगों तेज धूप और गर्मी से राहत मिल सकती है।

**हवाएं रहीं बेअसर, बढ़ सकती है रफ्तार**

मौसम विभाग का मानना है कि रविवार को चली हवाओं ने तो असर नहीं डाला लेकिन आने वाले दिनों में इसकी रफ्तार तेज हो सकती है। लखनऊ के अलावा सीतापुर, हरदोई, उन्नाव और बाराबंकी का भी तापमान 36 डिग्री से अधिक रिकार्ड किया गया। बताते हैं कि आने वाले दिनों में बारिश की संभावनाओं के चलते इसमें गिरावट आ सकती है।

**तेज धूप से पड़ रहा सेहत पर असर**

तेज धूप इन दिनों आमजन को सताने लगी है। रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में लोगों को कूलर और पंखे के साथ एसी का भी सहारा लेकर पड़ रहा है। तेजी से बदलते मौसम का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है। बच्चे ही नहीं बुजुर्ग और महिलाएं भी सर्दी, जुकाम और बुखार की चपेट में आ रहे हैं। सेहत पर पड़ते असर को देखते हुए मौसम वैज्ञानिकों की ओर से खास सलाह दी गई हैं।

# 9 से 25 अप्रैल तक गोमती बैराज से बंद रहेगा आवागमन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग शहर में गोमती नदी पर बैराज के गेटों की मरम्मत आदि का कार्य करेगा। इसके चलते 9 से 25 अप्रैल तक समतामूलक और बैकुंठधाम तिराहा समेत कुछ प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू किया है। डीसीपी ट्रैफिक सलमान ताज पाटिल ने बताया, डायवर्जन वाले रास्तों से आवाजाही के लिए वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किए गए हैं।

**इन मार्गों पर बदलाव**

- समतामूलक और बैकुण्ठधाम तिराहे के बीच वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रहेगी।
- समतामूलक से बैकुण्ठधाम की ओर जाने वाले वाहन समतामूलक चौराहे से 1090 चौराहे, पीएनटी बालू अड्डा, बैकुण्ठधाम तिराहे, भैसाकुण्ड होकर आवाजाही कर सकेंगे।
- भैसाकुण्ड से पीएनटी बालू अड्डा होकर 1090 चौराहे से आवाजाही कर सकेंगे।



- सिंचाई विभाग कराएगा गेट की मरम्मत, लागू रहेगा डायवर्जन

### कल से शुरू होगी गोमती बैराज के गेट की मरम्मत

**अमृत विचार, लखनऊ :** सिंचाई विभाग 1090 चौराहे पर स्थित गोमती बैराज के दो गेटों की मरम्मत अब मंगलवार से शुरू करेगा। पहले 8 अप्रैल से काम शुरू होना था। यातायात विभाग ने ट्रैफिक डायवर्जन के लिए सिंचाई विभाग को 9 अप्रैल से अनुमति दी है। काम के दौरान गोमती बैराज पर यातायात बंद रहेगा। सिंचाई विभाग गोमती बैराज के खराब हो चुके गेट नंबर 1 और 9 बदलेगा। इनसे पानी रिसता है। काम पूरा करने के लिए सिंचाई विभाग ने 25 अप्रैल तक समय लिया है। सिंचाई विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। नए गेट और मशीनरी भी पहुंच गई है। 2 अप्रैल को दोनों गेट खोल दिए गए हैं। गोमती बैराज में नौ गेट हैं। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सत्यप्रिय ने बताया कि यातायात विभाग का ट्रैफिक डायवर्जन प्लान मिल गया है। बिना यातायात बंद किए काम शुरू नहीं किया जा सकता है। इसलिए अब 9 अप्रैल से दोनों गेटों की मरम्मत का काम शुरू किया जाएगा।

# 10 को धूमधाम से मनाई जाएगी झूलेलाल जयंती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- महिलाएं निकालेंगी शोभायात्रा मुंबई के कलाकार देंगे प्रस्तुति

**अमृत विचार :** सिंधी पंचायत की ओर से राजाजीपुरम स्थित झूलेलाल मंदिर में झूलेलाल की पूजा अर्चना कर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान पंचायत के अध्यक्ष संजय जेसवानी और प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने चुनाव में मतदान करने का संकल्प दिलवाया।

मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी ने बताया कि झूलेलाल की जयंती 10 अप्रैल को लखनऊ समेत पूरे प्रदेश में भव्य तरीके से मनाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए चेट्टीचंद मेला कमेटी की लगातार बैठक हो रही है। 8 अप्रैल को सिंधु नगर सिंधी पंचायत झूलेलाल जयंती पर कृष्णानगर सिंधू नगर के बीडीआर गेस्ट हाउस से सिंधी महिलाएं भव्य कलश यात्रा निकालेंगी। 9 अप्रैल को इंदिरा नगर में शाम को मुंबई से आए कलाकार सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देंगे। 10 अप्रैल को शिव शांति आश्रम से दोपहर 1 बजे भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें समाज को संदेश देने वाली झांकियां शामिल होंगी।

## एक नजर

### आईईटी के छात्रों का अमेरिकी प्रतियोगिता के लिए चयन

**अमृत विचार, लखनऊ :** आईईटी के छात्रों द्वारा तैयार किया गया स्टार्टअप अमेरिका में होने वाली प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी के पांच छात्र जून माह में होने वाली प्रतियोगिता में सम्मलित होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रो. सीतालक्ष्मी का कहना है कि इस प्रतियोगिता में 100 से अधिक देशों के छात्र शामिल हुए हैं। प्रतियोगिता 14 -15 जून को आयोजित होगी। इसमें उत्कर्ष श्रीवास्तव, वर्तिका दुबे, दर्शिता चौरसिया सहित पांच छात्र शामिल किए गए हैं।

### पुनर्मूल्यांकन के लिए करें आवेदन

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) ने पुनर्मूल्यांकन की सुविधा के लिए आवेदन फॉर्म की सुविधा उपलब्ध कराई है। विषम सेमेस्टर परीक्षा 2023-24 की जांची गयी उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन फॉर्म आमंत्रित किये गए हैं। परीक्षा नियंत्रक बताते हैं कि पुनर्मूल्यांकन के आवेदन के लिए फॉर्म प्राप्त किये जा सकते हैं। इसकी निर्धारित फीस जमा करने से पहले चालान लेखानुभाग से प्राप्त किये जा सकते हैं। फीस कैम्पस स्थित बैंक में जमा की जाएगी। आवेदन पत्र (फीस रसीद के साथ) जमा करने की अंतिम तिथि 22 अप्रैल है।

### वार्षिक प्रतियोगिता में उमा बनीं चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 26 वें वार्षिक खेल समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय वॉलीबॉल टीम के पूर्व कप्तान व अर्जुन अवार्ड विजेता रणवीर सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान प्राचार्य प्रो. अनुराधा तिवारी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता के दौरान खो-खो, जैवलिन थ्रो गोला फेंक, डिस्कस थ्रो, ऊंची कूद, लंबी कूद, 100- 200 मीटर दौड़, रिले दौड़ और खो-खो आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। लंबी कूद, ऊंची कूद, दौड़, खो-खो, जैवलिन थ्रो, डिस्कस थ्रो और गोला फेंक प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उमा सिंह चैम्पियन और अधीरा स्पोर्ट्स राइजिंग स्टार 2024 रहीं। इस अवसर पर डॉ. सविता सिंह, डॉ. राजीव यादव सहित काफी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

# लविवि के छात्रों को मिलेगी सेहत की क्लास

## सार्वजनिक स्वास्थ्य के पोषण विज्ञान संबंधी पाठ्यक्रम में शामिल किए गए हैं चार सेमेस्टर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय भूगोल विभाग में सांस्कृतिक दर्शन के बाद छात्रों की सेहत की तस्वीर भी सुधारने जा रहा है। इसको लेकर विवि ने पोषण विज्ञान विभाग के अन्तर्गत सार्वजनिक स्वास्थ्य में पोषण विज्ञान पाठ्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है।

विवि के डॉ. गिरी लाल गुप्ता इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक हेल्थ एण्ड पब्लिक अफेयर्स के द्वितीय परिसर में नए पाठ्यक्रम का आयोजन जल्द ही शुरू होने जा रहा है। लविवि के कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने छात्रों की सेहत को संवारने के लिए विश्व स्वास्थ्य दिवस का दिन तय किया। रविवार को आयोजित एक बैठक के बाद सभी औपचारिकताएं पूरी की गईं। कुलपति बताते हैं कि मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार और लोक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य में पोषण विज्ञान संबंधी नया पाठ्यक्रम खोलने का निर्णय लिया गया है।



▶▶ पाठ्यक्रम को लेकर अन्य जानकारियां लखनऊ विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध

पाठ्यक्रम को लेकर अन्य जानकारियां लखनऊ विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। संस्थान की निदेशक प्रो. शैली मलिक ने बताया कि यह दो वर्षीय चार सेमेस्टर से जुड़ा पाठ्यक्रम पोषण के माध्यम से सार्वजनिक स्वास्थ्य की रक्षा की मांग को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है।

**पोषण के प्रशिक्षण के सहारे मिलेगा रोजगार :** नए पाठ्यक्रम में नैदानिक पोषण विशेषज्ञ, सार्वजनिक स्वास्थ्य पोषण विशेषज्ञ, खाद्य सुरक्षा और खाद्य प्रबंधन विशेषज्ञ शामिल किये जाएंगे। इनके सहारे छात्रों को पोषण, खाद्य सुरक्षा प्रबंधप, खाद्य निरीक्षण, खाद्य कानून और अन्य कई प्रावधानों की पोषण संबंधी जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण के उपरांत इस कोर्स के सहारे छात्र रोजगार परक कार्य भी कर सकेंगे।

**▶▶ 30 सीटों से शुरू होगा पाठ्यक्रम**

विषय के लिए हाल-फिलहाल 30 सीटें स्वीकृत की गई हैं। संस्थान निदेशक का कहना है कि छात्रों को प्रयोगशाला और क्षेत्र में (फील्ड) सिद्धांत से अभ्यास तक संस्थागत, औद्योगिक और संगठनात्मक अनुभव दिए जाएंगे।

**▶▶ स्नातक डिग्री के समकक्ष रहेगी पाठ्यक्रम की पात्रता**

पाठ्यक्रम की पात्रता तीन अथवा चार वर्षीय स्नातक डिग्री या उसके समकक्ष रहेगी। चिकित्सा, आयुष, दंत चिकित्सा, पशु चिकित्सा विज्ञान, संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान, जीवन विज्ञान विषयों में से किसी एक विषय को लेकर अध्ययन किया जा सकता है।

## राजभवन करेगा पुनर्वास का मूल्यांकन

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय मंगलवार को नैक ग्रेडिंग के लिए राजभवन में अपनी प्रस्तुतियां देगा। इसमें विषयवस्तुओं के अतिरिक्त शोध और पाठ्यक्रम भी सम्मलित रहेंगे।

कुलपति प्रोफेसर हिमांशु शेखर झा बताते हैं कि नैक ग्रेडिंग तय किये जाने की व्यवस्था राजभवन में सुनिश्चित है। इसमें नैक की टीम शामिल होगी। इसके समक्ष विवि के अध्ययन स्तर, प्रतियोगिताएं, व्यवस्थाएं और पाठ्यकम संबंधी विशेषताओं को प्रस्तुत किया जाएगा। मंगलवार को होने वाले प्रस्तुतिकरण में विभागाध्यक्ष, परीक्षा नियंत्रक सहित विवि के अन्य जिम्मेदार उपस्थित रहेंगे। राजभवन की विशेष इकाई मूल्यांकित करने में सहयोग प्रदान करेगी।

# एडमिशन नहीं देने वाले निजी विद्यालयों पर कार्रवाई की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** शिक्षा का अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत प्रवेश न देने वाले निजी विद्यालयों पर जल्द ही शिकंजा कसेगा और एनओसी भी रद करने की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

राजधानी में सीबीएसई और आईसीएसई से मान्यत प्राप्त निजी विद्यालय आरटीई के तहत चयनित बच्चों को प्रवेश देने से आनाकानी कर रहे हैं। यही कारण है कि पहले चरण में चयनित सभी बच्चों को प्रवेश अभी तक नहीं मिल पाया है। जबकि नया शैक्षिक सत्र शुरू हुए एक सप्ताह पूरा हो चुका है। जबकि ये प्रवेश मार्च महीने में ही हो जाने चाहिए थे। एडमिशन न देने वाले विद्यालय प्रबंधकों पर जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने भी नाराजगी जाहिर की थी। बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से 25 बड़े स्कूलों की सूची तैयारी की गई है। ये सूची माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त शिक्षा निदेशक प्रदीप कुमार को भेजी जायेगी।

**आज फिर से शुरू होगी प्रक्रिया**

दूसरी ओर आरटीई समन्वयक अखिलेश अवस्थी ने बताया कि पहले चरण में अधिकांश बच्चों के प्रवेश दिलाये जा चुके हैं। जिन बच्चों को प्रवेश नहीं मिला है वह सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए चयनित हुए हैं। लेकिन वह प्रवेश नहीं ले रहे हैं। सोमवार को भी इन विद्यालयों प्रबंधकों के पास प्रवेश लेने का मौका है, यदि वह प्रवेश नहीं लेते हैं तो उनके खिलाफ कार्रवाई शुरू की जायेगी।

# जांच की आंच में फिर तपा भाषा विश्वविद्यालय

## शिकायतकर्ता और उसके दिए गए साक्ष्यों की शुरू हुई जांच

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में जांच की आंच कम होने का नाम नहीं ले रही। शिक्षकों की नियुक्ति और शैक्षणिक प्रमाण पत्रों से जुड़ा हुआ मामला एक बार फिर सामने आया है। कुलाधिपति (राजभवन) कार्यालय ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जारी किए हैं। रजिस्ट्रार का कहना है कि जिसने शिकायत की है, उसकी प्रामाणिक पुष्टि कराई जा रही है।

अभी एक जांच की तपिश थम नहीं पाई कि राजभवन से दूसरी जांच के आदेश जारी कर दिये गए। इसमें शिकायतकर्ता द्वारा की गई शिकायत को आधार बनाया है। जानकारों की मानें तो शिकायकर्ता ने 11 शिक्षकों की नियुक्ति को फर्जी बताया। इसमें नियुक्ति से लेकर शैक्षणिक प्रमाण पत्रों पर सवाल उठाए गए हैं। ऐसे में राजभवन से आए आदेश के बाद विवि के कई शिक्षकों के रिकार्डों को खंगाला जाने लगा है।



▶▶ कुलाधिपति कार्यालय से हुए जांच के निर्देश

रजिस्ट्रार डॉ. भावना मिश्रा कहती हैं कि शिकायतकर्ता ने मेल के माध्यम से कुलाधिपति से शिकायत की थी। इसी को संज्ञान में लेते हुए राजभवन से जांच के आदेश दिये गए है। तथ्यपरक जांच कराई जा रही है। शिकायतकर्ता के साक्ष्यों की पुष्टि की जा रही है, ताकि स्थितियां पूरी तरह स्पष्ट हो सके।

**कुलपति को राजस्थान से मिली थी धमकी**

विवि के कुलपति प्रो. एनबी सिंह को मिली धमकी से जुड़ी जांच में तेजी आई है। क्योंकि, फोन पर धमकी देने वाले ने राजस्थान से वारदात को अंजाम दिया था। घटना से जुड़े इसी इनपुट के बाद लखनऊ पुलिस की विशेष शाखा ने राजस्थान पुलिस से संपर्क साधा है। सूत्रों की मानें तो घटना के तार साइबर अपराधियों से जुड़े हुए हैं। सैरपुर थानाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता कहते हैं कि जिस फोन नंबर से कुलपति को धमकी मिली थी, वो राजस्थान का है। जल्द ही आरोपी गिरफ्तार कर लिए जाएंगे। बता दें कि पूर्व कुलपति सहित नौ शिक्षकों की सेवाएं समाप्ति के बाद कुलपति प्रो. एनबी सिंह के परिवार को धमकी मिली थी।

## बेस्ट काउंसलिंग में पंजाब रहा अव्वल

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के विधि संकाय की एडीआर ड्राफ्टिंग एण्ड लिटरेसी सोसाइटी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय नेशनल लॉ फेस्ट का समापन हुआ। आयोजित प्रतियोगिता के दौरान बेस्ट काउंसलिंग में पंजाब की टीम अव्वल रही। वहीं ग्लोबल यूनिवर्सिटी को सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार प्राप्त हुआ।

लविवि में आयोजित समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चीफ स्टैंडिंग काउंसिल प्रशांत सिंह अटल एवं विशिष्ट अतिथि जनरल मैनेजर महिला कल्याण विभाग एवं डिप्टी डायरेक्टर लखनऊ रीजन प्रवीण कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंतिम दिन आयोजित लॉ फेस्ट में 70 से अधिक विश्वविद्यालयों के 200 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रथम राउंड के आधार पर जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी की टीम सर्वश्रेष्ठ रही। क्लाइंट काउंसलिंग में पंजाब विश्वविद्यालय ने बेस्ट काउंसिल का अवॉर्ड प्राप्त किया।

# मेधावियों को किया गया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में एजुकेशन कान्फ्रेन्स का आयोजन किया। इसमें प्री-प्राइमरी व प्राइमरी के मेधावी छात्रों को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया गया।

सम्मानित बच्चों ने वर्ष भर में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगी परीक्षाओं, सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद की प्रतियोगिताओं में विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। निदेशक डॉ. गांधी ने कहा कि उद्देश्यपूर्ण शिक्षा बालक को व्यक्तिगत व सामाजिक दोनों क्षेत्रों में रचनात्मक विकास के लिए प्रेरित करती है।



सीएमएस गोमती नगर द्वितीय कैम्पस ऑडिटोरियम में कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देतीं प्रतिभागी।

## स्कूलों में निर्माण कार्य का होगा भौतिक सत्यापन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सरकारी विद्यालयों में शैक्षिक सत्र 2023-24 में हुए विकास कार्यों का भौतिक सत्यापन भी कराया जायेगा। इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए गये हैं। भौतिक सत्यापन में यदि कराये गये कार्यों की गुणवत्ता खराब मिलती है तो कार्रवाई की जायेगी। हालांकि काफी संख्या में विद्यालयों में विकास कार्य भी नहीं हो पाया है क्योंकि 31 मार्च तक पैसा नहीं निकल पाया और पूरी ग्रांट वापस हो गई। अब जितना भी कार्य हो पाया है उसका सत्यापन कराया जायेगा। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से जारी दिशा निर्देश के मुताबिक 31 मार्च तक जितना भी कार्य हुआ है उसका सत्यापन होगा। बता दें कि बीते सत्र में बाउंड्री निर्माण, शौचालय निर्माण सहित कई कार्य स्कूल ग्रांट से कराये गये हैं।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट - प्रेम विवाह, पति-पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

# मान्यता आवेदन अभी सत्यापन होगा बाद में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से निजी विद्यालयों को मान्यता प्रदान करने के लिए ऑनलाइन आवेदन लिए जा रहे हैं। लेकिन सभी आवेदन के आधार पर विद्यालय भवन का सत्यापन आचार संहिता के बाद ही हो पायेगा।

इस संबंध में खंड शिक्षा अधिकारियों की ओर से बताया गया कि अभी चुनाव से जुड़ी तैयारियां चल रही हैं। इस स्थिति में सत्यापन संभव नहीं है। जो मान्यता के लिए आवेदन करना चाहते हैं वह आवेदन कर लें ताकि आवेदन में यदि कोई त्रुटि होती है उसको सुधार जा सके। इस बार शासन की ओर से विशेष गाइडलाइन को देखते हुए भौतिक सत्यापन में यह विशेष तौर पर ध्यान रखना होगा कि सरकारी विद्यालय के निर्धारित दायरे में यदि कोई निजी विद्यालय की मान्यता लेना चाह रहा है तो उसे मान्यता नहीं प्रदान की जायेगी। इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन करते समय पूरी जानकारी भरना होगा, यदि कोई जानकारी नहीं पूरी की जाती है तो आवेदन स्वीकार भी नहीं किया जायेगा।

▶▶ आसपास सरकारी स्कूल तो नहीं मिलेगी मान्यता

बता दें कि सरकारी स्कूलों के करीब खुले निजी विद्यालयों के बारे में सरकारी शिक्षक भी आवाज उठाते रहे हैं। उनका इस बात को लेकर हमेशा से विरोध रहा है कि सरकारी विद्यालय के आसपास निजी विद्यालय के चलते नामांकन संख्या पर असर पड़ता है।

## ऑनलाइन व्यवस्था न होने पर जवाबदेही तय

**अमृत विचार, लखनऊ :** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से संबद्ध सभी संस्थानों और महाविद्यालयों को पत्र भेजकर ये कहा गया है कि छात्रों की फीस व प्रवेश सहित अन्य जानकारियां वेबसाइट पर उपलब्ध करा दें। अन्यथा की स्थिति में जवाबदेही तय की जाएगी। एकेटीयू के कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने बताया कि संबद्ध संस्थानों को स्पष्ट निर्देश दिये गए हैं कि छात्रों से ली जाने वाली फीस, प्रवेश सहित अन्य ब्योरा ऑनलाइन उपलब्ध कराया जाए। कई बार व्यवस्था ऑनलाइन न होने से छात्रों को समस्याओं का सामना करना पड़ता है। विवि प्रशासन को भी व्यवस्थाएं इंगित करने में दिक्कतें आती हैं। ऐसे सभी संस्थानों को विशेष निर्देश जारी किये गए हैं। बताते हैं कि ऑनलाइन व्यवस्था से मनमानी नहीं चलेगी। व्यवस्थाएं भी पारदर्शी होंगी। शासन की ओर से भी कुछ इसी तरह से निर्देश दिये गए हैं। बता दें कि एकेटीयू से संबद्ध 785 संस्थानों में चार लाख के करीब छात्र अध्ययनरत हैं।

# वंचितों को कानून संबंधी जानकारी उपलब्ध कराएं : प्रो. अमरपाल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोहिया विधि विश्वविद्यालय के प्रो. बोनो क्लब की ओर से आयोजित कार्यशाला में विवि के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि छात्र उन्हें कानून संबंधी जानकारी जरूर दें, जो इससे वंचित रह गया है। ये सब विधि छात्रों के मुख्य लक्ष्यों में से एक है।

आयोजित कार्यशाला में विवि के कुलपति ने बताया हमारे आसपास बहुत से लोग हैं, जिन्हें अपने मूल अधिकारों व कानून के बारे में जानकारी नहीं हैं। यह छात्रों के करियर के लक्ष्यों में से एक है। सामाजिक सशक्तीकरण- व्यवस्था इसी तरह की निःशुल्क विधिक सहायता से मजबूत होगी। यहीं कारण है कि कानून व अधिकारियों से वंचित लोगों को जागरूक करने के लिए प्रो बोनो का गठन किया गया है। कार्यक्रम में शामिल सरोजनी नगर के भाजपा विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने बताया कि लोगों को पता होना चाहिए की यदि उन्हें विधिक सहायता चाहिए, तो कैसे और कहां से प्राप्त होगी। उन्होंने बताया कि देश में हर साल लॉ विषय से करीब दो लाख छात्र ग्रेजुएट होते हैं। भारत विधि की शिक्षा विश्व में दूसरे स्थान पर हैं। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष प्रो. मनीष सिंह, डॉ. विकास भाटी, प्रो. दीपक कुमार, अमृत खरे, मोहम्मद हैदर, शैलेन्द्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

▶▶ लोहिया विधि विवि के प्रो. बोनो क्लब द्वारा कार्यशाला आयोजित

## पूर्व सैनिकों की समस्याओं पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** पूर्व सैनिकों की समस्याओं को दूर करने के लिए भूतपूर्व सैनिक जन कल्याण समिति की ओर से द्वारा समीक्षा बैठक रविवार वृंदावन योजना स्थित कार्यालय में हुई। इस बैठक में प्रदेश के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने भाग लिया। जिसमें पेंशन समस्या, साइबर सुरक्षा जागरूकता के साथ यह संगठन पूर्व सैनिकों, शहीदों व उनके आश्रितों के कल्याण जैसे कार्यों को लेकर चर्चा हुई। समिति के प्रवक्ता मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्व सैनिकों को रोजगार दिलाने में मदद के साथ कानूनी विवादो के निवारण, पेंशन के दावे, विभिन्न अनुदान और वित्तीय सहायता प्रदान कराने के लिए मार्गदर्शन कर रहा है। बैठक में अध्यक्ष दीनबंधु, प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन श्रीवास्तव, सचिव गोकर्ण प्रसाद, संस्थापक सदस्यों हरिद्वार यादव, तहसीलदार लक्ष्मी कांत, वरिष्ठ वेटरन अनिल शुक्ला, देवराज यादव, हिमेंद्र, सुरेश कुमार, प्रह्लाद शर्मा, प्रदीप चंद्र समेत अन्य शामिल हुए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो मै कुरैशी समा बेगम, पुत्री यार मोहम्मद कुरैशी, निवासिनी- प्लाट नम्बर- 83, मकान नम्बर- 356 न्यू नन्दी बिहार कालोनी, चिनहट लखनऊ के नाम से जानी व पहचानी जाती थी तथा मैं मुस्लिम धर्म की अनुयायी थी लेकिन मैनें अपना नाम कुरैशी समा बेगम के स्थान पर प्रियंका ताती कर लिया है तथा मुस्लिम धर्म का परित्याग कर हिन्दू धर्म अपना लिया है। इसलिए मै भविष्य में प्रियंका ताती के नाम से जानी व पहचानी व पुकारी जाऊंगी। **-प्रियंका ताती निवासिनी- प्लाट नम्बर- 83, मकान नम्बर- 356 न्यू नन्दी बिहार कालोनी, चिनहट लखनऊ**

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में दिलीप कुमार है।जबकि मेरा सही नाम दिलीप कुमार गुप्ता है । अब मुझे दिलीप कुमार गुप्ता नाम से भी जाना पहचाना जाय। **- दिलीप कुमार गुप्ता पुत्र रामयश गुप्ता, निवासी- ग्राम धनेशा राजपूत , पोस्ट शुकुल का बाजार तहसील मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।**

**सूचना**
सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अरविन्द ARAVIND से बदलकर अरविन्द यादव ARVIND YADAV रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **- अरविन्द यादव पुत्र श्यामलाल ग्राम खनवार बकलोलही, पोस्ट पिपरा जटामपुर, थाना कुबेर स्थान, जिला कुशीनगर**



खालसा पंथ के स्थापना दिवस (बैसाखी पर्व) पर गुरुद्वारा नाका हिंडोला से निकाली गई प्रभात फेरी में भजन गाता बच्चा। अमृत विचार

# खालसा पंथ के स्थापना दिवस पर निकली प्रभात फेरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** खालसा पंथ के स्थापना दिवस (बैसाखी पर्व) पर रविवार को गुरुद्वारा नाका हिंडोला से प्रभात फेरी निकाली गई। इस प्रभात फेरी की अगुवाई परम्परागत वेशभूषा से सुसज्जित पंच प्यारे अपने हाथों में खुली कृपाण लेकर कर रहे थे। उनके पीछे विशेष रूप से फूलों से सजाई गई भव्य पालकी साहिब में गुरु ग्रंथ साहिब सुशोभित थे, ज्ञानी लखविंदर सिंह चांवर कर रहे थे। पालकी के आगे मार्ग की सफाई करके पंजाबी यूथ एसोसिएशन के सदस्य और संगत गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी के लिये पुष्प बिछा रहे थे। प्रभात फेरी गुरुद्वारा से नाका चौराहा, डीएवी कालेज रोड, मोती नगर चौराहा, आर्या नगर होती हुई गुरुद्वारा पहुंची। प्रभात फेरी में गुरुनानक गर्ल्स इंटर कालेज बांस मंडी, गुरुनानक विद्यालय चन्दर नगर की छात्राएं और खालसा इण्टर कालेज के छात्रों ने बैण्ड बाजों के साथ भाग लिया। प्रभात फेरी में निष्काम जत्थों सिख यंग मेन्स एसोसिएशन, सिक्ख सेवक जत्था, यूथ खालसा एसोसिएशन, दशमेश सेवा सोसाइटी, सुखमनी साहिब सेवा सोसाइटी, माता गुजरी सत्संग सभा ने शबद कीर्तन गायन किया। सम्पूर्ण मार्ग में श्रद्धालुओं ने शीतल पेय, चाय, बिस्कुट, समोसे, पकौड़े और बाबा दीप सिंह फाउन्डेशन की ओर से हैप्पी पानी का स्टॉल लगाकर प्रसाद वितरित किया। महामंत्री हरमिन्दर सिंह टीटू, सतपाल सिंह मीत ने प्रसाद वितरित करने वाले प्रबंधकों को सिरोपा भेंट कर सम्मानित किया। मोती नगर चौराहे पर क्षेत्रीय पार्षद चरणजीत राजू गांधी और उनके सहयोगियों को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सिरोपा देकर सम्मानित किया गया। प्रभात फेरी के वापस गुरुद्वारा पहुंचने पर सेवा सोसाइटी के सदस्यों ने संगतों में गुरु का लंगर वितरित किया।

## पर्वतीय महापरिषद के होली मिलन समारोह में हुआ उत्तराखंडी होलियों का गायन

**अमृत विचार, लखनऊ :** उत्तरांचल जन कल्याण समिति और एलडीए कालोनी कानपुर रोड में पर्वतीय महापरिषद लखनऊ की ओर से भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसमें पुरुष और महिलाओं की टोलियों ने उत्तराखंडी होलियों का गायन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उत्तराखंडी और एलडीए कानपुर रोड के स्थानीय लोगों ने भाग लिया। इस समारोह में मुख्य अतिथि मेजर जनरल (सेनि) पर्वतीय महापरिषद के संरक्षक कर्नल हुक्म सिंह और परिषद के शीर्ष पदाधिकारियों मुख्य संयोजक टीएस मनराल, संयोजक और साहित्यकार कौस्तुभ चंदोला, अध्यक्ष गणेश जोशी, महासचिव महेंद्र सिंह सहित परिषद के पदाधिकारी मौजूद रहे। स्थानीय पार्षद कौशलेंद्र द्विवेदी, जनकल्याण समिति के अध्यक्ष जगदीश जोशी, केएस रावत, केएन पाठक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया।



प्रशस्ति पत्र के साथ छात्र-छात्राएं, प्रबंध निदेशक व शिक्षिकाएं। अमृत विचार

## बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी में हुआ मेधावियों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाल निकुंज गर्ल्स एकेडमी अलीगंज स्थित सभागार में शनिवार को वार्षिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 4 से कक्षा 9 और कक्षा 11 के कुल 222 मेधावियों को प्रबंध निदेशक एचएन जायसवाल ने प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की प्रबंध निदेशक एवं प्रधानाचार्या ने माता सरस्वती को पुष्पांजलि व दीप प्रज्ज्वलन कर की। बच्चों ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। प्रबंध निदेशक ने कहा कि बच्चे, टीचर, अभिभावक और मैनेजमेंट चारों मिलकर एक अच्छा वातावरण बनाए जिससे बच्चों में अच्छी शिक्षा, अच्छे आचरण और अच्छे संस्कार देकर एक कर्मठ नागरिक बनाया जा सके।

# नाटक मेरी मां में दिखा मध्यमवर्गीय परिवार का संघर्ष

**अमृत विचार, लखनऊ :** संस्कृति एवं कला केन्द्र लखनऊ ने संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक मेरी मां का मंचन किया। संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से मंचित इस नाटक का लेखन व निर्देशन डॉ. इंद्र कुमार चौरसिया ने किया। नाटक में मध्यमवर्गीय परिवार के संघर्ष को बहुत अच्छे तरीके से दिखाया गया है।

इस मौके पर लघु सिंचाई विभाग के पूर्व निदेशक इंजीनियर प्रतीक रंजन चौरसिया, पूर्व उद्यान निरीक्षक राजू चौरसिया, पूर्व उप निदेशक सूचना दिनेश सहगल, पूर्व निदेशक उद्यान एवं खाद्य संस्करण एसपी जोशी विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

## एक नजर

### फसलों में यूरिया का इस्तेमाल खराब कर रहा लिवर

अमृत विचार, लखनऊ : कुछ सालों पहले लंबे समय शराब का सेवन करने वालों में लिवर सिरोसिस बीमारी होती थी, लेकिन इधर कुछ सालों में शराब न पीने वालों का लिवर भी खराब हो रहा है। उनके पेट में पानी भरने की समस्या हो रही है। यह जानकारी डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के डॉ. एसके पाण्डेय ने दी है।डॉ. पांडेय ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोग लिवर की बीमारी से अधिक ग्रसित हो रहे हैं। इसकी वजह अनाज, सब्जियों की फसलों में अंधाधुंध यूरिया और कीटनाशकों का प्रयोग होना है। नॉन अल्कोहलिक लिवर डिजीज का एक बड़ा कारण यूरिया निकल कर सामने आ रहा है। डॉ.पांडेय के मुताबिक ग्रामीण सीधे तौर पर इन कीटनाशकों और यूरिया के संपर्क में रहते हैं जिससे उन पर इसका प्रभाव अधिक पड़ता है। उन्होंने बताया कि उनके पास कई ऐसे मरीज इलाज के लिए पहुंचे हैं, जिनके शरीर में अमोनिया का स्तर बढ़ा रहता है। उन्होंने बताया जब शरीर से अमोनिया बाहर नहीं निकल पाता है तो वह खून में एकत्र होने लगता है। इससे लिवर सिरोसिस, किडनी फेल समेत अन्य बीमारियां घेर लेती हैं या यूं कहें कि अमोनिया का स्तर बढ़ने से बीमारियों का जोखिम बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि अमोनिया के चलते ही नॉन अल्कोहलिक लिवर डिजीज हो रही है।



डॉ. एसके पाण्डेय

### एडीओ बन कर ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : जानकीपुरम पुलिस ने पंचायती राज विभाग का एडीओ बनकर ठगी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार कर लिया है। उसने नौकरी का झांसा देकर सगे भाइयों से 10 लाख रुपये ठगे थे। डीसीपी नार्थ अभिजीत आर. शंकर ने बताया कि ओरो सिटी निवासी आरोपी राजकुमार कनौजिया को जानकीपुरम पुलिस नेसेक्टर-एफ के पास से पकड़ा। शातिर ने पंचायती राज विभाग में एडीओ होने का दावा किया था, जो जांच में फर्जी पाया गया। तीन जनवरी को उसके खिलाफ जानकीपुरम थाने में धोखाधड़ी की प्राथमिकी दर्ज की गई थी। उसने मड़ियांव गांव के अतीकुल रहमान और उसके भाई आरजू से नौकरी लगवाने का झांसा देकर 10 लाख रुपये ठगे थे। दोनों भाइयों का मेडिकल करा फर्जी नियुक्ति पत्र थमाया था। पंचायती राजविभाग कार्यालय पहुंचने पर राजकुमार की करतूत का पता चली थी।

# नवरात्र-ईद से पहले अवकाश पर बाजार खरीदारों से गुलजार

## मंगलवार से शुरू हो रहे नवरात्र उत्सव के लिए चुनरी, मूर्ति, नारियल और पूजन सामग्री खरीदने वालों की उमड़ी भीड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नवरात्र और ईद से पहले पड़े अवकाश (रविवार) के दिन बाजार ग्राहकों से मालामाल नजर आए। शहर के सभी प्रमुख बाजारों में जबरदस्त भीड़ उमड़ी। जहां 9 अप्रैल (मंगलवार) से नवरात्र और 11 अप्रैल को ईद की संभावना है। ऐसे में रविवार देर रात तक रौनक रही। पूजन सामग्री, फल-फूल, नारियल, चुनरी, कपड़ा, साड़ी, चिकन, रेडीमेड, सर्राफा समेत सभी दुकानों पर ग्राहकों का हुजूम देखने को मिला। प्रमुख बाजारों में तिल धरने की जगह नहीं थी। बाजारों की हर सड़क खरीदारों की भीड़ से पटी नजर आई। फूलों और फलों की कीमतों में कई गुना तेजी दर्ज की गई है।

मौलवीगंज, अमीनाबाद, गणेशगंज, श्रीराम रोड, नाका हिंडोला, नादान महल रोड, चौक, इंदिरा नगर, भूतनाथ, आलमबाग, कृष्णा नगर, अलीगंज, पुरनिया, गोमती नगर, पत्रकारपुरम आदि तमाम बाजारों में ग्राहकों ने आवश्यकतानुसार जमकर खरीदारी की। नवरात्र पर्व को लेकर मंदिरों के बाहर लगी पूजन सामग्री की दुकानों पर श्रद्धालु शाम तक जरूरी चीजें खरीदते देखे गए।

**ईद को लेकर कपड़ा बाजारों में रौनक :** ईद को लेकर वस्त्र बाजार के शोरूमों में लोग जमा रहे। रात तक कपड़ा, कुर्ता-पायजामा, पैंट और शर्ट, बुर्का, टोपी आदि में भी खरीदारों का हुजूम रहा। गणेशगंज, अमीनाबाद, भूतनाथ बाजार में बड़ी संख्या में खरीदार नजर आए।

**मौलाना साद टोपी की डिमांड में, पैंट के साथ बनवा रहे लोग कुर्ता :** ईद में इस बार नया ट्रेंड लोगों को खूब भा रहा है। कुर्ते के साथ पायजामा के बजाए लोग पैंट बनवा रहे हैं। ईद में रंगीन कुर्ते डिमांड में हैं। इनकी कीमत करीब 200 रुपये प्रति मीटर तक है। लेनिन पर कुर्ती का कपड़ा ढाई से तीन हजार रुपये कीमत का है।



नवरात्र के पूर्व व माह-ए-रमजान पर अमीनाबाद बाजार में खरीदारों की उमड़ी भीड़। अमृत विचार

- देर रात तक खुले रहे बाजार, पैर रखने की भी जगह नहीं, पूरा दिन जाम से जूझे लोग
- ईद के लिए कपड़ा, फल, सेंवई टोपी, बुर्का आदि की खरीदारी को दुकानों में रहा जमघट

| सेंवई | कीमत (रुपये प्रति किलो) | |
|---|---|---|
| | पहले | अब |
| सफेद जीरो | 85 | 90 |
| डबल जीरो | 100 | 110 |
| एक नंबर | 70 | 75 |
| डेढ़ नंबर | 65 | 70 |
| जीरो नंबर | 85 | 90 |
| लच्छे वाली | 120 | 160 |
| मीडियम | 80 | 85 |
| बनारसी-इलाहाबादी | 120 | 160 |

| कुर्ता | कीमत (प्रति पीस रुपये में) | |
|---|---|---|
| | पहले | अब |
| पठानी सूट | 600 | 1,200 |
| आरी वर्क | 1200 | 1,500 |
| कॉटन | 1,500 | 1750 |
| हैंड वर्क कुर्ता | 2,200 | 2,500 |
| अद्धी कुर्ता | 1,000 | 1200 |
| फैंसी | 1,500 | 1,800 |
| डिजाइनर | 1,750 | 2,200 |
| बच्चे की वैरायटी | 500 | 800 |

| टोपी | कीमत (प्रति पीस रुपये में) | |
|---|---|---|
| | पहले | अब |
| मौलाना साद सफेद रंग में | 90 | 100 |
| जालीदार रंगीन | 75 | 80 |
| नगयुक्त | 110 | 120 |
| तुर्की | 30 | 35 |
| इंडोनेशिया | 20 | 25 |

### मंदिरों के बाहर सजीं पूजन सामग्री की दुकानें

नवरात्र पर्व पर नगर के प्रमुख मंदिरों के बाहर पूजन सामग्री की दुकानें सज गई हैं। चुनरी, पूजन सामग्री, माता के वस्त्र समेत पाठ के लिए भक्तों ने किताबें, कैलेंडर और मूर्तियों की खरीदारी की। पूजन सामग्री की दुकानों पर भीड़ दिखी। मिट्टी और पत्थर की बनीं मूर्तियों की स्थापना के लिए भक्तों ने तैयारियां कीं।

### इत्र, टोपी व अलग-अलग जायकों वाली सेंवई की मांग

बाजार में उमड़ने वाली भीड़ में अभी रमजान और ईद दोनों की खरीदारी चल रही है। रमजान के लिए खजूर, लच्छे और फल खरीदे जा रहे हैं तो ईद के लिए सिवइयां, कुर्ता-पैजामा और टोपियों की खरीदारी चल रही है। एक नंबर, डबल जीरो, मीडियम के साथ ही सबसे बारीक वाली सिवइयां पसंद की जा रही हैं। बाजार में इत्र की बिक्री भी बढ़ गई है। महिलाएं अपने लिए सिले-सिलाए सूट भी खरीद रही हैं और कपड़े भी। पुराने शहर में दर्जियों के पास जरा भी समय नहीं है। देर रात तक दुकानें खोलकर वह सिलाई में जुटे नजर आ रहे हैं। टेलर अब ईद के पहले हफ्ते के बाद की ही बुकिंग ले रहे हैं।

### नक्खास बाजार में शाम होने के साथ बढ़ती गई भीड़

रमजान अपना सफ़र धीरे-धीरे पूरा करने की ओर है। ईद की दस्तक बाजारों में सिर चढ़कर बोलती नजर आई। नक्खास, चौक व अमीनाबाद में ईद की खरीददारी के लिए महिलाओं का हुजूम उमड़ा। नक्खास बाजार में शाम के समय बढ़ती भीड़ को देखते हुए शाम के समय वाहनों का प्रवेश बंद कर दिया गया है।



आलमबाग बाजार में सजावट के लिए सामग्री की खरीदारी करती महिला।



आलमबाग क्षेत्र में ईद के लिए खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### फूल और जटा वाले नारियल महंगे

नवरात्र को लेकर गुलाब, गेंदा, गुलदाऊदी, बिजली, कट फ्लावर, विदेशी फूलों में बड़ी तेजी दर्ज की गई है। कीमतें कई गुना बढ़ गई हैं। थोक बाजार में रोज 10 रुपये किलो बिकने वाला गुलाब 40 रुपये, गेंदा की कीमत 10 से बढ़कर 30 रुपये, 5 से 10 रुपये वाला कट फ्लावर 20-25 रुपये प्रति किलो बिक रहा है। फूल व्यापार मंडल के अध्यक्ष मो. अयाज बताते हैं कि अब नवरात्र भर फूल की कीमतें उफान पर रहेंगी। कई गुना तेजी है। वहीं, फुटकर बाजार में सभी तरह की इन सभी फूलों की वैरायटी गुलाब का फूल 70 से 80 रुपये किलो पहुंच गई है। पूजन में इस्तेमाल होने वाला जटा वाला नारियल जो दो दिन पहले तक 25 से 30 रुपये प्रति पीस मिल रहा था, आज उसकी कीमत 40 से 50 रुपये हो गई है।



नवरात्र के लिए आलमबाग बाजार में पूजा सामग्री की खरीदारी करतीं महिलाएं। अमृत विचार

### नवरात्र उत्सवों पर बढ़ी मूर्तियों की मांग

मूर्तियां बनाने वाले कुम्हार और बिक्री करने वाले दुकानदार बताते हैं कि तालाब-पोखर, नदी तट के आसपास की मिट्टी को घर लाया जाता है। इसे शगुन के तौर पर देखा जाता है। उसके बाद मिट्टी को सुखाकर अपने मखमली अंदाज से धीरे-धीरे उसे माटी की मूरत के रूप में गढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि खासतौर पर नवरात्र, दुर्गा पूजा आदि उत्सवों में मूर्तियों की मांग बढ़ जाती है।

## व्रत में ज्यादा देर तक भूखे न रहें डायबिटीज मरीज

अमृत विचार, लखनऊ : अगर आपको डायबिटीज है तो नवरात्र के व्रत में ज्यादा देर तक भूखे न रहें। थोड़े-थोड़े समय में कुछ न कुछ खाते रहें। इससे आपका ब्लड ग्लूकोज लेवल नियंत्रित रहेगा। यदि दवा ले रहे हैं तो सही समय पर दवा खाना न भूलें। यह जानकारी केजीएमयू में सीनियर डाइटीशियन विद्या प्रिया ने दी।



डाइटीशियन विद्या प्रिया

उन्होंने कहा कि जो डायबिटीज के मरीज व्रत रख रहे हैं उन्हें व्रत शुरू करने से पहले लो ग्लाइसेमिक इंडेक्स वाले खाद्य पदार्थ खाने चाहिए। इस तरह के खाद्य पदार्थों से पेट लंबे समय तक भरा रहता है और ब्लड ग्लूकोज लेवल भी कंट्रोल में रहता है। फल, सब्जियां और सलाद जरूर खाएं। विद्या प्रिया ने बताया इंसुलिन ले रहे मधुमेह के मरीजों को लो ब्लड ग्लूकोज लेवल महसूस हो सकता है। हालांकि, व्रत खोलने के बाद इनके ओवरईटिंग करने की संभावना ज्यादा रहती है। नवरात्र का व्रत में पारंपरिक तौर पर उच्च कैलोरी युक्त आहार जैसे कि साबूदाना पापड़, टिक्की और तले हुए आलुओं का सेवन किया जाता है। ब्लड ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रण में रखने के लिए ज्यादा न खाएं। व्रत खोलने पर मीठे और वसायुक्त पदार्थ कम मात्रा में ही खाएं। अगर मधुमेह के मरीजों को व्रत के दौरान कम एनर्जी महसूस होती है तो अधिक चाय और कॉफी के सेवन से बचें। इसकी जगह खूब पानी पीएं और नींबू पानी, नारियल पानी या छाछ आदि का सेवन करें। कैफीन युक्त पेय पदार्थों से शरीर में पानी की कमी हो सकती है जिससे कि अन्य तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। व्रत रखने से पहले अपने डाइटीशियन या डॉक्टर से जरूर सलाह लें। व्रत के दौरान दिन में कई बार अपना ब्लड शुगर लेवल चेक करते रहें।

# अस्पताल परिसर में शव रखकर किया प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गुडंबा थाना क्षेत्र के निजी अस्पताल में वृद्धा की मौत के बाद तीन दिन इलाज का आरोप लगाने वाले ग्रामीणों ने रविवार को अस्पताल परिसर में शव रखकर करीब दो घंटे तक प्रदर्शन किया। एसीपी गाजीपुर समेत पांच थानों की पुलिस फोर्स मौके पर पहुंची। एसीपी ने कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजन को शांत कराया।

बेनीगंज, बहादुरपुर कल्याणपुर निवासी धनीराम की पत्नी मालती देवी (60) दो अप्रैल को सड़क दुर्घटना में घायल हो गई थीं। धीरज ने पत्नी को कुर्सी रोड स्थित एसआर अस्पताल में भर्ती कराने के साथ गुडंबा थाने में अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शनिवार को महिला की मौत हो गई। मृतका के परिजन का आरोप था कि तीन दिन पहले ही मौत हो गई थी। पैसे बढ़ाने के लिए डॉक्टर जबरदस्ती आईसीयू में इलाज कर रहे थे। इलाज के नाम पर 1.20 लाख रुपए वसूले गए। गुडंबा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।



प्रदर्शन कर रहे परिजन को समझाते पुलिस अधिकारी। अमृत विचार

- परिजन ने मौत के बाद भी आईसीयू में इलाज करने का लगाया आरोप
- एसीपी गाजीपुर ने कार्रवाई करने का आश्वासन देकर कराया शांत

रविवार को पोस्टमार्टम के बाद करीब 2:30 बजे परिजन शव लेकर अस्पताल पहुंच गए। बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उनके साथ थे। परिजन और ग्रामीणों ने शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। सूचना पर एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल, गुडंबा, मड़ियांव, सैरपुर, जानकीपुरम थाने की फोर्स मौके पर पहुंची। एसीपी ने प्रदर्शनकारियों को समझाया लेकिन वह अस्पताल प्रबंधन पर कार्रवाई की मांग पर अड़ गए। अस्पताल प्रबंधन के खिलाफ तहरीर देने पर सीएमओ कार्यालय भेजने का आश्वासन देकर एसीपी ने प्रदर्शनकारियों को शांत कराया। इंस्पेक्टर गुडंबा नीतीश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर मिलने पर उसे सीएमओ ऑफिस भेजा जाएगा। सीएमओ की जांच रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कई इलाकों में आज गुल रहेगी बिजली

अमृत विचार, लखनऊ : आरडीएसएस योजना के कार्यों के चलते शहर के कई इलाकों में बिजली गुल रहेगी। इससे करीब 5 लाख उपभोगता प्रभावित रहेंगे। वृंदावन के रश्मीखंड, सेक्टर तीन के साई विहार और स्वास्थ विहार के साथ गेट नंबर 4 के संस्कृति एनक्लेव, एल्डिको उद्यान, न्यू एल्डिको में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। अर्जुनगंज के साईदत्ता फीडर से पोषित इलाकों में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी। कैंट में एचटी पोल लगाने के चलते कई इलाकों में आपूर्ति बाधित रहेगी। अहिबरनपुर डालीगंज में गोड़ीयन टोला में बिजली सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली नहीं आएगी। पुरनिया उपकेंद्र से पोषित इलाके में जर्जर कंडक्टर को बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसके चलते सेक्टर के, पी, क्यू, विद्यांचल मंदिर के आसपास के इलाके की विद्युत आपूर्ति सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक बाधित रहेगी। चिनहट के शिवपुरी उपकेंद्र से देवा, अमराई, मटियारी फीडर से पोषित चिनहट टाउन, तिवारीगंज, हरदासी खेड़ा, हिमसिटी, चिनहट बाजार, बाबा नट बाजार, दयाल गेट, के साथ कमता, इस्माइलगंज, हनुमान मंदिर,, मैल्हूर पंचवटी कार्य होने के चलते सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे का आपूर्ति बाधित रहेगी।

# हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में कम पहुंच रहे मरीज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रतिदिन चार से पांच मरीज ही पहुंचते हैं ओपीडी में
- सीएमओ बोले, कम मरीज वाले सेंटर स्लम एरिया में शिफ्ट होंगे

**अमृत विचार :** पॉश कॉलोनी में खुले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) पर इक्का-दुक्का ही मरीज आ रहे है। इससे यहां तैनात डॉक्टर व मेडिकल स्टॉफ की मौज है। कई केंद्रों को निर्धारित समय से पहले ही बंद कर दिया जाता है। लोगों आरोप है कि इन केंद्रों को खुलवाने में नियमों की अनदेखी की गई है। कोरम पूरा करने के लिए रजिस्टर पर फर्जी मरीजों के नाम दर्ज किये जा रहे हैं।

मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज शहर में 108 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर खोले गए। स्वास्थ्य विभाग ने नियमों की अनदेखी कर पॉश कॉलोनी मड़ियांव ताड़ीखाना गेटेड कॉलोनी, आशियाना सेक्टर एच, न्यू हैदराबाद, पेपर मिल कॉलोनी, कमता, हरिहरपुर इंदिरा आदि कॉलोनियों में भी सेंटर खुलवा दिए हैं। इन क्षेत्रों के लोग सरकारी सेंटर के बजाए निजी अस्पतालों में कराते हैं। ओपीडी में प्रतिदिन चार से पांच मरीज ही पहुंचते हैं। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल कहा कि जिन सेंटरों पर मरीज कम हैं उन्हें स्लम एरिया में शिफ्ट कराया जाएगा।

### त्रिवेणी नगर सेंटर पर नहीं मिले डॉक्टर

त्रिवेणी नगर के मारूति पार्क स्थित पॉश कॉलोनी में जन आरोग्य मंदिर खुला है। रविवार को यहां पर इलाज के लिए गए युवक ने बताया कि दोपहर करीब 12 बजे कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला। नर्स ओपीडी पर्चे पर मर्ज पूछकर दवाएं लिख रही थी। नर्स ने बताया कि डॉक्टर साहब रोजा से हैं इसलिए वह नहीं आए।

### मानसिक और कैंसर मरीजों की स्क्रीनिंग भी होगी

कोविड के बाद लोगों में मानसिक स्वास्थ्य की समस्या सामने आई है। लिहाजा हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) पर मानिसक रोगों का उपचार और कैंसर रोगियों की स्क्रीनिंग भी की जाएगी। स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि आरोग्य मंदिर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के माध्यम से मानसिक बीमारियों से पीड़ित व्यक्तियों की पहचान कर समय से इलाज सुनिश्चित किया जाएगा।

# सामान्य कचरे के साथ फेंका जा रहा बॉयोमेडिकल

कार्यालय संवाददात, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल में बॉयोमेडिकल वेस्ट के निस्तारण में लापरवाही की जा रही है। इसे सामान्य कचरे के साथ फेंका जा रहा है। इससे लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा है। अस्पताल में स्थित नगर निगम के डंपिंग यार्ड में बॉयोमेडिकल वेस्ट पड़े होने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। अस्पताल प्रशासन दोनों कचरा अलग-अलग भेजे जाने का दावा कर रहा है।

बलरामपुर अस्पताल परिसर स्थित पोस्ट ऑफिस पास सामान्य कचरे का डपिंग यार्ड बनाया गया है। बॉयोमेडिकल वेस्ट अलग जगह पर रखा जाता है। सामान्य कचरे के साथ बॉयामेडिकल वेस्ट भी फेंका जा रहा है। सामान्य कचरे में निडिल, यूरिन बैग, ग्लब्स समेत अन्य बॉयोमेडिकल वेस्ट फेंका जा रहा है। सफाईकर्मी सामान्य कचरे से प्लास्टिक का सामान अलग कर लेते हैं। जिसे कबाड़ी को बेचा जाता है। बाकी यूरिन बैग समेत अन्य कचरा सामान्य कचरे के साथ नगर निगम की गाड़ी उठाकर ले जा रही है। दोनों कचरा अलग-अलग होने का नियम है।

- बलरामपुर अस्पताल में बरती जा रही लापरवाही, वीडियो वायरल



सामान्य कचरे में पड़ा यूरिन बैग।

# देश में सबसे ज्यादा मानसिक रोगी : डॉ. सूर्यकांत

## विश्व स्वास्थ्य दिवस : हर तीन में से एक व्यक्ति मानसिक बीमारी से ग्रसित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** आंकड़ों के अनुसार देश में दुनिया के सबसे ज्यादा मानसिक रोगी हैं। देश में हर तीन में एक व्यक्ति मानसिक रोगी होता है। 18 प्रतिशत आत्महत्या करने वाले लोगों का पूर्व में आत्महत्या करने का असफल प्रयास रहा है। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य दिवस पर केजीएमयू के रेस्परेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने दी।

डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि देश में लगभग 10 करोड़ हाइपरटेंशन व हृदय रोग के मरीज हैं। सांस के रोगी नौ करोड़ और सात करोड़ लोग डायबिटीज से पीड़ित हैं। प्रति वर्ष सात लाख लोग कैंसर की चपेट में आ रहे हैं। विश्व का टीबी का हर चौथा मरीज भारत में। उन्होंने कहा कि अनियमित जीवनशैली के कारण बीमारियां बढ़ रहीं है। लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।



डॉ. सूर्यकांत

- डॉ. सूर्यकांत ने बताया कि देश में लगभग 10 करोड़ हाइपरटेंशन व हृदय रोग के हैं मरीज

### 44 फीसदी मृत्यु का कारण गैर संचारी रोग

डॉ. सूर्यकांत ने बताया विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार दुनिया की 10 प्रमुख बीमारियां हृदय रोग, स्ट्रोक, क्रोनिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, लोअर रेस्पिरेटरी इंफेक्शन, नियोनेटल कंडीशन, ट्रेकिया, ब्रोंकस लंग कैंसर, एल्जाइमर एण्ड डिमेंशिया, डायरिया, डायबिटीज और किडनी डिजीज हैं। वैश्विक स्तर पर वर्ष 2019 में मौतों के 10 प्रमुख कारणों में से सात गैर-संचारी रोग थे। यह सात कारण सभी मौतों के 44 प्रतिशत या शीर्ष 10 में से 80 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार थे।

### स्वस्थ जीवन के लिए करें ये उपाय

डॉ. सूर्यकांत का कहना है कि अधिकाधिक पौधरोपण, धूम्रपान, तंबाकू, नशीले पदार्थों के सेवन की लत से दूर रहना, सार्वजनिक परिवहन का अधिक उपयोग करना एवं परिवहन के लिए पर्यावरण के अनुकूल ईंधन का उपयोग करना, पैदल चलना और साइकिल चलाना, भोजन बनाने के लिए स्वच्छ ईंधन का उपयोग करना, प्लास्टिक का उपयोग न करना, स्वस्थ जीवन शैली, पारंपरिक भोजन, योग और व्यायाम, स्वस्थ रहने के मूल मंत्र हैं।

### मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरा नगर आवासीय महासमिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने रविवार को मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत की। लोकतंत्र की मजबूती के लिए शुरू हुए अभियान में पार्क में टहलने वाले और राहगीरों को मतदान के प्रति जागरूक किया। महासमिति के सदस्यों ने खुद भी मतदान करने की शपथ ली। इंदिरा नगर के अरविंदो पार्क में मतदाता जागरूकता अभियान की शुरूआत महासमिति के अध्यक्ष देवीशरण त्रिपाठी, महासचिव सुशील कुमार बच्चा की अगुवाई में हुई। पदाधिकारियों ने बताया कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान करने के लिए महासमिति लोगों को जागरूक करेगी। उन्हें वोट करने का तरीका और वोट की ताकत के बारे में बताया जाएगा।

# दो जगह नौकरी करने वाले डॉक्टर पर होगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग में संविदा पर नौकरी करने के साथ ही कैंसर संस्थान में भी सेवाएं देने वाले डॉक्टर के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग ने कैंसर संस्थान से रिपोर्ट तलब करके शासन को भेजी है। डॉक्टर की दोनों जगह सेवाएं समाप्त होने के साथ रिकवरी भी की जाएगी।

दरअसल आरोपी डॉक्टर सीएमओ के अधीन खुले जन आरोग्य मंदिर में तैनात था। इसके अलावा चक गंजरिया स्थित कैंसर संस्थान में असिस्टेंट प्रोफेसर पद पर भी कार्यरत था। स्वास्थ्य विभाग की जांच में खुलासा होने पर कैंसर संस्थान में नौकरी से जुड़े दस्तावेज तलब कर लिए गए हैं। डॉक्टर ने अपने बचाव में तर्क दिया कि उसके खाते में गलती से कैंसर संस्थान से वेतन आ रहा था। उसके जरिए वहां पर इंटरव्यू दिया गया था मगर ज्वाइन नहीं किया था। अहम बात यह है बिना ज्वाइनिंग ही उसके खाते में कई माह का वेतन कैंसर संस्थान से आया था। इसके अलावा के सीएमओ यहां से भी वह वेतन ले रहा था। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों ने पूरे मामले की रिपोर्ट डीएम और शासन को भेजी है। सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल के मुताबिक, मामले की जांच अभी चल रही है। शासन को पूरे प्रकरण से अवगत कराया गया है। वहां से दिशा-निर्देश मिलते ही आगे की कार्रवाई होगी।

- सेवाएं समाप्त करने के साथ वेतन की रिकवरी भी होगी

**जांच में फंसने पर हुआ खुलासा :** दरअसल आरोपी डॉक्टर के पिता रिटायर्ड डॉक्टर हैं। उनकी वर्तमान में तैनाती हुसैनाबाद पीएचसी में है। बीते दिनों उन पर महिला मरीज से इलाज के बहाने छेड़छाड़ करने का आरोप लगा था। इसका एक वीडियो भी वायरल हुआ था। स्वास्थ्य विभाग ने जांच शुरू की तो उसके बेटे द्वारा दो जगह पर नौकरी करने का खुलासा हो गया।

## एक नजर

### फंदे से लटका मिला कैटर्स का शव

अमृत विचार, लखनऊः रहीमाबाद के झब्बाखेड़ा उमराव गांव में रविवार सुबह कैटर्स राजेश प्रजापति (27) का शव घर में फंदे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। झब्बाखेड़ा उमराव निवासी कैटर्स राजेश प्रजापति सुबह 10 बजे तक काम कर लौटे थे। पत्नी मीना ने बताया कुछ देर बाद पति राजेश कमरे में सोने चले गए। इसके बाद वह सास-ससुर के साथ खेत पर काम करने चली गई। दोपहर 12 बजे परिजन घर पहुंचे तब उन्होंने राजेश को कमरे में दुपट्टे के फंदे से लटकता पाया। प्रभारी निरीक्षक अनुभव सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डूबने से हुई थी शटरिंग मिस्त्री की मौत

अमृत विचार, सरोजनीनगर : शटरिंग मिस्त्री की डूबने से हुई थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि रिपोर्ट में चोट के निशान नहीं मिले हैं। परिजनों से तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। बता दें अमौसी गांव निवासी शटरिंग मिस्त्री शिवम रावत (22) का शव शनिवार को तालाब में शव मिला था। परिजन हत्या का संदेह जता रहे थे। थाना प्रभारी का कहना है कि जांच में पता चला कि तालाब में नहाने उतरा। तभी डूब गया।

### एटीएम कार्ड बदल कर खाते से निकाले रुपये

अमृत विचार, लखनऊः चौक कोतवाली अंतर्गत बाग महानारायण निवासी कामिनी गुप्ता शुक्रवार शाम खुनखुन जी रोड स्थित एटीएम बूथ से रुपए निकालने गई थीं। पीछे खड़ा जालसाज मदद के बहाने बातों में फंसाकर कार्ड बदल लिया। जिसके बाद उसने खाते से 25 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने पर कामिनी को ठगी की जानकारी हुई। उन्होंने चौक कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है।

# बच्चे पर वन्यजीव ने किया हमला, लोगों में भय

## सरोजनीनगर क्षेत्र की घटना, लगभग एक माह पहले लोगों ने तेंदुआ देखने का किया था दावा

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

▶▶ वन विभाग ने कहा, फिशिंग कैट को तेंदुआ समझा

अमृत विचारः सरोजनीनगर क्षेत्र में रविवार को अज्ञात वन्यजीव ने एक बच्चे पर हमला कर दिया। जिसको लेकर लोगों में दहशत बरकरार है। बच्चे पर वन्यजीव के हमले की सूचना पर सरोजनीनगर और वन विभाग की संयुक्त टीम ने कांबिंग की। बावजूद इसके टीम को तेंदुए का नामोनिशान नहीं मिला। सूत्रों की मानें तो, गांव में तेंदुए को देखने जाने के साक्ष्य मिले है, लेकिन वनविभाग ने इसकी अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि नहीं की है।

गौरतलब है कि 06 मार्च को सरोजनीनगर के नई बस्ती व गौरी इलाके में तेंदुआ दिखाई पड़ने सूचना सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर तेजी से प्रसारित हुई थी। इस सूचना से तमाम गांव में तेंदुए को लेकर दहशत फैल गई थी। वहीं, वनविभाग का कहना है कि लोगों फिशिंग कैट को तेंदुए समझ अफवाह उडा दी। इसी कड़ी में रविवार को नई बस्ती निवासी रामकरन यादव का बेटा शिखर (10) मां के साथ स्कूटर इण्डिया चौराहे से ऑटो में बैठकर घर लौट रहा था। स्कूटर इण्डिया-बिजनौर रोड पर एम्बुलेंस सर्विस सेंटर के पास किसी अन्य जीव ने हमला कर दिया था।



कांबिंग के दौरान वन विभाग कर्मी व पुलिस टीम। अमृत विचार

जिसमें ऑटो में सवार अन्य सवारियां भी दशहत में आ गई। जिसके बाद ऑटो चालक ने वाहन की रफ्तार बढ़ा दी। रामकरन ने बताया कि वन्य जीव के हमले से ऑटो चालक जख्मी हो गया। जबकि बेटे शिखर के पैर में पंजे के निशान भी आ गए। सूचना मिलते ही वन विभाग ने जख्मी लोगों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया।

### वन विभाग की टीम और पुलिस ने की कांबिंग

सरोजनीनगर प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरी के मुताबिक, बच्चे पर वन्यजीव के हमले की सूचना पर वन विभाग के साथ स्थानीय पुलिस ने कांबिंग की। प्रथम दृष्टिया में यह बात सामने आई कि जंगली बिल्ली (फिशिंग कैट) पकड़कर कुरौनी जंगल में छोड़ी गयी थी। फिशिंग कैट को ग्रामीण तेंदुआ समझ रहे हैं। वहीं रेंजर डीसी पंत ने बताया कि बच्चे के ऊपर हमले वाली बात भी संदिग्ध है। लेकिन इसके बावजूद वन विभाग की टीम लगाकर पूरे दिन क्षेत्र में कांबिंग कराई गई। मगर कहीं कोई ऐसी जानकारी या चिन्ह नहीं मिला। जिससे कि तेंदुए की पुष्टि हो सके।

# छात्रा से कीअभद्रता, विरोध करने पर भाई को पीटा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गाजीपुर थाना क्षेत्र का मामला गोमतीनगर निवासी है छात्रा

▶▶ पुलिस ने 10 के खिलाफ दर्ज की प्राथमिकी

अमृत विचारः गाजीपुर इलाके में बीए की छात्रा कॉलेज से शोहदे द्वारा अभद्रता करने का मामला सामने आया है। छात्रा के भाई ने विरोध किया तो शोहरे ने साथियों को बुला उसे पीट लहूलुहान कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने शोहदे समेत 10 पर रिपोर्ट दर्ज की है।

गोमतीनगर थाना क्षेत्र निवासी छात्रा ने बताया कि वह गाजीपुर इलाके के एक डिग्री कॉलेज में बीए, तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रही है। शनिवार को वह कॉलेज के बगल में फार्म भरवा रही थी। इसी दौरान एक शोहदा उससे अभद्रता करने लगा। उसने काल कर अपने भाई को बुलाया। भाई ने शोहदे की हरकतों का विरोध किया तो उसने 8 से 10 साथियों को बुला लिया। आरोपियों ने भाई को लातघूसों से पीट कर लहूलुहान कर दिया। इतना ही नहीं शोहदे ने पुलिस से शिकायत करने पर भाई की हत्या की धमकी दी। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। इंस्पेक्टर गाजीपुर विकास राय ने कहा मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## रेलवे ट्रैक के किनारे मिला अज्ञात युवक का शव

अमृत विचार, सरोजनीनगरः इलाके में रविवार को अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक के किनारे मिला। पहचान नहीं होने पर पुलिस ने 72 घंटे के लिये शव मोर्चरी में रखवाया है।

हुल्ली खेड़ा के सामने अप व डाऊन पटरी के बीच रविवार को शव मिला, जो दिन पुराना प्रतीत हो रहा है। पुलिस के मुताबिक मृतक की उम्र 30 से 35 वर्ष है। उसके शरीर पर फटी शर्ट, सफेद बनियान व नीली जींस है। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि पिपरसण्ड रेलवे स्टेशन मास्टर की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पहचान का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। प्रथम दृष्टया युवक की मौत ट्रेन से गिरकर होना प्रतीत हो रही है।

# अपराधिक इतिहास वाले 15 और लोगों के शस्त्र लाइसेंस होंगे निरस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस की कवायद

अमृत विचारः लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिये लखनऊ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी क्रम में अपराधिक इतिहास मिलने पर विभिन्न थाना क्षेत्र से 15 ऐसे शस्त्र लाइसेंस धारकों को चिन्हित किया है। जिनके लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति कमिश्नर एसबी शिरडकर से की है।

जिनके लाइसेंस निरस्त करने की संस्तुति की गई है, वह अलग-अलग थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनमें राम आसरे चैरसिया निवासी माल, सलीम निवासी ग्राम थावर, शैलेन्द्र सिंह निवासी लतीफपुर, राघवेन्द्र निवासी रनीपारा, जमालुददीन निवासी ग्राम तकिया, प्रकाश वीर सिंह निवासी बसन्तपुर, ईश्वर सिंह निवासी जिन्दाना, अवधेश कुमार सिंह निवासी जिन्दाना, मंजू पत्नी स्व. भूपेन्द्र सिंह निवासी आंट गढी सौरा, दिनेश कुमार सिंह निवासी आंट गढी सौरा शामिल हैं। इसके अलावा अमित यादव निवासी ग्राम भगवन्तखेडा, थाना मलिहाबाद राजेश कुमार निवासी ग्राम आंट, राकेश सिंह निवासी रकाबगंज, थाना बाजारखाला, तेज भान सिंह निवासी मऊ, थाना मोहनलालगंज और अरविन्द कुमार निवासी मऊ शामिल हैं।

## अवैध संबंध का विरोध करने पर पत्नी का सिर फोड़ा

अमृत विचार, लखनऊः बाजारखाला थाने में तालकटोरा के नंदखेड़ा निवासी रामचंद्र यादव ने दामाद संतोष यादव के खिलाफ बेटी पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या के मुताबिक तहरीर में रामचंद्र ने बताया कि वर्ष 2010 में बेटी की शादी संतोष से की थी। आरोप है कि शादी के बाद भी दामाद के एक महिला से संबन्ध है। इससे दोनों के बीच जाए दिन विवाद होने लगा। तीन अप्रैल को कहासुनी होने पर दामाद ने बेटी के सिर पर क्रिकेट बैट से हमला कर दिया। सिर पर चोट लगने से वह बेहोश हो गई। नातिन ने फोन पर नाना को सूचना दी। पिता ने बेटी को अस्पताल में भर्ती कराया।

# सर्राफ से लूट का पुलिस आज कर सकती है खुलासा

संवाददाता, लखनऊ/ सरोजनीनगर

फॉलोअप

▶▶ लूट के छह आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होने की चर्चा

▶▶ बंथरा इलाके में चार दिन पहले हुई थी लूट की वारदात

अमृत विचारः बंथरा इलाके में सर्राफ से हुई लूट की वारदात का पुलिस सोमवार को खुलासा कर सकती है। सूत्रों का कहना है कि वारदात को अंजाम देने वाले बदमाश पुलिस की गिरफ्त में आ गये हैं, कुछ बिंदुओं पर अभी जांच बाकी है। इंस्पेक्टर हेमंत राघव का कहना है कि पुलिस टीमें काम कर रही हैं। अभी कुछ बताना संभव नहीं है।

बंथरा थाना प्रभारी हेमंत कुमार राघव का कहना है कि क्षेत्र व आसपास के पुराने हिस्ट्रीशीटरों के बारे में जानकारी इकट्ठा की गई। इसके अलावा घटना स्थल से लेकर दुकान तक आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों से अहम सुराग मिले हैं। कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। जल्द ही घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

बता दें बंथरा में हनुमान मंदिर के पास रहने वाले सर्राफ सुरेंद्र कुमार गुरुवार शाम करीब 6:30 बजे काकोरी के बेहटा स्थित दुकान बंद कर बाइक से 13 वर्षीय बेटे वंश के साथ घर जा रहे थे। रास्ते में लोनहा गांव के पास गड़रियन खेड़ा रेलवे फाटक पार करते ही लोनहा जंगल में पीछे से पहुंचे 3 बाइकों पर सवार पांच बदमाशों ने लूट की वारदात अंजाम दी थी।

बदमाश 2 लाख के गहनों और 60 हजार रुपये नगदी से भरा बैग लूट फरार हो गये थे। उन्होंने लूट की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वारदात का खुलासा करने पुलिस की पांच टीमें लगी हैं। सूत्रों का कहना है कि वारदात को अंजाम देने वाले पांच बदमाशों समेत छह को गिरफ्तार कर लिया गया है। लूट के माल आदि की बरामदगी का प्रयास किया जा रहा है। मालूम हो कि घटना के बाद सर्विसलांस के साथ ही पुलिस की कई अन्य टीमें आरोपियों की तलाश में जुटी थीं।

# दिवंगत सैन्यकर्मी के पिता को पुलिस के सामने मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ गुड़म्बा क्षेत्र का मामला, जमीन पर कब्जा करने का आरोप

अमृत विचारः गुड़म्बा इलाके में दिवंगत सैन्यकर्मी के पीड़ित पिता को पुलिस के सामने जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

अलीगंज के सेक्टर एच निवासी योगेंद्र प्रताप सिंह ने गुड़म्बा थाने में तहरीर दी। बताया उनकी जमीन बख्शी का तालाब इलाके के अधार खेड़ा में है। जिस पर मऊ जिले के तेघना निवासी जीतेंद्र प्रताप सिंह और शशिभूषण सिंह कब्जा कर दो दिन से निर्माण करा रहे थे। जिसे उन्होंने पुलिस को सूचना कर रुकवा दिया था। इससे आक्रोशित आरोपी उसके घर में घुस गाली गलौज व मारपीट करने लगे। योगेंद्र की सूचना पहुंची पुलिस की मौजूदगी में भी आरोपियों ने योगेंद्र को जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि वह दिवंगत सैन्यकर्मी के पिता हैं। घटना से सामाजिक छवि धूमिल हुई है। इंस्पेक्टर नितीश कुमार ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# बाड़े में लगी आग, 37 बकरियां जिंदा जलीं

संवाददाता, मलिहाबाद

अमृत विचारः माल थाना अंतर्गत रनियामऊ गांव में शनिवार देर शाम उस वक्त हड़कम्प मच गया। जब संदिग्ध परिस्थितियों में बकरियों के बाड़े में भयावह आग लग गई। इस हादसे में 37 बकरियों की जिंदा जलकर मौत हो गई। हालांकि, कड़ी मशक्कत कर ग्रामीणों ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी।

**दो बकरियों को बचाया जा सकाः** माल प्रभारी निरीक्षक राजेश त्रिपाठी के मुताबिक, रनियामऊ गांव निवासी किसान फूलचन्द्र भाई रामौतार के साथ गांव में झोपड़ी बनाकर रहते हैं। यह दो बीघा जमीन पर खेती बाड़ी करने के अलावा



▶▶ माल थाना अंतर्गत रनियामऊ गांव में शनिवार रात हुआ हादसा

बकरी पाल कर परिवार का भरण पोषण करते है। पूछताछ में बताया कि परिवार के बाकी सदस्य मजदूरी करते हैं। पीड़ित ने बताया कि शनिवार शाम वह बाड़े में बकरियों को चारा, पानी देकर किसी काम से गांव से बाहर गए थे।

रात लगभग आठ बजे वह घर से खेत लौटे तो देखा कि उनकी झोपड़ी से आग की ऊंची ऊंची लपटे उठ रही है। चंद मिनट में आग ने विकराल रूप धारण कर दिया। पीड़ित ने बताया कि बाड़े में बंधी 37 बकरियां जिंदा जलकर गई। उनमें से सिर्फ दो बकरियों को बचाया जा सका। इस घटना में फुलचंद आशिक रूप से झुलस गए।

### ग्रामीणों ने बकरियों को बचाने का किया प्रयास

प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो, बाड़े में आग की ऊंची-ऊंची लपटें दूर से ही दिखाई पड़ने लगी। मवेशियों की आवाज सुनकर ग्रामीण उन्हें बचाने की कोशिश करते रहे, लेकिन कुछ ही पल में बाड़ा धू-धूकर दहकने लगा। गोपरामऊ और रनियामऊ के बाशिंदे गोमती नदी से बाल्टियां में पानी भर पर बाड़े में डालने लगे। इसी बीच ग्रामीण टैंकर लेकर पहुंचे और कड़ी मशक्कत का फैलती आग पर काबू पाया गया।

### एक घंटे बाद पहुंची माल पुलिस

ग्रामीणों ने बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम पर बाड़े में आग लगने की सूचना दी गई थी, लेकिन पुलिस करीब घंटे की देरी से पहुंची। ग्रामीणों ने बताया कि अगर सही समय पर पुलिस मौके पर पहुंचकर दमकल को बुलाती। तब शायद बाड़े में बंधी बकरियों को बचाया जा सकता। वहीं, पीड़ित किसान फूलचंद का कहना है कि ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया है। थोड़ा सी भी देर होती तो शायदा गांव में एक बड़ा हादसा हो जाता।

## सार-संक्षेप



रामकथा में प्रतिभाग करने वाले बच्चे। अमृत विचार

### कथा में राम के संवाद का किया वर्णन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा में नगर पंचायत कार्यालय के पास आयोजित 10 दिवसीय श्रीमद् भागवत राम कथा के छठवें दिन शनिवार देर शाम कथावाचक पंडित विष्णु कांत शास्त्री ने केवट प्रसंग का वर्णन किया। उन्होंने केवट और भगवान राम के संवाद की विस्तृत कथा सुनाते हुए बताया कि तापत शेष विशेष उदासी, चौदह वर्ष राम वनवासी। अर्थात राम जी को 14 वर्ष का वनवास हो जाने के बाद अयोध्या से वन गमन के लिए चले। सुमंत जी राघव को श्रंगबेरपुर निषाद राज के पास लेकर पहुंचे। जहां रात्रि विश्राम किया। कार्यक्रम में प्रभु राम और केवट संवाद के बाद झांकी भी प्रस्तुत की गई। जिसका पंडाल में मौजूद भक्तों ने खूब आनंद लिया। अंत में रोज की तरह चलने वाले भंडारे में पूड़ी सब्जी वितरित की गई।

### किशोरी को अगवा किया, पिता को धमकाया

अमृत विचार, लखनऊ : चिनहट थाना अंतर्गत कांशीराम आवास योजना निवासी पिता ने अरबाज अली और उसके पिता नवाब अली के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसमें बताया कि एक अप्रैल की शाम अरबाज अली सोलह वर्षीय बेटी को भगा ले गया। शक होने पर नवाब अली से उसके बेटे अरबाज की शिकायत की तो वह भी अभद्रता करने लगा। विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने कहा कि मामला प्रेम प्रसंग का है, दोनों पक्ष रिश्तेदार हैं। सर्विलांस की मदद से किशोरी को बरामद कर परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।

### महिला से छेड़खानी, पति को पीटा

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला थाना क्षेत्र में अमीनाबाद बाजार से लौटते समय शोहदे ने विवाहता से छेड़ाखानी की और विरोध करने पर पति को पीट दिया। प्रभारी निरीक्षक संतोष आर्या ने बताया कि बाजार से स्कूटी से लौटते समय सफेद रंग की एक्टिवा सवार युवक फब्तियां कसने लगा। नादान महल रोड जामा मस्जिद के पास स्कूटी में टक्कर मारकर दंपति को गिरा दिया और अभद्रता की। विरोध करने पर शोहदे ने पति की पिटाई कर दी। कैम्पबेल रोड निवासी शोहदे तारिक कुरैशी के खिलाफ छेड़छाड़, मारपीट, गाली गलौज और धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज की गई है।

### मोबाइल लुटने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : हाईकोर्ट के बाहर निजी कम्पनी की कर्मचारी गुंजन वर्मा को धक्का देकर मोबाइल लूटने वाले शातिर को विभूतिखंड पुलिस ने दबोच लिया है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह ने बताया कि लुटेरे की पहचान बाराबंकी जनपद निवासी मो. यूसुफ के रूप में हुई है। उसके पास से लूटा गया मोबाइल और घटना में प्रयुक्त सफेद रंग की एक्टिवा बरामद की गई है।




आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर उपवास रख विरोध करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

### केजरीवाल की गिरफ्तारी के विरोध में आप कार्यकर्ताओं ने रखा उपवास

अमृत विचार, लखनऊ : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी (आप) के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने रविवार को उपवास रखा। प्रदेश महासचिव दिनेश पटेल समेत अन्य पदाधिकारियों ने महात्मा गांधी और डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये और कहा कि आप ही भाजपा के कुशासन की कलई खोलने का काम करेगी।

इस मौके पर नदीम अशरफ जायसी, रितेश सिंह, बीएन खरे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मकान में आग लगने से गृहस्थी जली

अमृत विचार, लखनऊः कृष्णानगर कोतवाली अंतर्गत मानस नगर में बंद मकान में आग लगने से गृहस्थी जलकर नष्ट हो गई। मुख्य शमन अधिकारी मंगेश कुमार ने बताया कि रविवार सुबह करीब साढ़े छह बजे कंट्रोल रूम पर बंद मकान में आग लगने की सूचना मिली। आलमबाग फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी भेजी गई।

एफएसओ आलमबाग ने बताया कि आग मानकनगर में सुरेंद्र राम के बंद मकान में लगी थी। लपटें बाहर की तरफ निकलने लगी। पड़ोसियों की मदद से पुलिस मकान का ताला तोड़ आग पर काबू पाया। शार्ट सर्किट से आग लगने की संभावना जताई जा रही है।

# दुष्कर्म के बाद युवती के चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः गुड़म्बा थाना अंतर्गत एक युवक ने मोहल्ले में रहने वाली युवती से दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर आरोपी ने उसके चेहरे पर तेजाब उड़ने की धमकी दी। जब युवती की शादी तय हुई तब आरोपी ने उसकी आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर रिश्ता तोड़वा दिया। यह आरोप लगाते हुए युवती ने चार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

प्रभारी निरीक्षक नितिश श्रीवास्तव के मुताबिक, क्षेत्र की रहने वाली युवती (22) ने मोहल्ले के रहने वाले तीन सगे भाई कुलदीप कुमार, अजय, संदीप और उनके पिता रामपाल पर गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में युवती ने बताया कि कुलदीप ने दो वर्ष पहले उसके साथ दुष्कर्म किया। इस बीच उसने आपत्तिजनक फोटोग्राफ मोबाइल कैमरे खींच ली। युवती ने बताया कि परिजनों ने उसकी शादी दूसरी जगह तय कर दी। तब आरोपी उसकी आपत्तिजनक फोटोग्राफ को वायरल करने की बात कहकर उसके चेहरे पर तेजाब फेंकने की धमकी देते हुए फोटोग्राफ वायरल कर रिश्ता तोड़वा दिया। विरोध करने पर आरोपी ने भाई अजय, संदीप और पिता रामपाल के साथ उसके परिवारिक सदस्यों की बेरहमी से पिटाई कर दी।

# विद्या मंदिर सहकारी समिति के अध्यक्ष पर धोखाधड़ी का आरोप

▶▶ सरोजनीनगर पुलिस ने शुरू की जांच

▶▶ फर्जी तरीके से प्लॉट की रजिस्ट्री कराने का आराप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचारः विद्या मंदिर सहकारी समिति अध्यक्ष के खिलाफ सरोजनीनगर थाने में धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इसमें समिति अध्यक्ष पर फर्जी कागज से आवंटित प्लॉट की रजिस्ट्री अपने बेटे के नाम पर कराने का आरोप है।

तहरीर में अलीगंज सेक्टर-बी निवासी विंध्याचल जोशी की पत्नी हेमलता ने बताया कि वर्ष 1995 में समिति की विष्णुलोक कॉलोनी में प्लाट संख्या 90 खरीदा था। जिस पर हेमलता ने बाउंड्री भी बनवाई थी। कुछ वक्त पूर्व विंध्याचल को पता चला कि प्लॉट की रजिस्ट्री अभिषेक अस्थाना के नाम पर की गई है। छानबीन करने पर जानकारी मिली की समिति के मौजूदा अध्यक्ष एलके अस्थाना ने सचिव गुलाम नबी के साथ मिल कर फर्जी कागज तैयार कराए थे। जिसके बाद एलके अस्थाना ने प्लॉट बेटे अभिषेक को ही बेच दिया। प्रभारी निरीक्षक शैलेंद्र गिरि ने बताया कि तहरीर के आधार पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है।

### अभियोजन अधिकारी से धोखाधड़ी

अमृत विचार, लखनऊ : भवन निमार्ण सामग्री देने के नाम पर जालसाज ने ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी के 15 हजार रुपये हड़प लिए। शुक्रवार को महानगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश मिश्र के मुताबिक, शिवमूर्ति सिंह महानगर में सुरक्षा मुख्यालय में ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी के पद पर तैनात हैं। शिवमूर्ति के मुताबिक उनका परिवार मुरादाबाद में रहता है। घर पर निर्माण कार्य चल रहा है। बीते 29 फरवरी को दोपहर तीन बजे कॉल आई थी। फोनकर्ता जालसाज ने उनसे घर पर निमार्ण सामग्री भेजने और भुगतान के 35 हजार रुपये भेजने की बात कही। इस पर पीड़ित ने जालसाज के खाते में 15 हजार रुपये भेज दिए। बाद में जब उन्होंने दुकानदार से बात की तो पता चला कि न तो उन्होंने कोई कर्मचारी भेजा है और न निर्माण सामग्री भेजी है।

### टप्पेबाजों ने पार की फाइनेंस कर्मी की बाइक

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर कोतवाली क्षेत्र में दो टप्पेबाजों ने एक फाइनेंसकर्मी की बाइक पार कर दी। गोंडा के चकिया गांव निवासी फाइनेंस कर्मी बृजेश तिवारी अलीगंज के पांडे टोला में किराए पर रहते हैं। बुधवार रात नौ बजे वह आफिस के काम से जा रहे थे। इसी बीच दो उचक्कों ने उनकी बाइक की चाबी पार कर दी। चाबी ढूंढने पर एक ने डुप्लीकेट चाबी बनाने वाले को लाने के बात कही। बृजेश उसकी बाइक पर बैठ गया। कुछ देर उसने इधर-उधर टहलाया, शक होने पर बृजेश ने बाइक लड़ा दी और झगड़ा करने की बात कर उतार दिया। बृजेश वापस पार्क के पास पहुंचा तो उसकी बाइक से गायब थी।

### तीन लोगों से 29.65 लाख की ठगी

अमृत विचार, लखनऊ : अलग-अलग थाना क्षेत्रों में जालसाजों ने तीन लोगों से धोखाधड़ी कर 29.65 लाख हड़प लिए है। पीड़ितों ने विकासनगर, गाजीपुर और बाजारखाला थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। विकासनगर के प्रभारी निरीक्षक विपिन सिंह ने बताया कि मायाराम वर्मा ने विभूतिखंड ओमैक्स निवासी विनय गुप्ता पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। इसमें आरोप लगाया कि विनय ने कारोबार में घाटे का हवाला देकर 16 लाख रुपये मांगे थे। दो बार में उसे रुपये दे दिए। रुपये मांगने पर वह धमकाने लगा। गाजीपुर की रिंकी चौहान ने अयोध्या कैंट के मिर्जापुर बनवीरपुर निवासी शैलेंद्र सिंह पर पति और रिश्तेदारों की नौकरी दिलाने का झांसा देकर 12.85 लाख आरोप लगाया है। आरोप है कि रुपये मांगने पर राजभवन के अधिकारियों से पहचान का रुआब देखाकर धमकाया। बाजारखाला के ऐशबाग निवासी अनिरुद्ध लाल ने पारा की न्यू अर्जुन विहार निवासी राम प्यारी पर वीजा के नाम पर 80 हजार ठगने का आरोप लगाया है। पुलिस तीनों मामलों में जांच कर रही है।

# बाइक चोर गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस को मिली सफलता, 5 बाइकें बरामद

▶▶ आरोपियों पर दर्ज हैं चोरी के कई मामले

अमृत विचारः सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने बाइक चोर गिरोह का भंडाफोड़ करते हुये पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी की पांच बाइक बरामद कर जेल भेज दिया। पूछताछ में आरोपियों ने महंगे शौक व नशे की लत पूरी करने के लिये बाइकें चोरी करने की बात कुबूल की।

एडीसीपी साउथ शशांक सिंह ने बताया सुशांत गोल्फ सिटी इलाके से बाइकें चोरी हो रहीं थी। 2 अप्रैल को अहिमामऊ निवासी बृजपाल ने घर के बाहर से बाइक चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसके आधार पर पुलिस टीम चोरों की तलाश कर रही थी। रविवार एचसीएल कट के पास से बाइक सवार दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा गया। पूछताछ में युवकों ने बाइकें चोरी की बात कुबूल की। आरोपियों की पहचान गोपाल सिंह निवासी वभन गांवा थाना छावनी जनपद बस्ती और गोपाल सिंह निवासी दुधरा उतरौला जनपद बलरामपुर के रूप में हुई। आरोपियों के कब्जे से ब्रजपाल की बाइक बरामद हुई।

**पुलिस को देख भागे तीन बाइक सवार चोरों को पकड़ाः** इंस्पेक्टर अंजनी प्रकाश मिश्र ने बताया टीम के साथ वाहन चेकिंग के दौरान अटल मेडिकल चौराहे के पास से दो बाइक पर सवार तीन युवक पुलिस को देखकर भागने लगे।

पीछा कर दोनों बाइकों को रोक कर पेपर मांगे, जो नहीं दिखा सके। बताया कि बाइकें चोरी की हैं। आरोपियों की पहचान राजन सिंह उर्फ अभिषेक, अभिषेक सिंह उर्फ कल्लू, निवासी हसनपुर खेवली के रूप में हुई। युवकों पर चोरी के कई मामले दर्ज हैं। दोनों हाउस कीपिंग का काम करते हैं। महंगे शौक और नशे की लत पूरी करने बाइकें चोरी करते थे। इससे पहले भी सभी आरोपी अन्य मामलों में जेल जा चुके हैं।



इकाना स्टेडियम के बाहर पोस्टर के साथ क्रिकेट प्रेमी।


इकाना में मैच के दौरान एलएसजी टीम को प्रोत्साहित करते राजधानीवासी। अमृत विचार


मैच देखने को महिला प्रशंसक भी नहीं रहीं पीछे। अमृत विचार

# यश और क्रुणाल की गेंदबाजी ने जीता दर्शकों का दिल

## गुजरात टाइटंस पर पहली फतह के साथ एलएसजी ने लगाई जीत की हैट्रिक, इकाना स्टेडियम का दूसरा मैच भी रहा हाउसफुल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


अर्धशतक पूरा होने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते मार्कस स्टॉयनिस। अमृत विचार


यश ठाकुर द्वारा विकेट लेने के बाद उनको गले लगाकर बधाई देते एलएसजी के रवि बिश्नोई। अमृत विचार

**अमृत विचार :** मीडियम पेसर यश ठाकुर (5 विकेट) और स्पिनर क्रुणाल पांड्या (3 विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल में पहली बार गुजरात टाइटंस पर फतह हासिल की। इकाना स्टेडियम में इन गेंदबाजों ने महफिल लूट ली। एक के बाद एक विकेट लेकर इन गेंदबाजों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

दुनिया के खूबसूरत स्टेडियमों में शुमार इकाना में क्रिकेट का जादू एक बार फिर दर्शकों के सिर चढ़ कर बोला। स्टेडियम में गूंजता हुआ शोर क्रिकेट के जुनून को बयान कर रहा था। सोने पर सुहागा यह रहा कि पहली बार गुजरात टाइंटस पर फतह करने वाली लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने जीत की हैट्रिक लगाई।

आईपीएल के इस सत्र में अब तक एलएसजी ने चार मैच खेले, जिसमें उसे पहले मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद इकाना स्टेडियम पर बीते 30 मार्च को एलएसजी ने पहली जीत का स्वाद चखा, जब उसने पंजाब किंग्स को हराया। इसके बाद रायल चैलेंजर्स बंगलुरु को उसके घर में हराने के बाद रविवार को एलएसजी ने इकाना में गुजरात टाइंटस को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई। एलएसजी ने घर में आज महामुकाबले में दूसरी जीत दर्ज की। आईपीएल में एलएसजी और गुजरात टाइंटस ने इससे पहले चार मैच खेले थे। इन सभी मुकाबलों में गुजरात टाइंटस ने जीत दर्ज की थी।

मार्कस स्टॉयनिस (58 रन) और निकोलस पूरन (32 रन) की बदौलत एलएसजी ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर 163 रन बनाए। एलएसजी की तरफ से कुल 6 छक्के और 11 चौके दर्शकों को देखने को मिले। डिकॉक के आउट होने के बाद केएल राहुल (33 रन) ने पारी को संभाला। मैच के दौरान स्टॉयनिस और निकोलस पूरन के दमदार प्रहार ने गेंद को दर्शक दीर्घा में भेज कर क्रिकेट प्रेमियों को उत्साह बढ़ाया। जब मेहमान गुजरात की टीम बल्लेबाजी करने उतरी तो लखनऊ के क्रुणाल पांड्या और यश ठाकुर ने बेहतरीन गेंदबाजी की और उन्हें टिकने का मौका ही नहीं दिया। गुजरात टाइंटस की टीम ने जवाब में 18.5 ओवर में 130 रनों के योग पर सिमट गई और उसे 33 रनों से हार का सामना करना पड़ा।

### इन खिलाड़ियों ने निभाई अहम भूमिका

- **मार्कस स्टॉयनिस :** 58 रन, 43 गेंद, 4 चौके, 2 छक्के
- **निकोलस पूरन (नाबाद) :** 32 रन, 22 गेंद, 3 छक्के
- **केएल राहुल :** 33 रन, 31 गेंद, 3 चौके
- **यश ठाकुर :** 3 .5 ओवर, एक मेडन, 30 रन, 5 विकेट,
- **क्रुणाल पांड्या :** 4 ओवर, 11 रन, 3 विकेट

### मैच के खास पल

**रवि ने पकड़ा अद्भुत कैच**

रवि बिश्नोई ने केन विलियम्स का कैच लेकर दर्शकों की खूब वाह-वाही बटोरी। केन विलियम्स को गेंदबाजी कर रहे रवि ने उनका अद्भुत कैच लपका। केन विलिम्स ने रवि की गेंद को हिट किया जो गेंदबाज से थोड़ी दूर दाई ओर हवा में जा रही थी। रवि ने गेंद को देखा और शानदार जंप लगाकर कैच पकड़ लिया।

**...वहीं है निकोलस पूरन**

स्टेडियम के अंदर और बाहर दर्शकों के हाथों में एक से एक आकर्षक स्लोग लिखे पोस्टर नजर आए। 'जो मारते-मारते बना दे सबका चूरन, वहीं है निकोलस पूरन', 'अदब से हराएंगे' और 'एलएसजी वाले है हम, डराते है हम' जैसे स्लोगन लोगों में आकर्षण का केंद्र रहे।

**पूरन और मयंक की आवाजों से गूंजा स्टेडियम**

मैच के शुरू होने के साथ ही स्टेडियम में क्विवंटन डिकाक, निकोलस पूरन और मयंक यादव का शोर गूंजना शुरू हो गया। डिकॉक के आउट होने पर एक पल को सन्नाटा फैल गया। लेकिन राहुल ने अपने खेल से दर्शकों को शोर मचाने को मजबूर कर दिया।

**एलएसजी के रंग में नजर आए दर्शक**

एलएसजी के फैंस का उत्साह चरम पर दिखा। इकाना पहुंचे अधिकांश क्रिकेट प्रेमियों ने नीले रंग की जर्सी पहन रखी थी। चेहरों पर ही एलएसजी का रंग नहीं दिख रहा था, क्रिकेट के दीवानों ने एलएसजी के सपोर्ट में सीने पर भी केएल राहुल का नाम लिखने के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स लिखवा रखा था। ये दर्शक मैच से पहले ही एलएसजी की जीत का शोर मचाते नजर आए।

**पानी की बोतल के साथ गेट खुलने का इंतजार**

दोपहर में ही क्रिकेट प्रेमियों की भीड़ इकाना स्टेडियम के बाहर जमा हो गई। तेज धूप होने के बावजूद दर्शक इकाना स्टेडियम के इर्द-गिर्द घूमते रहे। अधिकांश दर्शकों के हाथ में पानी की बोतल नजर आई। गले को तर करने के साथ ही दर्शक मैच से पहले ही एलएसजी की जीत का शोर मचाते नजर आए।


फैजाबाद रोड से इकाना स्टेडियम की ओर जाने वाले मार्ग पर रेंगते दिखे वाहन।

# इकाना के आसपास के मार्गों पर रही जाम की स्थिति

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** इकाना स्टेडियम में आईपीएल के मैच के चलते रविवार शाम शहीदपथ समेत आसपास के प्रमुख रास्तों पर जाम की स्थिति रही। वाहनों को 10 मिनट की दूरी तय करने में घंटों लग गए। पुलिस भी स्टेडियम के अंदर और बाहर मुस्तैद रही।

इकाना स्टेडियम में रविवार को लखनऊ सुपर ज्वायंट और गुजरात टाइटंस के बीच आईपीएल का मैच खेला गया। इसके चलते इकाना की तरफ जाने वाले शहीदपथ समेत प्रमुख रास्तों पर दोपहर 3 बजे से डायवर्जन लागू रहा। शाम करीब 5 बजे के आसपास इकाना की ओर खेल प्रेमियों का हुजूम उमड़ने लगा।

**मैच के चलते पुलिस रही मुस्तैद, संदिग्धों से की पूछताछ**

इसके चलते शहीदपथ पर वाहनों की लंबी लाइनें लग गईं। इससे वाहन रेंगते नजर आये। वाहनों में सवार लोग घंटों परेशान रहे।

डायवर्जन लागू होने से सुल्तानपुर रोड, अमूल तिराहा, अर्जुनगंज, कैंट और कटाई पुल पर भी वाहनों का जमावड़ा रहा है। इसी तरह के हालात अहिमामऊ, पीएचक्यू, लूलू मॉल के समीप रहे। इस सबके बीच पुलिस जगह-जगह चौकन्नी रही। इकाना स्टेडियम की तरफ आने जाने वालों पर कड़ी नजर रही। संदिग्धों को रोक पूछताछ भी की गई। स्टेडियम के अंदर और बाहर पुलिसकर्मी कड़ी नजर रखे रहे।

## सार-संक्षेप

### भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव का आयोजन कल से

**अमृत विचार, लखनऊ :** तुलसी शोध संस्थान के तहत रामलीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में आगामी 9 से 18 अप्रैल तक रामलीला परिसर ऐशबाग में दस दिवसीय भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव – 2024 का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी रविवार को रामलीला समिति ऐशबाग के सभागार में हुई प्रेसवार्ता में समिति के अध्यक्ष हरीश चन्द्र अग्रवाल और सचिव पं. आदित्य द्विवेदी ने दी। उन्होंने बताया कि 9 से शुरू हो रहे चैती महोत्सव 2024 के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में नवयुग पीजी कॉलेज का स्तुति नृत्य, अमृत सिन्हा के नृत्य निर्देशन में रिदम डिवाइन इंस्टीटयूट के कलाकारों का स्वरांजलि, रीना श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में नृत्या डांस अकादमी के कलाकारों का समूह नृत्य, मंदाकिनी के नृत्य निर्देशन में हार्ट एण्ड सोल के कलाकारों का समूह नृत्य और भास्कर बोस के निर्देशन में मां मंशा देवी की कथा नाटक का मंचन होगा। 10 अप्रैल को बाल निकुंज स्कूल के बच्चों का नृत्योत्सव और जादूगर शशांक का हैरतंगेज जादू का कार्यक्रम मुख्य आकर्षण का क्रेंद्र रहेगा. वंदना शुक्ला का संस्कार नृत्योत्सव भी देखने को मिलेगा. भास्कर बोस के निर्देशन में इसी दिन कथा वैद्यनाथ धाम नाटक का मंचन होगा। 11 अप्रैल को नाटक गंगा अवतरण का मंचन किया जायेगा. 12 अप्रैल डॉ. आकांक्षा श्रीवास्तव के नृत्य निर्देशन में पद्मजा कला संस्थान के कलाकारों का कथक नृत्य और भास्कर बोस के निर्देशन में धन्ना भगत नाटक का मंचन होगा। 13 अप्रैल को सेठ आनन्दराम जयपुरिया स्कूल के बच्चों का अमित गुप्ता और सुगंध बख्शी के नृत्य निर्देशन में नृत्योत्सव और रतन सिस्टर्स (ईशा-मीशा रतन) का नृत्यांजलि कार्यक्रम तथा नाटक रघुराई राम और सन्त तुलसीदास नाटक का मंचन किया जायेगा।


होली मिलन समारोह के दौरान व्यापारी एसोसिएशन के सदस्य। अमृत विचार

### व्यापारी एसोसिएशन ने होली मिलन कार्यक्रम किया आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ व्यापारी एसोसिएशन द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम श्रीराम ट्रेडर्स तथागत स्कूल के सामने सुगामऊ रोड इंदिरानगर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर धनंजय पात्रा को संरक्षक, देवेंद्र श्रीवास्तव को ट्रांस गोमती अध्यक्ष मनोनीत किया गया। मुख्य रूप से लखनऊ व्यापारी एसोसिएशन के संरक्षक अशवनी मेहता, धनंजय पात्रा, प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, प्रदेश महासचिव विकास मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष एसके श्रीवास्तव, सहयोग विकास समिति के अध्यक्ष धीरज गिहार, भाजपा नेता कल्पेश द्विवेदी, प्रदेश प्रवक्ता आरके साहू, प्रदेश सचिव अमर वर्मा, प्रदेश सचिव महेश चंद्र, प्रदेश कार्यालय मंत्री जेपी श्रीवास्तव, ट्रांस गोमती अध्यक्ष देवेंद्र श्रीवास्तव, ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### प्रेम के कारण भगवान प्रत्यक्ष प्रकट हो जाते हैं : हेमलता



**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती तट स्थित खाटू श्याम मन्दिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा वाचक हेमलता शास्त्री ने विविध कथानकों की रोशनी में प्रेम की व्याख्या की। इसके साथ ही कृष्ण रुक्मिणी मंगल विवाहोत्सव संग फूलों की होली खेली गई। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, दिल्ली हनुमन्तधाम के महन्त वैभव शर्मा आदि ने व्यास पीठ का आशीर्वाद प्राप्त किया। वहीं देर शाम अहमदाबाद से आये भजन गायक नन्द किशोर शर्मा ने भजनों की सरिता प्रवाहित की। कथा व्यास हेमलता शास्त्री ने कहा कि भगवान सर्वत्र हैं, किन्तु प्रेम के कारण वे प्रत्यक्ष प्रकट हो जाते हैं। कथा की शुरुआत में आयोजक धूनीराम, जगदीश अग्रवाल परिवार ने आरती पूजन किया। इस अवसर पर झांसी से आये मानस अग्रवाल के साथ ही गिरिजाशंकर अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, जयप्रकाश गोयल, मुकेश गोयल, राघव, राम, हर्षित, पार्थ, नन्दिनी और देवांश सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक नृत्य करतीं महिलाएं। अमृत विचार

# अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा ने हर्षोल्लास से मनाया होली मिलन समारोह

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा के तत्वावधान में वृन्दावन स्थित ज्ञान सरोवर विद्यालय में उत्तराखंड समाज ने प्रताप सिंह जंगलिया की अध्यक्षता में पारम्परिक होली मिलन समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। जिसमें लखनऊ में रह रहे समाज की सेवा में कार्य कर रहे डॉक्टर, इंजीनियर, पत्रकार, समाजसेवा करने वालों को सम्मानित किया गया।

अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा के संस्थापक भगवान सिंह रावत, मोती लाल नेहरू मेमोरियल सोसायटी के महामंत्री राजेश सिंह, पीजीआई के डॉ. कमलेश, राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिक संसाधन ब्यूरो के पूर्व वैज्ञानिक डॉ. कृपाल दत्त जोशी, एडवोकेट जीडी भट्ट, समाजसेवी हेमन्त पंत एवं कमला कठैत को पुष्प गुच्छ एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर का संरक्षक भगवान सिंह रावत, मुख्य संयोजक प्रताप सिंह जंगलिया, अवधेश कोठारी, अशोक असवाल ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस संबंध में कौशल किशोर ने समारोह में आये सभी लोगों को होली मिलन की शुभकामनाएं दीं।

# शपथ ग्रहण और होली मिलन समारोह आयोजित

**अमृत विचार, लखनऊ :** भारत विकास परिषद की गोमती नगर विस्तार शाखा ने भारत विकास परिषद सेवा ट्रस्ट भवन खरगापुर में शपथ ग्रहण एवं होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन कर हुई।

शाखा की अध्यक्ष डॉ. प्रीति श्रीवास्तव ने कार्यक्रमों रूपरेखा प्रस्तुत की। पूर्व प्रांतीय वित्त सचिव श्रीप्रकाश ने भारत विकास परिषद व उसके योगदान के बारे में जानकारी दी। प्रांतीय महासचिव एस के सक्सेना ने कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. सीमा पांडे को प्रांतीय सचिव एसके सक्सेना ने पुष्प गुच्छ एवं पटका ओढ़ाकर स्वागत किया। शाखा के नए सदस्यों का भी शपथ ग्रहण हुआ। शपथ ग्रहण के बाद होली मिलन के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें सुधीर श्रीवास्तव, बीना बिष्ट, बीना जोशी, राधिका बिष्ट, आशा धोनी, सुनीता सिंह, सुमन गौतम, वंदना त्रिपाठी और सोनी राय ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।


इंदिरानगर स्थित भूतनाथ मार्केट में आयोजित सनातन नारी शक्ति लोक मिलन समारोह में फूलों की होली खेलतीं महिलाएं। अमृत विचार

# सत्य सनातन नारी शक्ति के समारोह में खेली गई फूलों की होली

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सत्य सनातन नारी शक्ति की ओर से सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल की अगुवाई में रविवार को 13वीं संगोष्ठी सावित्री प्लाजा भूतनाथ मार्केट में आयोजित की गई। इस अवसर पर सत्य सनातन नारी शक्ति लोक द्वारा होली मिलन समारोह भी हुआ। उसमें फूलों की होली विशेष रूप से आकर्षण का केन्द्र बनी।

सनातन ध्वज वाहिका सपना गोयल ने संगोष्ठी में बताया कि जिस तरह से उनके एक मात्र संयोजन में बीते माह 10 मार्च को 5 हजार महिलाओं के साथ झूलेलाल घाट में वृहद स्तर पर राष्ट्रीय स्तर का सुंदरकांड का महापाठ करवाया गया। उसी तरह इस अभियान को अब देश के तीर्थ स्थलों पर भी प्रशासनिक अनुमति के आधार पर भव्य रूप से जारी रखा जाएगा। उन्होंने हिन्दुओं का आह्वान किया कि वह अपने अपने स्थानीय मंदिरों में हर मंगलवार को एकत्र होकर सुंदरकांड का पाठ अवश्य करें। इस साल सावन महीने में पांच सौ मंदिरों में महिलाएं एकत्र हो कर सुंदरकांड का पाठ करेंगी।

**हिन्दुओं से मंदिरों में हर मंगलवार सुंदरकांड पाठ करने का किया गया आह्वान**

उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के कई जिलों सहित प्रदेश के 50 गांव और देश में मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली, उड़ीसा, कर्नाटक, महाराष्ट्र, बिहार, तमिलनाडु तक में यह अभियान पहुंच चुका है। विदेशों में मॉरीशस, अमेरिका, साउथ अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात तक में यह अभियान सक्रिय हैं।

# व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी की नयी किताब पर चर्चा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रख्यात व्यंग्यकार अनूप मणि त्रिपाठी की नयी किताब नया राजा और नये किस्से पर वरिष्ठ कवि राजेन्द्र वर्मा की पहल पर चर्चा परिचर्चा का कार्यक्रम आयोजित किया गया। चर्चा की शुरुआत करते हुए युवा आलोचक अजीत प्रियदर्शी ने कहा कि अनूप मणि के पास वह क्षमता व कौशल है जो मौजूदा दौर के व्यंग्य में अपना स्थान बना सके।

उन्होंने कहा कि अनूप मणि के भीतर जोखिम लेने का साहस है। व्यंग्य में बीच का रास्ता नहीं होता और अनूप को बचकर लिखना नहीं आता। मौजूदा समय में आम आदमी की हाइजैक मति को अनूप मुक्त कराने का काम करते हैं। व्यंग्य लिखना एक चुनौती पूर्ण काम है जिसे अनूप बखूबी करते हैं। इनकी रचनाओं में संवाद शैली का बहुत अच्छे से इस्तेमाल हुआ है।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद अतिथि। अमृत विचार

राजेन्द्र वर्मा ने कहा कि अनूप के व्यंग्य छोटे होने के साथ ही उबाऊ भी नहीं होते। विसंगति को पकड़कर जितने शब्दों की जरूरत होती है उतने का ही इस्तेमाल करते हैं।

युवा आलोचक आशीष सिंह ने कहा कि यह किताब उनकी पहली दो किताबों से अलग है। अनूप ने मौजूदा दौर की दुरभसंधियो को प्रश्नांकित किया है।

विनय श्रीवास्तव ने किताब के टाइटल की सार्थकता पर प्रकाश डाला। अनिल श्रीवास्तव ने अनूपमणि की दो व्यंग्य रचनाओं राजा और नींद एवं राजा और नट के माध्यम से उनकी व्यंग्य कला की खास विशेषताओं को रेखांकित किया।

**व्यंग्य लेखन मेरे लिए एक तरह से पत्रकारिता : अनूप मणि**

कवि अशोक शर्मा ने कहा कि इस किताब में अनूप मणि ने एक अहम सवाल उठाया है कि क्या बगैर राजा के किसी समाज की कल्पना की जा सकती है ? अनूपमणि त्रिपाठी ने लेखकीय वक्तव्य में कहा कि व्यंग्य लेखन मेरे लिए एक तरह से पत्रकारिता है, लेकिन कला मानकों की कसौटी पर अगर नया राजा और नए किस्से की बात करूं तो ये जनता को प्रजा बनने से रोकने की एक कोशिश है, जो कहानियों की शक्ल में है।

# एहतियात के तौर पर उन चीजों को छोड़ दें जो एहराम के दौरान हराम हैं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** कार्यालय आयतुल्लाह अल उज़मा सैय्यद सादिक़ हुसैनी शीराज़ी की ओर से जारी हेल्पलाइन में रोजेदारों द्वारा विभिन्न धार्मिक मुद्दों पर पूछे जा रहे सवालों के जवाब मौलाना सैयद सैफ अब्बास नक़वी और अन्य उलेमा के पैनल ने दिए। इस हेल्पलाइन पर रोजाना सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर सम्पर्क किया जा सकता है। महिलाओं की हेल्पलाइन का नम्बर 6386897124 है। हेल्पलाइन पर आज एक रोजेदार ने पूछा कि क्या एतिकाफ के दौरान व्यापार आदि करना जायज़ है ? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि एतिकाफ के दौरान कुछ चीजों को छोड़ना जरूरी है, जिसमें व्यापार भी शामिल है। एक शख्स ने सवाल पूछा कि जो चीजें एहराम बांधने के बाद हराम हो जाती हैं, क्या उन्हें एतिकाफ में छोड़ देना चाहिए? इसके जवाब में कहा गया कि एहतियात के तौर पर उन चीज़ों को छोड़ दें जो एहराम के दौरान हराम हैं। हेल्पलाइन पर एक सवाल पूछा गया कि क्या सदक़ा देने में यह शर्त है कि वह माथे या शरीर के किसी अंग को छूकर दिया जाए ? इसके जवाब में बताया गया कि सदका देने में नियत अहम है। शरीर से छू कर देना जरूरी नहीं है। एक रोजेदार ने पूछा कि ईद के दिन कौन से काम करने चाहिए ? इस सवाल के जवाब में बताया गया कि ईद के दिन सुबह की नमाज के बाद फितरा निकालें, अच्छे कपड़े पहनें, इत्र लगाएं, ईद की नमाज से पहले कुछ मीठा खाएं, हजरत इमाम हुसैन की जियारत पढ़ें, दुआए नुदबा पढ़ें।

**सदका देने में नियत अहम, शरीर से छू कर देना जरूरी नहीं**

## एक नजर

### अब 13 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**हरदोई।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस और प्रशासन कि उसमें सक्रिय भागीदारी के चलते तय किया गया है कि 11 मई के स्थान पर राष्ट्रीय लोक अदालत 13 जुलाई को आयोजित की जाएगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अपर जिला अध्यक्ष सुधाकर दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि परिवर्तन राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण आयोग के निर्देश पर की जा रही है।

### बम्हनाखेड़ा शाखा के नवीन परिसर का हुआ उद्घाटन

**हरदोई, अमृत विचार।** आर्यावर्त बैंक के महाप्रबंधक आरके वर्मा ने बम्हनाखेड़ा शाखा के नवीन परिसर का पूजा-अर्चना के बाद फीता काट कर शुभारंभ किया। इस बीच उन्होंने बैंक की लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान पूर्व क्षेत्रीय प्रबंधक अशोक कुमार श्रीवास्तव, क्षेत्रीय कार्यालय प्रबंधक अजय त्रिपाठी, शाखा प्रबंधक संतोष कुमार, अधिकारी आदेश पाल, प्रियंका जायसवाल, अंकुर श्रीवास्तव व नीरज कुमार मौजूद रहे।

# लाभार्थियों से मिलकर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगें कार्यकर्ता

## चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में वोट प्रतिशत बढ़ाने का दिया गया फॉर्मूला

**कार्यालय संवाददाता लखनऊ**


हलवासिया कोर्ट में आयोजित चुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में मौजूद भाजपा नेता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को हजरतगंज स्थित हलवासिया कोर्ट में लोकसभा क्षेत्र की पांचों विधानसभाओं क्षेत्रों कीचुनाव प्रबंधन समिति की बैठक में वोट प्रतिशत बढ़ाने के फार्मूले पर चर्चा की। लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि कार्यकर्ता लाभार्थियों से समन्वय स्थापित कर भाजपा के पक्ष में समर्थन मांगें।

केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि हर काम को आगे बढ़कर करना है और नरेन्द्र मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाना है। अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ नियति और नीति भी है। जनता भाजपा से सहमत है। सभी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रबंधन समिति के माध्यम से सामूहिक रूप से एक माह में लोकसभा चुनाव को गति प्रदान करना है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता नीरज सिंह ने कहा कि अब समय कम है। बूथ प्रबंधन को मजबूत रखना हमारी जिम्मेदारी है। इसमें विधानसभा संयोजकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। बूथ मजबूत होगा तो वोट प्रतिशत बढ़ेगा। लोकसभा चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा ने बैठक में चुनावी रणनीति के साथ बूथ प्रबंधन, बूथ समिति, पन्ना प्रमुख, रैलियों-सभाओं और रोड शो, प्रचार प्रसार की तैयारियों पर भी विचार-विमर्श किया।

बैठक में राज्यसभा सांसद ब्रजलाल, लखनऊ चुनाव संयोजक मुकेश शर्मा, उत्तर विधायक डॉ नीरज बोरा, एमएलसी अवनीश सिंह, उपविजेता रजनीश गुप्ता, अंजनी कुमार श्रीवास्तव, विधानसभा क्षेत्र संयोजक, सह संयोजक एवं प्रभारी उपस्थित रहे।

### कोचिंग पढ़ने गए छात्र का अपहरण मांगी फिरौती

**अमृत विचार, हरदोई।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलावरपुर के रहने वाले किशोर का अपहरण कर लिया गया। अपहरण करने वाले ने किशोर के मोबाइल से परिजनों को फोन कर पांच लाख की फिरौती मांगी है। परिजनों में घटना के बाद से दहशत व्याप्त है। कोतवाली पहुंचकर पीड़ित परिवार वालों ने तहरीर देकर किशोर को मुक्त करने की मांग की है। शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दिलावरपुर के रहने वाले सगीर खां ने बताया कि उनका 18 वर्षीय भतीजा आरिश खां सुबह तकरीबन 9 बजे कोचिंग पढ़ने के लिए बस द्वारा शाहजहांपुर गया था। लेकिन वापस नहीं लौटा। भतीजे के मोबाइल से कॉल पर पांच लाख रुपए की फिरौती मांगने की मांग करते हुए बताया गया कि उसके भतीजे का अपहरण कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# चुनाव के अनुभव से बढ़ती है काम की क्षमता : दिनेश शर्मा

**कार्यालय संवाददाता लखनऊ**


डॉ दिनेश शर्मा।

- लोकसभा चुनाव में बूथ समिति और पन्ना प्रमुख मिलकर करें काम
- विधायक कार्यालय में उत्तर संचालन समिति की बैठक सम्पन्न

**अमृत विचार :** उत्तर विधानसभा संचालन समिति की बैठक रविवार को प्रियदर्शिनी कालोनी स्थित विधायक कार्यालय में आयोजित की गयी। जिसमें पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि चुनाव के अनुभव काम करने की क्षमता बढ़ती है। अनुभव का प्रयोग सकारात्मक रूप से किया जाए तो कोई भी कार्य आसानी से किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि पूरे भारत में हमारे प्रत्याशी राजनाथ सिंह को चाहने वाले हैं। लखनऊ का सौभाग्य है कि एक लंबे समय से वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिल रहा है। बूथ स्तर से लेकर पन्ना प्रमुख तक संगठनात्मक ढांचे की नीतियों के आधार पर चुनाव लड़ना है। चुनाव में सबसे महत्वपूर्ण हमारी कमजोरी का पता होना। हमें कमजोरी को दूर करने पर रणनीति बनानी है। उत्तर विधायक डॉ. नीरज बोरा ने कहा कि एक-एक कार्यकर्ता पन्ना प्रमुख की भूमिका में कार्य करते हुए पन्ना के सभी वोटर से संपर्क करके कमल पर वोट दिलाने का काम करेगा। बैठक में लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी, चुनाव संचालन समिति संयोजक मुकेश शर्मा, संचालन समिति संयोजक, पार्षद, प्रभारी, मण्डल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने सम्मेलन में उठाई अतिक्रमण और जाम की समस्या



चंदर नगर आलमबाग बाजार में क्षेत्रीय सम्मेलन में आदर्श व्यापार मंडल के अध्यक्ष और पदाधिकारी का स्वागत करते व्यापारी नेता व पदाधिकारी। अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के तत्वाधान में चन्दर नगर आलमबाग बाजार में "क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन" एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। "क्षेत्रीय व्यापारी सम्मेलन" में मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। सम्मेलन में चंदर नगर आलमबाग मार्केट के अध्यक्ष मनमोहन सिंह मोनी एवं वरिष्ठ महामंत्री रघुवर दयाल पांडे ने स्थानीय समस्याओं को सभी के सामने रखा।

व्यापारियों ने अस्थाई अतिक्रमण, जाम और सीवर की समस्या को दूर किये जाने की मांग की। संजय गुप्ता ने सम्मेलन कहा कि व्यापारियों की जागरूकता एवं एकजुटता से ही समस्याओं का समाधान होगा। उन्होंने व्यापारियों से चुनाव में जाति धर्म से ऊपर उठकर वोट देने तथा मजबूत व्यापारी वोट बैंक के रूप में अपने आप को स्थापित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भ्रष्ट अधिकारियों से घबराने की आवश्यकता नहीं है। संगठन से ही व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होगा। इस अवसर पर संगठन में 15 नए व्यापारियों को पदाधिकारी के रूप में शामिल किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 9 व्यापारियों को प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने सम्मानित भी किया। सम्मेलन में संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष गुरप्रीत सिंह चड्ढा, नगर महामंत्री मोहित कपूर, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम, चंदर नगर के चेयरमैन हरीश कोहली मौजूद रहे।


शीरोज कैफे में वादा न तोड़ो अभियान की बैठक के दौरान पोस्टर के साथ लोग। अमृत विचार

# वादा न तोड़ो अभियान में हुई देश के हालात पर चर्चा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

**अमृत विचार :** रविवार को शीरोज कैफे में युवाओं, महिलाओं, संस्कृतिकर्मियों, छात्रों, कर्मचारियों और स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों ने देश के वर्तमान हालात व आने वाले लोकतांत्रिक परिदृश्य पर चर्चा की। इसके आधार पर वादा न तोड़ो अभियान की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता अविनाश और अदिति ने एक रिपोर्ट पेश की।

रिपोर्ट में वर्तमान सरकार के दस साल के लेखा जोखा पर चर्चा हुई। इसमें कहा गया कि वर्तमान में बेरोजगारी, मंहगाई तथा अन्य समस्याओं से जनता परेशान है। अदिति और अविनाश ने जनता का घोषणापत्र जारी करते हुए लोकतांत्रिक पार्टियों से जनता के मुद्दों को अपने एजेंडे में शामिल करने की अपील की। प्रोफेसर रूपरेखा वर्मा ने कहा कि इस वक्त माहौल में तमाम वजहों से एक अवसाद सा तारी है। जनता जरूरी मुद्दों से दूर हो गई है या साजिशन कर दी गई है। इस माहौल को युवाओं को बदलने की जरूरत है। प्रोफेसर रमेश दीक्षित ने कहा हम पुराने ज़माने के लोग हैं, व्हाट्सएप वगैरह नहीं जानते। शहर के लोग बहुत कम वोट देते हैं और सुविधाएं ज्यादा पाते हैं। पुराने तरीके से गांव गांव जाकर घर- घर जाकर लोकतंत्र जगाना होगा।

आलोचक वीरेंद्र यादव ने कहा कि कभी- कभी सत्ता बनाम जनता का नैरेटिव तैयार हो जाता है, यही सामाजिक जागरूकता परिवर्तन की बुनियाद बनती है। मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के नेता राहुल मिश्र ने कहा कि दवाओं और स्वास्थ्य के मुद्दे पर सभी पार्टियों को ध्यान देने की जरूरत है। स्वास्थ्य का मुद्दा देश का बुनियादी मुद्दा होना चाहिए। दवाओं की क्वालिटी और कीमत का सवाल हमारे देश के लिए एक बड़ा सवाल है।

लेखक सुभाष कुशवाहा ने गांवों की बदहाल स्थिति और बेरोजगारी तथा शिक्षा व्यवस्था ध्वस्त हो जाने की बात उठाई कि सरकारी स्कूल बंद होते जा रहे हैं, अब गरीबों के बच्चे कहां पढ़ेंगे।

पूर्व विधायक शशांक यादव ने कहा कि सामान्य परिवार के घर के लोग अब थाली की व्यवस्था भी नहीं कर पा रहे हैं। कुपोषण और अवसाद से आत्महत्याएं तेजी से बढ़ी हैं। बैंक कर्मचारी यूनियन के वीके सिंह ने बैंकों की बदहाली और गरीबों के एकाउंट से पैसे काट के करोड़ों का फायदा उठाने की पॉलिसी पर चिंता जताई। फारुख, मृदुला भारद्वाज, वीना, आदर्श, ओवेस, तारिक, खालिद, सुधांशु बाजपेई, एडवोकेट विजय अस्थाना, एडवोकेट पीयूष मिश्रा, ज्योति राय, संहिता मिश्र, अजय कुमार उपस्थिति थे। संचालन दीपक कबीर ने किया।

### एचडीसीए रेड टीम ने बनाए 40 ओवरों में 132 रन

**अमृत विचार, हरदोई :** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में हरदोई डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम में रविवार को स्थानीय आरआर इण्टर कालेज परिसर में एचडीसीए रेड व ब्लू के बीच दूसरा यू-19 ट्रायल मैच खेला गया। टास जीतकर ब्लू ने रेड को पहले बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया। रेड ने पहले बैटिंग करते हुए 40 ओवरों में 132 बनाए। जवाब में ब्लू ने 119 रन बनाया। मैच में मुख्य रूप से अध्यक्ष प्रभात कुमार वर्मा व अतुल मिश्र एवं अम्पायर की भूमिका में संदीप गुप्त व पंकज तिवारी एवं स्कोरर रविशंकर तिवारी मौजूद रहे।

# सर्वार्थ व अमृत सिद्धि योग में शुरू होगा हिंदू नव वर्ष

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**

- देश की सैन्य ताकत बढ़ेगी रियल एस्टेट कारोबारियों को होगा लाभ

**अमृत विचारः** हिंदू नव वर्ष विक्रम संवत्सर 2081 की शुरुआत मंगलवार नौ अप्रैल से हो रही है। इस दिन नये वर्ष के पचांग का पूजन कर वर्षफल सुना जाता है और निवास पर ध्वजा व वन्दनवार लगाते हैं। वर्ष की शुरूआत सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग के शुभ संयोग से हो रहा है।

इस वर्ष भारत की सैन्य ताक बढ़ेगी और रियल एस्टेट कारोबारियों को अधिक मुनाफा होगा। यह जानकारी स्वास्तिक ज्योतिष केंद्र के ज्योतिषाचार्य एसएए नागपाल ने दी।

ज्योतिषाचार्य नागपाल के मुताबिक चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि 8 अप्रैल रात्रि 11:52 शुरू होगी, जो 9 अप्रैल की रात 8:33 समाप्त होगी। उदय तिथि के मुताबिक नए संवत्सर मंगलवार 9 अप्रैल को शुरू होगा।

विक्रम संवत्सर 2081 ग्रह मंत्री मंडल (जो दस ग्रह भूमण्डल पर शासन करेंगे) में इस वर्ष का राजा मंगल और मंत्री शनि है। उन्होंने बताया कि देश ही नहीं विश्व में तूफान, भूकंप, प्राकृतिक आपदा, आतंक से जन-धन की हानि होगी।

सरकार व न्यायपालिका का बिगड़ सकता है आपसी संतुलन

उथल-पुथल, शनि न्याय का ग्रह और मंगल प्रशासनिक व सैन्य बल का प्रतीक है। शासन सत्ता तथा न्यायपालिका का आपसी संतुलन अच्छा नहीं होगा। सिनेमा, रंगमंच की उन्नति होगी। सरकार शिक्षा व्यवस्था पर ध्यान देगी। नारी शक्ति का उत्थान होगा।

### नौ दिन का रहेगा चैत्र नवरात्र




ज्योतिषाचार्य नागपाल ने बताया कि इस बार चैत्र नवरात्र नौ दिन का रहेगा। मंगलवार नौ अप्रैल को शुरूआत होगी और महानवमी 17 अप्रैल को होगी। चंद्रमा मीन उपरान्त मेष राशि में रहेगा, रेवती नक्षत्र प्रात: 7:32 उपरान्त अश्वनी नक्षत्र रहेगा। इस नवरात्र पर माता का वाहन घोड़ा होगा। 9 अप्रैल को घटस्थापना का समय सुबह 05 बजकर 48 मिनट से 10 बजकर 01 मिनट तक है। 11 बजकर 43 मिनट से दोपहर 12 बजकर 33 मिनट तक अभिजीत मुहूर्त में भी घटस्थापना कर सकते हैं।

# कांग्रेस की बैठक में लोकसभा चुनाव पर चर्चा

**कार्यालय संवाददाता, लखनऊ**



शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर नवनियुक्त शहर कांग्रेस अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव त्यागी एवं डॉ. शहजाद आलम की अध्यक्षता में लखनऊ के कांग्रेसियों की बैठक हुई। इसमें लोकसभा चुनाव की तैयारियों एवं सांगठनिक ढांचा तैयार करने पर चर्चा की गई।

बैठक का मुख्य एजेंडा बूथ लेवल एजेंट बनाने, पोलिंग स्टेशन इकाई गठन, वार्ड एवं नगर कमेटियों के गठन, चुनाव संचालन एवं समन्वय समितियों का गठन था। मुख्य अतिथि कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि 10 साल अन्याय काल के समाप्त होने का वक्त आ गया है। हमें जमीन पर उतरकर कांग्रेस पार्टी के न्याय पत्र के 5 न्याय और 25 गारंटियों को प्रदेश भर में घर-घर तक पहुंचाना है। विशिष्ट अतिथि प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि संगठन का निर्माण जमीन पर मेहनत करके ही हो सकता है। भाजपा के इस कुशासन का अंत करने के लिए हम सबको सम्पूर्ण ताकत एवं सम्पूर्ण से कार्य करना होगा। शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने कहा कि अगले 15 दिनों में हम समस्त कमेटियों का गठन कर पूरी ताकत के साथ लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन की जीत सुनिश्चित करेंगे।

- आराधना मिश्रा और दिनेश सिंह ने भरा कार्यकर्ताओं में जोश

# मानक के विपरीत बनाई जा रही सड़क को लेकर ग्रामीणों में रोष

**हरदोई, संवाददाता**

**अमृत विचार।** बावन में बने पावर हाउस के सामने से ब्लॉक मुख्यालय तक जाने वाली सड़क बनाई जा रही है। इस सड़क में मानक के विपरीत कार्य हो रहा है। ठेकेदार द्वारा नाली खुदवाकर जेसीबी से मिट्टी निकाली जा रही है। इस मिट्टी को अवैध रूप से इधर उधर बेचा जा रहा है। दोनों तरफ की नाली बनाने में भी मुँहदेखी की जा रही है। इस बात से ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। बताया गया है कि 3.59 करोड़ की लागत से यह टू-लेन मार्ग बनाया जाएगा। इस सड़क को बनाने के लिए 1,79,52,000 रुपये का बजट जारी कर दिया गया है। यह पूरी सड़क आरसीसी से बनेगी।

बताते चलें कि यह मार्ग जर्जर हालत में होने के कारण लोगों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। इस बात की जानकारी मिलते ही आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने यह सड़क बनाये जाने के लिए अफ़सरो से बात की। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने लोक निर्माण के उच्चाधिकारियों से कहकर यह सडक पास करवाई। फिर भी ठेकेदार के द्वारा मनमानी की जा रही है। बावन के ग्रामीणों ने इस सड़क के सम्बंध में आबकारी मंत्री से शिकायत करने की बात कही है। बावन निवासी शनील काजी, नसीर, शिवेंद्र शुक्ला, भूपेंद्र अबस्थी, इजहार खां, ताहिर खां, महादेव कश्यप, अनीस पांडेय, हेमंत सिंह आदि ने सड़क मानक के अनुरूप बनवाये जाने की मांग की है।


गेहूं के खेत में आग लगने के बाद मौके पर जांच करते पुलिसकर्मी।

# शार्ट सर्किट से लगी आग, गेहूं की फसल जलकर खाक

**खीरों, रायबरेली**

**अमृत विचार।** रविवार की दोपहर थाने से महज 300 मीटर की दूरी पर कस्बा खीरों के एक खेत की गेहूं की फसल में बिजली की शार्ट-सर्किट से आग लग गई, लेकिन पुलिस की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया। लगभग 10 बिसुवा गेहूं के फसल जल का राख हो गई। पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से अथक परिश्रम कर आग पर काबू पा लिया। कस्बा खीरों में पुलिस की सक्रियता की सराहना हो रही है। बिजली विभाग के कर्मचारी ने तत्काल पहुंचकर लाइन में आई खराबी की मरम्मत कर दिया और आपूर्ति बहाल कर दी गई है।

इस समय चारों तरफ किसानों की गेहूं की फसल लगभग पककर तैयार हो चुकी है। इसलिए बिजली विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में दोपहर में बिजली की आपूर्ति बन्द कर दी जाती है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार तेज हवाओं के कारण खेतों में खड़ी फसल में आग लगने की आशंका के कारण दोपहर में आपूर्ति बन्द कर दी जाती है, जिससे किसानों की फसल को नुकसान न पहुंचे, लेकिन कस्बा खीरों की आपूर्ति चालू रहती है। रविवार की दोपहर थाने से महज तीन सौ मीटर दूर स्थित हाईटेंशन लाइन में शार्ट-सर्किट के कारण कस्बा खीरों निवासी सालिकराम साहू के खेत में खड़ी गेहूं की फसल में चिंगारी गिरने से फसल में आग लग गई।

जिससे लगभग दस बिसुवा फसल जल कर राख हो गई। खेत कस्बे के घरों से सटे होने के कारण लोगों में हड़कंप मच गया। शोर सुनकर बड़ी संख्या में उपनिरीक्षक और आरक्षियों ने पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पा लिया। पुलिस की सक्रियता की कस्बावासी सराहना कर रहे हैं। उनका कहना है कि पुलिस सक्रिय न होती तो शायद आसपास के खेत भी आग की चपेट में आ जाते। समाचार लिखे जाने तक राजस्व विभाग का कोई भी कर्मचारी नुकसान का जायजा लेने नहीं पहुंचा था। थानाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया कि फसल में लगी आग ग्रामीणों के सहयोग से बुझा ली गई है। राजस्व विभाग को सूचना दी गई है।

# अवैध रूप से चल रहे नर्सिंग होमों पर विभाग की चुप्पी, नहीं पता आंकड़ा

**संवाददाता, रायबरेली**

- मिली भगत से मरीजों के साथ कर रहे खिलवाड़, जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

**अमृत विचार :** अवैध नर्सिंग होमों पर स्वास्थ्य महकमा मेहरबान बना हुआ है। हाल यह है कि शहर के गली-कूचों में छोटे-बड़े नर्सिंग होम खुले हुए हैं। वहीं विभाग के पास इनका कोई आंकड़ा ही नहीं है। सबसे बड़ी बात यह है कि पूर्व में पंजीकृत नर्सिंग होम संचालकों में से अधिकांश ने अभी तक नवीनीकरण तक भी नहीं कराया है।

अफसरों की ढिलाई का फायदा उठाकर रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे प्राइवेट अस्पताल बेरोकटोक संचालित हैं।

ऐसे में जहां तीमारदारों की जेब ढीली हो रही है। वहीं रोगियों को भी कोई खास फायदा नहीं मिलता है। साधारण बीमारी में भी उनसे हजारों रुपये वसूल लिए जाते हैं।

सीएमओ डॉ. वीरेंद्र सिंह का कहना है कि जिले में 80 नर्सिंग होम संचालित हैं। उनके द्वारा बताये गए आंकड़े से ही साफ पता चल रहा है कि विभाग कितना सक्रिय है। महज शहर की बात करें तो यहां पर छोटे-बड़े मिलाकर करीब एक सैकड़ा नर्सिंग होम और निजी अस्पताल हैं। इसमें पंजीकृत कुछ ही हैं।

बाकी अपंजीकृत हैं। इन पंजीकृत नर्सिंग होमों में भी मानक आधे-अधूरे हैं। इसके बावजूद जिम्मेदार अंजान बने हुए हैं। इस बाबत एसीएमओ डॉ. अरविंद कुमार से पूछा गया तो उन्होंने पंजीकृत नर्सिंग होमों की संख्या से अनिभज्ञता जताते हुए पोर्टल पर देखने का बहाना बना दिया। पूर्व में कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिसमें विभाग की छवि धूमिल हुई है। अवैध नर्सिंग होमों के संचालन से रोगियों के जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

### सीएमओ बोले- सभी को दी गई नोटिस

जिले में कितने नर्सिंग होम है, इसका आंकड़ा जिम्मेदार बताने से हिचकिचा रहे हैं। हां इतना जरूर बता रहे हैं कि सभी को नोटिस जारी कर दी गई है। सीएमओ द्वारा अनुमानित संख्या 80 नर्सिंग होमों का बताया गया। उन्होंने बताया कि निजी हॉस्पिटल, नर्सिंग होम, क्लीनिक, डायग्नोस्टिक सेंटर पैथालॉजी, कलेक्शन सेंटर एवं अन्य चिकित्सीय संस्थानों को 30 अप्रैल तक का मौका दिया गया है। उन्होंने बताया कि सम्बन्धित मानकों सहित पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करके पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करने को कहा गया है। एक मई 2024 को जो चिकित्सक/प्रतिष्ठान पंजीकरण कराने में असफल रहते है उन्हे अनाधिकृत चिकित्सा सेवाएं प्रदान करते हुए माना जायेगा।

### इन मानकों को करना होगा पूरा

नैदानिक स्थापन अधिनियम 2010 के अन्तर्गत समस्त निजी हास्पिटल, नर्सिंग होम (50 या 50 से अधिक शैय्या युक्त)/क्लीनिक/डायग्नोस्टिक सेंटर पैथालॉजी, कलेक्शन सेंटर एवं अन्य चिकित्सीय संस्थान निर्धारित शुल्क के साथ अनन्तिम एवं स्थायी पंजीकरण हेतु आनलाइन आवेदन करना होगा। यूपी क्लीनिक एस्टेब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) रूल्स 2016 की धारा 28 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपने चिकित्सालय/परिसर में अपनी चिकित्सा इकाई का रजिस्ट्रेशन नंबर, संचालक का नाम, बेड की संख्या, औषधि की पद्धति एवं चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं तथा चिकित्सा कर्मचारी बद्ध (चिकित्सक, नर्स आदि) का विवरण 5x3 (15 वर्ग फुट) का एक डिस्प्ले बोर्ड जिसका बैकग्राउंड पीला एवं फॉर्मेट-हिन्दी अक्षर रंग काला के अनुसार (प्रारूप संलग्न) स्पष्ट अक्षरों में चिकित्सालय के मुख्य द्वार के पास प्रदर्शित करते हुए कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली में प्रस्तुत करना होगा।

## एक नजर

### बिच्छू के डंक मारने से किशोरी की मौत

रेउसा, सीतापुर, अमृत विचार : थाना थानगांव क्षेत्र में शनिवार की देर रात बिच्छू के डंक मारने से एक किशोरी की हालत बिगड़ गई। उसे सीएचसी लाया गया, जहां इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। थानगांव क्षेत्र के गोलोक कोडर के मजरा ठेकेदारपुरवा निवासी श्रीपाल यादव की 18 वर्षीय पुत्री प्रियांशी यादव शनिवार की देर रात घर में कुछ काम निपटा रही थी। उसी दौरान उसे एक बिच्छू ने डंक मार दिया जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। ऐसे में परिजनों ने उसे एक निजी क्लीनिक पर भर्ती कराया, लेकिन उसकी हालत में कोई सुधार नहीं आया। ऐसे में परिजन उसे लेकर सीएचसी रेउसा आये, जहां डॉक्टर सुनील यादव ने कई घंटे इलाज किया, लेकिन इलाज के दौरान किशोरी की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर सुनील यादव की लापरवाही से किशोरी की मौत हो गई। थाना प्रभारी हनुमन्तलाल तिवारी ने बताया कि अगर शिकायत आती है तो कार्रवाई की जाएगी।

### ई-रिक्शा पलटने से आलू व्यापारी की दबकर मौत

सीतापुर, अमृत विचार : महोली कोतवाली इलाके में ई-रिक्शा पलटने से आलू व्यापारी की दर्दनाक मौत हो गई। रिक्शे का पहिया निकलने से बीच सड़क हादसे से कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। क्षेत्र के मस्जिद गांव निवासी नासिर (35) पुत्र मोहम्मददीन रविवार को सुबह महोली मंडी में आलू की खरीद करने के लिए आया हुआ था। मंडी में आलू खरीद करने के बाद वह आलू एक ई-रिक्शा पर लोड करके अपने घर के लिए निकले थे। बताया जाता है कि ई रिक्शा कस्बे में स्थित संकटा देवी मंदिर के निकट पहुंचा तो अचानक उसका पिछला पहिया निकल गया। जिसके कारण ई-रिक्शा पलट गया। ई-रिक्शा पलटने से उसमे बैठे आलू व्यापारी नासिर नीचे दबकर बुरी तरह से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तत्काल ई-रिक्शा को सीधा कर घायल व्यापारी को निकाल कर महोली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# अयोध्या में हुआ जबरदस्त विकास

## राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र बोले- रामलला के दर्शन कर हो गया भावुक

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या में जबरदस्त विकास हुआ है। हवाई अड्डे ने अयोध्या का स्वरूप ही बदल दिया। रामलला का मंदिर बनने के बाद पहली बार अयोध्या आया हूं। ये बातें रविवार को राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहीं। वो परिवार के साथ रामलला के दर्शन करने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। रामलला के दर्शन कर भावुक हुए राज्यपाल ने कहा कि मुझे भी मंदिर आंदोलन के दौरान भी सहभागी रहने का अवसर प्राप्त हुआ था।

इससे पहले महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर परिवार के साथ पहुंचे राज्यपाल कलराज मिश्र का जिलाधिकारी नितीश कुमार और नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता समेत कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। प्रोटोकॉल के बीच पहले सर्किट हाउस पहुंचे। विश्राम के बाद हनुमानगढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। राममंदिर में पुजारी प्रदीप दास ने तिलक लगाकर स्वागत किया और अंगवस्त्र व प्रसाद भी भेंट किया।


सर्किट हाउस में राज्यपाल से बातचीत करते विस अध्यक्ष सतीश महाना।

### कलराज से मिलने पहुंचे विस अध्यक्ष सतीश महाना

अयोध्या, अमृत विचार : राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात करने के रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना अयोध्या पहुंचे। सर्किट हाउस में मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि मैं अयोध्या का प्रभारी मंत्री रहा हूं। रामनवमी की व्यवस्था के सवाल पर सतीश महाना ने कहा कि मैं शासन-प्रशासन व मुख्यमंत्री को बधाई देना चाहता हूं कि जो भी श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आ रहे हैं उन्हें किसी भी प्रकार की कोई कठिनाई नहीं है। सतीश महाना ने हनुमानगढ़ी व रामलला का दर्शन-पूजन भी किया।

### दुष्कर्म मामले में युवक दोषी करार, सजा पर सुनवाई आज

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : पीड़िता को बहला फुसला कर घर से ले जाने और उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने युवक को दोषी पाते हुए अभिरक्षा में लेकर जेल भेज दिया। सजा पर सुनवाई 8 अप्रैल को होगी। फैसला फास्ट ट्रैक कोर्ट यशपाल की अदालत से हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता ज्ञानेश चंद्र पांडे ने बताया कि घटना 13 नवंबर 2020 की है। मवई थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली पीड़िता की भाभी अयोध्या में अस्पताल में भर्ती थी। उनके गांव का युवक फहीम घर पहुंचा और कहा तुम्हारी भाभी ने बुलाया है। बहकावे में आकर पीड़िता उसके साथ गई। युवक उसे अस्पताल न ले जाकर दूसरी जगह ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के पिता ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने पीड़िता को 20 नवंबर को खोजकर आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में प्रस्तुत किया गया।

# रामजन्म भूमि के लॉकर से 14 मोबाइल व नकदी गायब

अयोध्या, कार्यालय

**अमृत विचार।** रामजन्मभूमि मंदिर स्थित लॉकर से पहली बार मोबाइल और नकदी चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। आंध्र प्रदेश निवासी श्रद्धालु की प्रदेश सरकार और श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट से गुहार के बाद पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

आंध्र प्रदेश के 140 श्रद्धालुओं का एक दल मार्च माह के अंतिम सप्ताह में धार्मिक पर्यटन के लिए निकला था। विशाखापत्तनम के दुर्गानगर अरिलोवा कॉलोनी निवासी के गनेश्वरी का कहना है कि वह लोग 31 मार्च को अयोध्या पहुंचे।

दूसरी पहर रामलला के दर्शन करने के लिए राममंदिर गए थे। दल में शमिल श्रद्धालुओं का 14 मोबाइल और एक-दो हजार रुपये दो बैग में रखकर साढ़े चार बजे रामजन्मभूमि के लॉकर नंबर 12 में जमा किये थे। रामलला के दर्शन करने के बाद सभी लौटे और अपना गुलाबी व बिस्कुट रंग का बैग लेने पहुंचे तो सारा सामान गायब और लॉकर खाली मिला। सीसीटीवी फुटेज खंगलवाया तो एक शख्स लॉकर नंबर 12 से उनके दोनों बैग निकालकर जाते दिखा। पीड़ित का कहना है कि दोनों बैग में कुल 11 स्मार्टफोन व तीन कीपैड फोन थे।

# सुलतानपुर में प्रापर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

## साथी अनुज को भी लगी गोली, गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** हाईकोर्ट से जमानत पर छूट कर आए बहुचर्चित डा. घनश्याम तिवारी हत्याकांड के आरोपी विजय नारायण सिंह की रविवार की रात शहर के दरियापुर तिराहे के पास गोली मारकर हत्या कर दी गई। गोली लगने से घायल उसका एक साथी गंभीर हालत में लखनऊ रेफर कर दिया गया है। प्रापर्टी डिलिंग के दौरान साथियों के साथ होटल में चल रही पार्टी के दौरान यह सनसनीखेज वारदात हुई है। पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा मेडिकल कॉलेज सुलतानपुर पहुंचकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। खुलासे के लिए तत्काल चार टीमें लगा दी गई है।


मातहतों से घटना की जानकारी लेते एसपी सोमेन बर्मा। अमृत विचार

दरियापुर के पास स्थित पल्लवी होटल में कुछ प्राप्टी डीलरों की पार्टी चल रही थी। रविवार की शाम करीब साढ़े आठ बजे आपस में बहसबाजी में उसी में एक ने विजय नारायण सिंह पर गोली दाग दी। साथ में रहे अनुज शर्मा ने इसका विरोध किया तो उसे भी गोली मार कर घायल कर दिया और वहां से भाग निकला। गोली की तड़तड़ाहट से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। आनन फानन में दोनों को मेडिकल कॉलेज के इमरजेंसी लाया गया, जहां पर विजय नारायण को मृत घोषित कर दिया गया। अनुज को लखनऊ रेफर कर दिया गया।

### अशरफ के सालों की करतूत 70 करोड़ की संपत्ति का कराया बैनामा

प्रयागराज, अमृत विचार : माफिया अतीक और उसके भाई खालिद अजीम उर्फ अशरफ की मौत के बाद अभी भी कई खुलासे हो रहे है। अशरफ के साले मो. जैद व उसके भाइयों ने सिर्फ सल्लाहपुर के अलावा पूरामुफ्ती और कौशाम्बी के चायल के दो अन्य गांवों में स्थित वक्फ की करीब 70 करोड़ जा भूमि का बैनामा फर्जी तरीके से करा लिया है। जिसके कागज़ात मिलने के बाद अधिकारियों ने जांच शुरु कर दी है। बता दें कि चायल के जी तीन गांवों में वक्फ की संपत्ति का बैनामा कराया गया है उनमें भीरपुर मेडवारा और चायल स्थित मीरपुर गांव भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक वक्फ की संपत्ति का फर्जी तरीके से बैनामा कराये जाने का सारा कागज़ात पुलिस को मिल चुका है। जिससे यह पता चला कि मुतवल्ली सैय्यद मो. असियम ने अपने एक अन्य साथी मोहसेनात अहमद के साथ मिलकर अशरफ के साले मो. जैद पुत्र मो. अनीस और उसकी पत्नी तलकीमा के नाम बेशकीमती जमीन का बैनामा कराया है। उक्त भूमि भीखपुर मेडवारा गांव में स्थित है। जो कुल क्षेत्रफल 8874 वर्ग गज में है। वहीं चायल के मीरपुर गांव में भी करीब 0.4570 हेक्टेयर भूमि का बैनामा भी कराया गया।

# एक्सप्रेस-वे पर लड़ाकू विमानों ने दिखाई एयरफोर्स की 'शक्ति'

संवाददाता बांगरमऊ उन्नाव

**अमृत विचारः** लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर रविवार को कारों की जगह लड़ाकू विमानों को दौड़ते देख लोगों की आंखें खुली की खुली रह गईं। गगन शक्ति मिशन के तहत रविवार को एक्सप्रेस वे पर तेज गर्जना के साथ दर्जन भर जेट फाइटरों के अलावा वायुसेना के मालवाहक विमानों ने पहली बार लैंडिंग की। इसमें छह जेट फाइटर हवाई पट्टी से कुछ ऊपर रह कर करतब दिखाते हुये आसमान में गुम हो गये। जेट फाइटरों को आता देख ग्रामीणों में खासा उत्साह रहा। इस दौरान सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किये गये थे। तीन अप्रैल से एक्सप्रेस वे पर बांगरमऊ के पास साढ़े तीन किमी की हवाई पट्टी को एयर फोर्स द्वारा कब्जे में ले लिया गया था। हवाई पट्टी पर गगन शक्ति मिशन के तहत एयरफोर्स द्वारा अभ्यास किया जाना था। एयरफोर्स द्वारा तैयारी की जा रही थी। बीते शनिवार जेट फाइटरों ने हवाई पट्टी से कुछ ऊपर आकर उड़ान भरी थी। वहीं रविवार को एक्सप्रेसवे पर दो जेट फाइटरों के अलावा मालवाहक विमानों ने लैंडिंग की।


फाइटर जेट को पार्क करने के बाद काकपिट से बाहर निकलते पायलट। अमृत विचार



### मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

बांगरमऊ : एयर फोर्स के तकनीकी अधिकारियों द्वारा हवाई पट्टी के उत्तरी छोर संडीला मार्ग अंडरपास के निकट एयर डिफेंस सिस्टम के जरिए पायलटों से फाइटर एयर क्राफ्ट की लोकेशन, टच डाउन और उड़ान के संदर्भ में पल-पल की सूचनाओं का आदान-प्रदान करते रहे। ख़ास बात तो यह है कि आज के फाइटर जेट अभ्यास में उन्नाव और लखनऊ दोनों जिलों की सीमा पर स्थित मेमौरा एयरफोर्स स्टेशन ने अति महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# आग से दो बच्चे जिंदा जले, मां-बेटा गंभीर

**मंगलपुर, कानपुर देहात, अमृत विचारः** मंगलपुर थाना क्षेत्र के भूठादेव गांव में रविवार की दोपहर एक घर में आग लग गई, जिससे कमरे में सो रही महिला और उसके तीन बच्चे झुलस गए। ग्रामीणों ने सभी को बाहर निकालकर झींझक सीएचसी भेजा, जहां डॉक्टर ने दो बच्चियों को मृत घोषित कर दिया। वहीं मां-बेटे को गंभीर हालत में कानपुर के हैलट रेफर किया गया है। पुलिस और राजस्व विभाग अधिकारियों ने जांच शुरू की है।

मंगलपुर थाना क्षेत्र के सिकहला ग्राम पंचायत के मजरे भूठादेव गांव निवासी सोनू नायक मजदूरी कर परिवार का गुजारा करता है। रविवार की सुबह वह काम पर गया था। घर में पत्नी रीना, पुत्र गौरव, पुत्री गौरी (5) व अदिती (3) मौजूद थीं।

### धर्मांतरण कराने में शिक्षक समेत तीन को पकड़ा

संवाददाता, फर्रुखाबाद, अमृत विचार : थाना मेरापुर क्षेत्र में दबे पांव ईसाई मिशनरियां धर्मांतरण करवा रही हैं। इसी थाना क्षेत्र में कई परिवारों का धर्मांतरण करा चुके एक शिक्षक समेत तीन लोगों को धर्म जागरण प्रमुख ने पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिया है। धर्म जागरण प्रमुख दिनेश सिंह तोमर ने बताया कि उन्हें पता लगा कि मेरापुर के गांव कुरार में कई परिवारों को धर्म परिवर्तन कराकर ईसाई बना दिया गया है। इस सूचना पर वह कुरार पहुंचे, जहां एक व्यक्ति के मकान में धर्म परिवर्तन का कार्य चल रहा था।

# जालसाजों ने महिला के खाते से उड़ाए 79 हजार

**सूरतगंज, बाराबंकी, अमृत विचारः** मोहम्मदपुर खाला क्षेत्र में एक महिला के खाते से साइबर ठगों ने 79 हजार रुपये उड़ा दिए। घटना की जानकारी होने पर महिला के देवर ने थाने में अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कराया है।

थाना इलाके के चौधरीपुरवा निवासी अश्वनी कुमार ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया है कि उसने अपनी भाभी किरन देवी के खाते में बीती 12 फरवरी को 80 हजार रुपये यूनियन बैंक से एयरटेल पेमेंट बैंक अकाउंट में ऑनलाइन भेजे थे। दूसरे दिन जब भाभी पैसा निकालने गई तो उनके खाते से 79 हजार रुपये गायब मिले। पीड़ित ने अज्ञात के विरुद्ध थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक अनिल सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-33

**बाएं से दाएं**

3. वह खड़ाऊं जिसमें पैर फंसाने के लिए खूंटी की जगह रस्सी लगी रहती है, पौला।
4. मनमानी करने वाला, स्वेच्छाचारी।
5. 1. गुहा, कोटर 2. पेड़ का खोखला भाग 3. खोखला दांत।
7. 1. किसी स्थान या देश के क्षेत्र की सीमा 2. मर्यादा 3. पराकाष्ठा 2. इस्लामी शरीअत (कानून) के अनुरूप दिया हुआ दंड। (मु.)-कर देना या करना : असह्य बना देना। -बांधना : सीमा निश्चित करना।
8. नाम और पता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. दुखी होना 2. दुखड़ा रोना 3. मानसिक कष्ट या चिंता आदि से व्यथित होकर बड़बड़ाना, कुढ़ना 4. खीजना 5. झींकना 6. शिकायत करना।
2. 1. निरीक्षण करना 2. परीक्षण करना, जांचना।
4. 1. ओट, परदा 2. पीछे 3. बहाना 4. बचाव 5. आश्रय 6. रोक 7. टेक 8. माथे का टीका, आड़ा तिलक।
5. तुर्किस्तान या तुर्की का एक प्रसिद्ध नगर।
6. काल, समय, ऋतु।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 3 | | | | | ■ |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| ■ | ■ | 4 | | | | ■ |
| ■ | 5 | | | ■ | ■ | 6 |
| ■ | | ■ | | ■ | ■ | |
| 7 | | ■ | 8 | | | |

### वर्ग पहेली -32 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 ची | ल | ■ | 2 ओ | ■ | 3 पौ | ■ |
| ■ | ■ | 4 घ | न | घो | र | ■ |
| ■ | 5 म | ■ | च | ■ | ■ | 6 नौ |
| 7 घ | न | घ | ना | 8 ना | ■ | त |
| ■ | मा | ■ | ■ | 9 क | सू | र |
| ■ | फ़ि | ■ | ■ | ■ | ■ | णी |
| 10 ब | क | ल | स | ■ | ■ | य |

# स्पर्धा से शरीर व दिमाग होते हैं स्वस्थ : सौम्या

## पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ की प्रतियोगिताओं का समापन, महाप्रबंधक ने बांटे पुरस्कार

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के तत्त्वावधान में अधिकारियों एवं उनके परिवार के सदस्यों के लिए आयोजित तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का समापन हो गया। सैयद मोदी रेलवे स्टेडियम, गोल्फ कोर्स एवं रेलवे प्रेक्षागृह, गोरखपुर में चल रहे आयोजन के अंतिम दिन रविवार को समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं में विजेता, उपविजेता टीमों व खिलाड़ियों को महाप्रबंधक सौम्या माथुर ने पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया। इस समारोह में ओवर ऑल चैम्पियनशिप की ट्राफी, मुख्यालय गोरखपुर को प्राप्त हुयी।




इस मौके पर महाप्रबंधक ने कहा कि इस तरह के वार्षिक कार्यक्रम से खेल की भावना का विकास होता होता है। रेलवे अधिकारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़े उत्साह से भाग लेकर इस कार्यक्रम का आनन्द लिया। रेलवे के इस तरह के कार्यक्रम से सभी खुशी मिलती है तथा प्रतियोगिता से समाज में एक अच्छा संदेश जाता है। गोल्फ में 9 होल्स में डी. के. खरे को बेस्ट ग्रास एवं आर. के. सिंह को बेस्ट नेट एवं लॉगेस्ट ड्राइव का खिताब मिला। पुरूषों के चिपिंग फ्री इंट्री में एम. के श्रीवास्तव, एम. के. अग्रवाल एवं रेखा यादव को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान का पुरस्कार प्राप्त हुआ। महिलाओं के 50 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के पुटिंग फ्री इंट्री में रेखा यादव को प्रथम तथा डॉ. कल्पना दूबे को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ।

## सुडोकू -112

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |

### सुडोकू -111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 8 अप्रैल सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि- अमावस्या 23.50 तक तत्पश्चात प्रतिपदा।

### आज का पंचांग

गु. 1 बु. | चं. | मं. श. 11 | 10
2 | शु. सू. रा. 12
3 | 9
6 | के.
4 | 5 | 7 | 8

**दिशाशूल**-पूर्व। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, तुला, मकर, मीन।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तर भाद्रपद 10.12 तक तत्पश्चात रेवती।

**मेष** आज विवाह की प्रतीक्षा में है तो मामा पक्ष की ओर से किसी अच्छे रिश्ते का सुझाव आ सकता है। हालांकि आपकी मां को यह कम पसंद आएगा, फिर भी किसी भी निर्णय को जल्दबाजी में लेने से बचें। आपकी आर्थिक स्थिति काफी अच्छी रहने वाली है।

**वृष** आज के दिन किसी प्रकार के भारी वजन को उठाने से बचें, क्योंकि इससे आपकी मांसपेशियों में खिंचाव आ सकता है। इसलिए जितना हो सके इस बात का ध्यान रखें अन्यथा समस्या बड़ी हो सकती है।

**मिथुन** आज ऑफिस में आपको लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा और सभी आपके काम से खुश दिखाई देंगे। कुछ नए प्रोजेक्ट्स हाथ में आ सकते हैं, जो भविष्य की दृष्टि से लाभदायक होंगे। घर में दूर के रिश्तेदारों का आगमन हो सकता है।

**कर्क** आज घर के किसी काम से बाहर जाना होगा, जो आपके करियर के लिए भी अच्छा रहेगा। जीवनसाथी के साथ कुछ अनकहे पल सांझा होंगे और प्रेम में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। प्राइवेट जॉब कर रहे लोग आय के वैकल्पिक स्रोतों पर काम कर सकते हैं।

**सिंह** आज पहले से ही किसी खेल में प्रवीण हैं तो उसमें सफलता मिलेगी और पिता के द्वारा प्रोत्साहन मिलेगा। संगीत के क्षेत्र में अपना करियर बनाने का सोच रहे लोगों के लिए दिन शुभ है। ऐसे में किसी भी अवसर को हाथ से न जाने दें।

**कन्या** आज यदि आप विवाहित हैं तो जीवनसाथी के साथ कुछ नए पलों का अनुभव करने को मिलेगा। यह अनुभव आप दोनों के जीवन में एक मीठी याद बनकर रहेगा। रिश्ता ढूंढ रहे लोगों को अभी और प्रतीक्षा करनी पड़ेगी।

**तुला** आज यदि पहले से ही कोई गंभीर बीमारी है तो डॉक्टर से एक बार चेकअप जरुर करवा लें अन्यथा बाद में समस्या हो सकती है। पेट से संबंधित छोटी-मोटी समस्या होगी, लेकिन वह जल्द ही ठीक भी हो जाएगी।

**वृश्चिक** आज यदि आपके विवाह को कुछ ही समय हुआ है तो अपनी पत्नी के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। आपकी कुंडली पर चन्द्रमा की स्थिति ठीक नहीं हो पाने के कारण आपकी पत्नी या मां का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

**धनु** आज मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे और आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी। यदि आप कुछ नया करने का विचार कर रहे हैं तो उसे करने की शक्ति आएगी और डर खत्म होगा। आपकी प्रबंधन क्षमता और कुशलता की प्रशंसा होगी।

**मकर** आज दिन की शुरुआत आपके परिवार के लिए अच्छी रहेगी और सभी एक-दूसरे को बेहतर तरीके से समझ पाएंगे। घर वालों के साथ कहीं बाहर घूमने जाने का भी प्लान बन सकता है। संतान के करियर से जुड़ी समस्या का समाधान होगा।

**कुंभ** आज कॉलेज के छात्र खेलकूद में रुचि लेंगे और उसमें अपना करियर बनाने का विचार करेंगे। ग्राहकों का व्यापारियों पर विश्वास बना रहेगा और वे आपसे प्रसन्न दिखाई देंगे। भाई-बहनों से आपके काफी मदद मिल सकती है जिसके कारण आप काफी प्रसन्न रहेंगे।

**मीन** आज आपकी अपने बच्चों से किसी बात को लेकर कहासुनी होगी और आप उन पर क्रोध भी करेंगे। ऐसे में संयम से काम लेंगे और उन्हें भी समझने का प्रयास करेंगे तो परिणाम बेहतर रहेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
देवता
सुबह : 10.58
लाइफ की ऐसी की तैसी
शाम : 06.22

&pictures
राउडी रक्षक
सुबह : 10.16
वीरा द पावर
शाम : 04.44

SONY PIX
स्पाइडर मैन
सुबह : 11.21
रैमपेज
रात : 09.00

ZEE CINEMA
धमाल
सुबह : 11.40
दिल मांगे मोर
रात : 07.55

colors CINEPLEX
द वारियर
दोपहर : 01.16
विजय राघवन
रात : 07.00

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर सुबह : 11.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी ने गुस्से में पति से कहा- मैं तंग आ गई हूं रोज की किच-किच से मुझे तलाक चाहिए।
पति- ये लो चॉकलेट खाओ।
पत्नी (रोमांटिक होते हुए)-मना रहें हो मुझे!
पति-नहीं रे पगली, मां कहती है, अच्छा काम करने से पहले, मीठा खाना चाहिए।

एलकेजी के बच्चे के पेपर में जीरो आया।
गुस्से से पिता- यह क्या है?
बच्चा-पिताजी, शिक्षक के पास स्टार खत्म हो गए थे, इसलिए उसने मून दे दिया।

आत्मार्थं जीवलोकेऽस्मिन् को न जीवति मानव: ।
परं परोपकारार्थं यो जीवति स जीवति ॥

इस जीवलोक में स्वयं के लिए कौन नहीं जीता ? परंतु, जो परोपकार के लिए जीता है, वही सच्चा जीना है ।

## संपादकीय

# बढ़ती धोखाधड़ी

दक्षिण पूर्व एशिया के कई देशों में हजारों भारतीय संदिग्ध नौकरियों में फंसे हैं। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने शनिवार को कहा कि लाओस में जबरन गैर-कानूनी और खतरनाक काम में फंसाए गए 17 भारतीय कामगार घर लौट रहे हैं। लाओस भारत के विस्तारित पड़ोस का एक हिस्सा है क्योंकि केवल म्यांमार, लाओस को भारत के उत्तर-पूर्व राज्यों से अलग करता है। इससे पहले विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया में साइबर धोखाधड़ी के काम में जबरन लगाए गए भारतीयों को लेकर एक परामर्श जारी किया था क्योंकि हजारों भारतीय खुद को म्यांमार और कंबोडिया में फंसा हुआ पाते हैं, जहां उन्हें ऑनलाइन धोखाधड़ी व अन्य धोखाधड़ी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय कंबोडियन अधिकारियों के साथ मिलकर ऐसे 250 और म्यांमार से लगभग 30 भारतीयों का पता लगाने और उन्हें बचाने में कामयाब रहा है। पिछले तीन माह में 75 भारतीयों को रेस्क्यू भी किया गया है। साइबर अपराधियों का गिरोह पूरे एशिया में जाल बिछा चुका है। सबसे पहले कंबोडिया में नजर आया। गिरोह भारत व मलेशिया समेत एशियाई देशों के तकनीकी रूप से कुशल युवाओं को निशाना बना रहे हैं। विशेषज्ञ कहते हैं कि जिन लोगों को धोखाधड़ी के जरिए विदेश ले जाया जाता है उन्हें कंबोडिया, म्यांमार और लाओस के जुआघरों में रखा जाता है। एशिया ह्यूमन राइट्स वॉच के उप निदेशक फिल रॉबर्टसन ने हाल ही में कहा कि गिरोहों ने कुशल तकनीक पसंद लोगों को निशाना बनाया है जिनकी नौकरियां महामारी के दौरान चली गई थीं। नई नौकरी पाने को बेताब ये लोग झांसों में आ गए। वास्तव में भारतीय नागरिकों की म्यांमार और कंबोडिया जैसे देशों में नौकरी करने की बेताबी भारत में रोजगार परिदृश्य की गंभीर स्थिति का आईना है।

गौरतलब है 2023 में संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में उल्लेख था कि लाखों लोगों को साइबर फ्रॉड की दलदल में धकेला गया है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया था कि इनमें से ज्यादातर शिकार एशिया के ही दूसरे देशों से जुड़े हैं। रिपोर्ट कहती है कि साउथ ईस्ट एशिया में इस तरह के साइबर फ्रॉड बढ़ने के पीछे कोविड के दौरान लोगों का घर की चारदीवारी तक कैद होना और ऑनलाइन गतिविधियों पर ज्यादा वक्त गुजारना है। अब धोखाधड़ी वाले कॉल सेंटरों के संचालकों पर कार्रवाई तेज करने की जरूरत है। भारत का अधिकांश आसियान देशों के साथ अच्छा संबंध है, सबको यह सुनिश्चित करना होगा कि ऑनलाइन/फोन घोटालों के बारे में उसकी सलाह हितधारकों के बीच व्यापक रूप से प्रसारित हो। सरकारों के बीच घनिष्ठ समन्वय और सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान अपराधियों को रोकने में प्रभावी हो सकता है।

# ‘चिपसेट’ इंजीनियरिंग में भारत को मिलेगी बढ़त



रणवीर सिंह फोगाट
सेवानिवृत्त अधिकारी
स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग
आईसीएमआर

> 14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाइन बोर्ड पर चिप का डिजाइन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है।

विकसित औद्योगिक देशों के साथ सिविलियन और मिलिट्री प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के लिए जितने भी समझौते भारत ने किए इनके अंतर्गत हमेशा की तरह उन्नत प्रौद्योगिकी से एक दर्ज़ा नीचे की प्रौद्योगिकी हमें मिली है। ऐसा क्यों होता रहा है और, विदेश से हमें ‘अप्रचलित’ प्रौद्योगिकी ही क्यों उपलब्ध होती है? टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट में हमारा खुद का निवेश उनके मुकाबले में कम होने और प्राइवेट सेक्टर की शुरूआती दौर की अरुचि, इसके कारण हैं। तीन वर्षों में भारत में सेमी-कंडक्टर्स के क्षेत्र में ‘मैच्योर-नोड’ चिप्स बनाने के लिए करीब दो लाख करोड़ रुपए का निवेश किये जाने के संकेत हैं। प्रारंभिक दौर में 14 नैनोमीटर के मेच्योर चिपसेट बनाए जाएंगे। अभी दुनिया भर में इसकी मांग बनी हुई है क्योंकि अनेक प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक एप्लायेंसिस और डिवाइसेस जैसेकि कार, कंप्यूटर, डिस्प्ले पेनल्स, खिलौने, इंडस्ट्रियल इक्वेप्मेंट, स्मार्ट फ़ोन्स, ऑप्टिकल/इमेज सेन्सर्स, फ़्लैश मेमरी कंट्रोलर्स, माइक्रो कंट्रोलर्स और टीवी के अलावा पॉवर मैनेजमेंट इन्टीग्रेटेड सर्किट्स में इसका इस्तेमाल किया जाता है।

14 नैनोमीटर से नीचे के साइज़ में चिप बनाने का काम जटिल प्रक्रियाओं की मांग करता है। प्रसंगवश, एक नैनोमीटर एक मीटर का दस लाखवां हिस्सा होता है। सामान्य तरीके से डिजाइन बोर्ड पर चिप का डिजाइन बनाया जाता है फिर इसके नक़्शे को मिनिएचराईज़ अर्थात सूक्ष्माकृति किया जाता है। तत्पश्चात सर्किट्स और गेट्स की प्रिंटिंग एक-एक परमाणु को डिपाजिट करने से होती है। चिसेट का आर्किटेक्चर प्रत्येक कार्य के लिए प्रयुक्ति के आधार पर अलग होता है।

टेक्नोलॉजी विकसित करने के लिए बेसिक साइंस और इंजीनियरिंग में 1970 आदि दशक के बाद उन्नत देशों द्वारा निवेश की गई कुल राशि की तुलना भारत से करने लगें तो यह विशाल है। साइंस, टेक्नोलॉजी और इंजीनियरिंग में उनकी सोच के मौलिक होने की वजह असल में यह विशाल निवेश राशि ही है जिसकी आधारशिला द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान सामने आई नई तकनीकी चुनौतियां थीं। इसने उन देशों के वैज्ञानिक समुदाय को मौलिक वैज्ञानिक शोध को ऐसी टेक्नोलॉजी में बदलने के लिए प्रेरित किया जिससे हिटलर जैसी

> ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ।

चुनौती का उन्हें फिर से सामना न करना पड़े। सन 1970 के बाद से इन्होंनें अपना रिसर्च आउटपुट विशाल कर लिया जिससे एकदम से स्टेट-ऑफ़-द-आर्ट एवं फ्रंटियर टेक्नोलॉजी विकसित करने की ही नहीं, बल्कि मैन्युफेक्चर करने की कैपेसिटी को भी इन्होंनें उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया। कूटनैतिक संबंधों और फाइनेंसियल रिसोर्सेज ने इन्हें फिर से आपस में भिड़ने और होड़ करने से भी दूर रखा है।

उदाहरण के लिए सेमी-कंडक्टर टेक्नोलॉजी क अंतर्गत चिपसेट बनाने की टेक्नोलॉजी अमेरिका में विकसित हुई, लेकिन कुछ देशों ने इसे अंशों में चोरी किया और अब इसी के उन्नत संस्करण बना कर मालामाल हो रहे हैं। इस काम में महारत हासिल करने के लिए तकनीकी ज्ञान में सेंध लगाने वाले देशों को आधी सदी तो खुद को मजबूत करने में लगी ही है। चिप निर्माण में अमरीका के मुकाबले में अब दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन होड़ में इसलिए पहुंच पाए हैं क्योंकि इन्होंनें शुरूआती निर्भरता तो औरों पर दिखाई, लेकिन बेसिक साइंस और मटेरियल रिसर्च में जबरदस्त इन्वेस्टमेंट इन्होंनें खुद किया तो नतीजे सन 2000 तक दिखाई देने लगे। ताइवान इस समय चिप निर्माण टेक्नोलॉजी में अग्रणी देशों में है।

सामरिक और सिविलियन टेक्नोलॉजी में मिनिएचरायिज़ेशन, प्रिसीजन, इज़ ऑफ़ हैंडलिंग, टिकाऊपण और हल्का होने के गुण डाले जाते हैं। इस तरह से कि प्रोडक्ट में ‘फटीग’ कम हो और हरेक परिस्थिति में, हर समय तब तक काम करे जब तक खंडित ही न हो जाए। मारक क्षमता या कार्यक्षमता और कुशलता पहले के मुकाबले में ऑप्टो-इलेक्ट्रॉनिक्स तकनीकों के समावेश से 10 गुणा तक बढ़ा दी गई है। नए मटेरियल, ऑप्टिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मिनिएचरायिज़ेशन से निर्मित चिपसेट लगाए जाने से यह कमाल संभव हुआ है। भारत ने इस दिशा में तीन-चौथाई दूरी तो तय कर ही ली है। लेकिन बहुत चिंता अमरीका के ‘ब्यूरो ऑफ़ इंडस्ट्री एंड सिक्यूरिटी’ के निर्देशों और चीन के मन्सूबों को लेकर होती है जिनका परोक्ष प्रभाव उन देशों पर ही पड़ता है जिनके यहां 14 नैनोमीटर साइज़ तक की ‘लिगेसी’ या ‘मैच्योर-नोड’ चिप्स चीन से आयात की जाती हैं और इक्विपमेंट और डिवाइसेस में फिट की जाती हैं। अमरीका के उक्त ब्यूरो ने 18 जनवरी 2024 को इस बारे में ताज़ा निर्देश जारी किए हैं जिससे भारत में उलझन इसलिए पैदा नहीं होगीं क्योंकि हमने चीन की नहीं बल्कि ताइवान की कंपनी मीडिया-टेक से इस बारे में बातचीत की है जो भारत में बनाई जाने वाली मेच्योर नोड चिप्स के लिए बड़ा खरीदार हो सकती है।

विदेशी मूल की और यहां की बड़ी कंपनियों में टेक्नोलॉजी विकास के लिए आरएंडडी और निर्माण के स्तर में गैप को कम किए जाने की कवायद मीडिया-टेक के आगमन से शुरू हुई है, जैसे कि दूसरी-तीसरी पीढ़ी हमारे यहां है तो उच्चतम स्तर पर उनकी यह पांचवीं पीढ़ी हो सकती है। कंप्यूटर्स और मोबाइल कम्युनिकेशन गैजेट्स में ऑपरेटिंग सिस्टम्स और एप्लीकेशन्स 10 साल के भीतर संख्या और कार्यक्षमता के हिसाब से 1 से सौ-गुणा के अनुपात में समृद्ध हुए हैं। ‘टेक्नोलॉजी डिनायल’ या ‘नॉन-शेयरिंग और एक्सपोर्ट रेजीम’ के बरअक्स डिफेंस, स्पेस और एटॉमिक एनर्जी जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में विदेश में स्थापित ‘कन्जोर्शियम’ में संबंधित मुल्कों की उन्नत वैज्ञानिक प्रयोगशालाओं में जिन तकनीकों और सिस्टम्स को अगली पीढ़ी के लिए विकसित कर लिया गया, उन्हें हमें सिविलियन और कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रयोग करने के लिए भी नहीं दिया जाता। बेसिक रिसर्च में बेहतरीन समझ रखने के बावजूद हम इस ज्ञान पर आधारित टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स - जैसे कि मोबाइल फोन और डिजिटल कैमरा, कंज्यूमर गैजेट्स और एंटरटेनमेंट के क्षेत्र में लार्ज स्केल पर डिवाइसेस बना कर उपलब्ध नहीं करवा पाए। बेशक हमने सेमी-कंडक्टर इंडस्ट्री में आरएंडडी में काम किया है, लेकिन वह औरों से 15-20 वर्ष पीछे के स्तर का है। भारत को स्पेस और एटॉमिक एनर्जी एवं रक्षा क्षेत्र के लिए वांछित एडवांस्ड टेक्नोलॉजीज को इसीलिए खुद ही रिसर्च, डेवलपमेंट और टेस्टिंग करने के बाद देश में निर्मित करना पड़ा।

ताइवान, जापान और चीन जैसे देशों में इलेक्ट्रॉनिक्स के क्षेत्र में बेसिक साइंस और इसमें उन्नति के लिए चिह्नित किए गए नए मैटेरियल्स पर बहुत तेज़ी से शोध हुआ। ‘चिप’ विकास और निर्माण में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, आईबीएम और अमेरिकन टेलीग्राफ एंड टेलीफोन कंपनियों के बाद चीन और ताइवान की कंपनियों ने सन 1990 के बाद से आश्चर्यजनक स्पीड से विश्व मार्किट का काफी हिस्सा पकड़ा। भारत में बीईएल, ईसीआईएल, सीडीआईएल, इंडिया और सेमी कंडक्टर काम्प्लेक्स लि. मोहाली ने अभी तक इलेक्ट्रॉनिक्स में डिवाइसेस के लिए 14 नैनोमीटर से नीचे की ‘चिप’ डिजाइन और फैब्रिकेशन क्षेत्र में प्रवेश नहीं किया है।

डिफेन्स रिसर्च एंड डेवेलपमेंट आर्गेनाइजेशन, इसरो और बीएआरसी अपने मैंडेट के अनुसार इलेक्ट्रॉनिक्स में इंस्ट्रूमेंटेशन के अलावा कंट्रोल एंड गाइडेंस सिस्टम्स का विकास बीईएल और इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन के जरिये से करते हैं। सिविलियन उपयोग के लिए भी इन संस्थानों ने बेहतरीन टेक्नोलॉजी और गैजेट्स जारी किए हैं। उन्नत देशों ने डिफेंस और स्ट्रेटेजिक इलेक्ट्रॉनिक्स कल-पुर्जों और ड्यूल-यूज़ इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम्स के निर्यात पर प्रतिबंध लगा रखा है। बेसिक रिसर्च को कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेक्नोलॉजी में कन्वर्ट करने की हमारी समस्या जल्द दूर नहीं होती दिखती, भारत में कुछ कंपनियां पिछली पीढ़ी के मेच्योर नोड चिप सन 2024 के दिसंबर महीने में बनाना शुरू कर देंगी जिससे चिप निर्माण में शुरूआती दौर के मूल्यवान अनुभव मिलने से कुछ वर्षों में 14 नैनोमीटर से नीचे 4 नैनोमीटर साइज़ की चिप बनाने की दक्षता हासिल करने में भारत के लिए मुश्किल न होगा। यह महत्वपूर्ण बढ़त तो होगी है लेकिन 1 नैनोमीटर साइज़ के सिलिकॉन ‘ड्रीम-चिप’ को संभव बनाने की दिशा में इस समय तजुर्बे चल रहे हैं उस तक हमें पहुंचने में शायद 15 बरस का समय और लगेगा। फिलवक्त अमरीका की आईबीएम कंपनी ने 2 नैनोमीटर साइज़ की चिप तैयार करने में कामयाबी हासिल कर ली है।

## प्रसंगवश

# गुलाम कश्मीर में विदेशी दखल

कश्मीर का एक भाग पाकिस्तान के अधिकार में है, जिसे हम गुलाम या पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर कहते हैं। पाकिस्तान उसे आज़ाद कश्मीर कहता है। स्वतंत्रता प्राप्ति के समय पाक कबीलाइयों ने कश्मीर पर हमला कर दिया था और इसे बल पूर्वक कब्जियाना चाहा था।

हमारी सेना ने जवाबी कार्यवाही करके इसका बड़ा भाग, जो इस समय हमारे कब्जे में है, मुक्त करा लिया था। शेष भाग भी मुक्त हो जाता, किंतु नेहरू ने युद्ध रोक दिया और प्रकरण संयुक्त राष्ट्र संघ ले गए। इस तरह यह विवादित हो गया। वहां यह तय पाया गया था कि जनमत संग्रह करा लिया जाय और उसके अनुसार इसका प्रभुत्व तय हो। यह निर्णय भारत के गले की हड्डी बना रहा। हालांकि बाद में, कुछ ठोस आधार बताकर भारत इस जनमत संग्रह के फैसले से पीछे हट गया। अलबत्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अपने दूसरे कार्यकाल के प्रारंभ में अपने कब्जे वाले कश्मीर से संबंधित धारा 370 हटाने व तत्परिणामी परिवर्तन करने से पाक चीन तो बौखलाए ही,पश्चिमी देश भी असंतुष्ट हुए। अब जब भारत में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं और सत्तारूढ़ दल इस 370 को हटाने और विगत में पाक पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक को चुनाव में भुनाने की जुगत कर रहा है, तो पश्चिम इसे मलिन करने के यत्न में है। वह गुलाम कश्भीर में अपनी चहल कदमी बढ़ा रहा है। अब खबरें आई हैं कि ब्रिटेन और अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने इस पाक अधिकृत कश्मीर का दौरा किया।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

यह गतिविधियां क्या कह रही हैं? एक ओर भाजपाई प्रचार तंत्र मोदी को वैश्विक नेता कहता रहता है और यह ज़ाहिर करता है कि बड़ी विश्व शक्तियां मोदी के सामने झुक रही हैं; दूसरी तरफ हम यह देख रहे हैं कि विश्व शक्तियां भारत की पोज़ीशन पतली कर रही हैं।

आरएसएस तो अखंड भारत का लक्ष्य बनाए रहा है। अमेरिका,ब्रिटेन तो शक्तिशाली सैन्य संगठन नाटो के सदस्य हैं। चीन तो हमारा चिर और सबल शत्रु है ही। तो आखिर क्या हम नारों और भाषणों के ही वीर बने रहेंगे। यह खुला विदेशी हस्तक्षेप कैसे बढ़ता जा रहा है? हमें सोचना होगा कि भूल कहां हो रही है।

# सबके अपने-अपने इतिहास



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है।

सत्ता कुचक्री होती है भेदभाव को स्थायी बनाने के लिए सत्ता इतिहास की ऐसी व्याख्या को प्रोत्साहित करती है,जिसे पढ़कर कच्चा मन एक दूसरी जाति से नफरत करे। लोकजीवन की एकता को खंड-खंड करना उसका अभीष्ट होता है, सत्ता को जनता की एकता से डर लगता है इसके लिए सत्ता जनता को विभक्त करती है, बांटती है। इस कार्य में मदद करने के लिए वह विद्वानों को उपकृत करती है।

वे इतिहासकार, जो सत्ता से ही पुरस्कृत और प्रेरित होते हैं, सत्ता के गीत गाते हैं , उन्हें जनता के इतिहास का क्या करना है? इतिहास मनुष्य के मस्तिष्क को प्रभावित तो करता ही है और इस लिए राजसत्ता हर बार अपने अनुकूल इतिहास लेखन का कार्य कराती है। विवाद पैदा करती है, विवाद को अवसर बना लेती है। सत्ता के सिंहासन को स्थिर करने का प्रयास करती है। जो मन इतिहास ग्रस्त हो चुके हैं, वे इतिहास को जीवन भर ढोते रहने को विवश और बाध्य हैं. संसार के इतिहास में क्रूरता की कहानियां भी हैं, संसार के इतिहास में घृणा की कहानियां भी है, ऐसे इतिहास का उद्देश्य होता है - उन कहानियों से मनुष्य के मन मस्तिष्क को क्रूरता और नफ़रत से भर देना।

भारत के इतिहास में किसी ने बाहर से आए लोगों को खोजा, किसी ने वर्ण को खोजा, किसी ने वर्ग को खोजा, किसी ने युद्ध को खोजा, किसी ने राजा-रानी को खोजा, किसी ने धर्म मजहब को खोजा । राजनैतिक-मतवाद की पुष्टि करने के लिए जिस इतिहास के खेत में जाति और मजहब- वैमनस्य के जहर की खेती की। सचमुच वह इतिहास बहुत निष्ठुर है, दोगला है । इतिहास वर्ग की चीज है। वर्ग स्वार्थ से प्रेरित है। इतिहास के नाम पर अपने अपने हिसाब चुकता किए जा रहे हैं, कोई किसी से दुश्मनी निकाल रहा है, कोई किसी से। सबके अपने अपने इतिहास हैं। इसीलिए हिन्दूमन, मुस्लिममन, ब्राह्मण-मन, शूद्रमन, धार्मिकमन और धर्मनिरपेक्षमन जैसे भेद-विभेद पैदा होते हैं ।,कहानी है - तूने न सही तेरे बाप ने पानी जूठा किया होगा? अब इसी का आधार बना कर उन्होंने इतिहास रच दिया।

देश के भिन्न-भिन्न जन-समूहों और जनपदों को न देखा और न जाना और आप भारत के इतिहास पर फतवे सुना रहे हैं? इतिहास के दस फीसदी तथ्य भी हमारे सामने नहीं है, और आप ने फैसला भी सुना दिया? इतिहास की बातें बड़ी दगाबाज होती हैं, सबके अपने अपने इतिहास हैं। इतिहासकारों ने इतिहास लिखे हैं, अपने-अपने दृष्टिकोण से लिखे हैं, लोक के साथ आज भी कितने हैं ? किस इतिहासकार ने लोकजीवन में पैंठ कर के इतिहास लिखा है । जनता का इतिहास किसने लिखा है? कोई क्यों लिखे? सत्ता का इतिहास लिखने से लाभ होगा.

फिर भी यह सच है कि वह इतिहास हमारी सामूहिक-चेतना में विद्यमान है। मनुष्य की प्रेरणा भी तो उसी इतिहास में निहित है। हां , यदि वह समन्वय सिखाता है तो वह अवश्य ही मनुष्य-जीवन को गतिशील बना सकता है । इतिहास को हम इसलिये पढें , इसलिए रचें , इसलिए उसकी व्याख्या करें कि वर्तमान को शक्ति मिल सके । लेकिन उसके लिए सत्ता का नहीं लोकसत्ता का इतिहास लिखना होगा । पहले यह तय करना होगा कि सबके साथ रहना है कि सबको सबसे लड़ना है और सबको सबसे लड़ाना भी है। यदि लड़ना ही है लड़ाइयों का इतिहास बना बनाया है ही। मिल कर रहना है तो जनता का इतिहास लिखना होगा। जनता का इतिहास किसने लिखा है ?

जो है वह सत्ता का इतिहास है। सामान्य-मनुष्य अथवा लोकजीवन को किसने खोजा? इतिहास में दायरे खोजने से दायरे ही मिलने थे। सामान्य मनुष्य की सामान्यता दायरों से बाहर है। धर्म, वर्ग, वर्ण, ऊंच नीच, राजा-रंक ऊपर के छिलके हैं,उपाधियां हैं। उनके भीतर जो मनुष्य है,आप यों कहें-मनुष्य के भीतर का मनुष्य।

कोई इतिहास अंतिम नहीं है, इतिहास की व्याख्या हर युग में होती रही है और होती रहेगी। विचारशील मित्र जानते हैं कि केवल फौज और हथियारों से शासन नहीं हो सकता , उसके लिए सैद्धांतिक आवरण अनिवार्य हैं। इतिहास हो या कोई वाद हो, ये सब उसके आयुध हैं।

## सोशल फोरम

# अनुशासित जापान से वापसी

बहुत ही तेज कदमों से भागते, साफ सुथरे, बिना ज़रूरत के न बोलने वाले अनुशासित जापान से चलकर रात करीब 9 बजे भवाली आ धमका। दिल्ली से बरेली डिब्रूगढ़ राजधानी से आया पर राजधानी जैसी ट्रेन बरेली तक करीब 250 कि मी का सफर 4.30 घंटे में मात्र 35 मिनट देरी से, कमोड की सीट टूटी फूटी, बाथरूम की फर्श में पानी भरा, एसी कूपे का दरवाज़ा ख़राब। लगा अपने असली हिंदुस्तान आ गए। यह तो अच्छा रहा सामने एक पढ़ी लिखी लड़की ने शिकायत दर्ज की, कुछ लोग आए, कुछ जुगाड़ किया । कूलिंग बढ़ाई। राहत मिली। पर बस जुगाड़।



शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

थोड़ी देर में एक सफ़ाई वाला क़रीब एक बोरा कूड़ा बुहारता हुआ बग़ल से निकला । लगा जहां जापान में मुझे कहीं कूड़ा नहीं दिखा, हम भारतीय दिन में कई बार एक एक डिब्बे मे कूड़ा सीट के आसपास फेंकते रहते है। गंदगी फैलाना हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है। हमने गंगा मां को गंदा और प्रदूषित कर दिया। लगता है नैतिकता, अनुशासन, साफ़ सफ़ाई की देवी अब हमसे नाराज़ हो गई है ।

राजधानी ट्रेन की हालात मैं पिछले 25-30 वर्षों में वहीं की वहीं देख रहा हूँ । खैर यह कहने में बुरा लगेगा पर सत्यता यही दिखती है कि इस रफ़्तार से हम शायद ही कभी जापान की ट्रेनों की रफ़्तार, उनकी सफ़ाई, उनकी समय की पाबंदी की बराबरी की भी सोच सके।

जापान की प्रत्येक व्यक्ति जीडीपी भारत की तुलना में क़रीब सात गुना ज़्यादा है, मतलब पैसे की सप्लाई ज़्यादा तो चीजों के दाम भी ज़्यादा । भारतीय के लिये इस कारण जापान बहुत महंगा देश। दिल्ली स्टेशन के नंबर एक प्लेटफ़ार्म पर एक जलपान गृह में मशीन से बनी 10 रूपये की काफ़ी जापान की क़रीब चार सौ रूपये कि काफ़ी पर भारी लगी , यह सुखद लगा । मैंने पचास रूपये में गरमागरम छोले चावल का भी सुख लिया । मुझे ढाबों का, छोटे रेस्टोरेंट का गरमागरम भारतीय खाना, फ्रिज किये गए पांच सितारा होटल के भोजन से स्वादिष्ट लगता है। भवाली पहुंचकर करीब 8- 9 दिन बाद रोटी मिली , मज़ा आया ।

-फेसबुक वॉल से

# मतदान से ही निकलेगा समस्याओं का समाधान

उत्तराखंड में 19 अप्रैल को मतदान होना है। सरकारें हमेशा से पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के धैर्य की परीक्षा लेती रही हैं। पिछले कुछ वर्षों से पहाड़ की तरफ जाते हुए दूर के गांवों तक सड़कों का जाल बिछा तो दिखता है लेकिन पलायन की ऐसी हवा चली है कि लंबे समय से प्रतीक्षा कर हताश हुए लोग इन जगहों को वीरान छोड़कर शहर की ओर चले गए हैं। कई सीमांत जिलों में शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के अभाव में लोग पलायन कर गए हैं। जगह-जगह स्कूल और कॉलेज खुल गए हैं मगर पढ़ाने वाले शिक्षक और धूप बारिश से बचाने वाली इमारत नहीं है। आज भी गांव में बीमार या गर्भवती को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए परिवहन की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है, कई जगह डोली का सहारा लिया जाता है। पौड़ी, चंपावत, अल्मोड़ा समेत कई जिलों से भारी पलायन हुआ है और यह जनसंख्या पहले से ही हांफते, दम घुटते देहरादून,ऋषिकेश, हल्द्वानी जैसे शहरों के आसपास बस कर रह गई क्योंकि लोगों को लगता था कि इन क्षेत्रों में बच्चों को रोजगार के कुछ अवसर तो जरूर मिलेंगे।

जनता की परेशानियों से संबंधित अधिकतर मुद्दे वही हैं जो स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद से उठ रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन जैसी समस्याएं आजादी के बाद भी थी और आज भी पूरी तरह हल नहीं हुई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि राजनीतिक पार्टियां अपने चुनावी मुद्दे तो



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> ‘कोउ नृप होय, हमें का हानि’ इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है।

बना लेती हैं लेकिन इन समस्याओं का समाधान किसी भी पार्टी की प्राथमिकता नहीं होती। नैनीताल, उधम सिंह नगर लोकसभा सीट की बात अगर करें तो यह एक महत्वपूर्ण सीट है जहां पर विकास और समाधान के कई अवसर हैं लेकिन बढ़ती आबादी की मार ने समस्याओं को जस का तस बनाकर रख दिया है। नैनीताल के पहाड़ी क्षेत्र से लेकर भावर और तराई का क्षेत्र मानव और वन्य जीव संघर्ष से लंबे समय से प्रभावित रहा है। आबादी से लगे जंगल क्षेत्र में वन्यजीवों का आतंक है।

बढ़ती आबादी ने पेयजल संकट को बढ़ावा दिया है। भवन निर्माण का लगातार विस्तार हो रहा है जिसके कारण पानी के प्राकृतिक स्रोत सूख रहे हैं। विकास के नाम पर खुले रिसॉर्ट और होटलों के पास अपने ट्यूबवेल हैं जिससे सार्वजनिक जल व्यवस्था लड़खड़ा गई है। शहरों में वर्षों पुरानी पाइपलाइन पड़ी हैं, जिनमें सीवर युक्त गंदा पानी आने की खबरें आए दिन समाचारों में पढ़ते रहते हैं। हल्द्वानी में आईएसबीटी का मुद्दा प्रमुख है। सरकारों की तनातनी के बीच यह मामला कई वर्षों से अधर पर लटका है। हाई कोर्ट नैनीताल से शिफ्ट किया जाना भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। करोड़ों रुयपों की लागत से हल्द्वानी के गोलापार क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन कर तैयार हुआ लेकिन खेल गतिविधियां वहां पर भी नहीं के बराबर हैं। इस क्षेत्र में एक लॉ विश्वविद्यालय खोले जाने की भी मांग थी जो शिलान्यास होने के बावजूद खटाई में पड़ा हुआ है। जमरानी बांध का मुद्दा तो वर्षों से लटका हुआ है। स्थायी राजधानी के मामले को ही ले लें, किसी भी दल की रुचि इसमें नहीं है इसीलिए आज तक समाधान नहीं हो सका।

यूं भी चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है। लेकिन आज लोगों में उदासीनता देखने को मिल रही है। ‘कोउ नृप होय, हमें का हानि’ इस तरह के विचारों से उद्वेलित होकर आम नागरिक शायद खुद ही लोकतंत्र पर प्रहार करता है। शायद जनता की उदासीनता ही कारण है कि चुनाव चाहे प्रदेश के हो या लोकसभा चुनाव, उत्तराखंड का चुनाव प्रतिशत 70 के पार कभी नहीं जाता। विभिन्न गीतों, पोस्ट और बैनरों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने की गतिविधियां चल रही हैं। मतदान का बहिष्कार न कर वोट को अपना हथियार बनाने की बात भी कही जा रही है लेकिन दशकों से आश्वासन झेलती जनता भी समझती है कि वोट को हथियार के रूप में इस्तेमाल करना बहुत ही मुश्किल है। इसीलिए समय समय पर जनता अपने-अपने मसलों को लेकर एक समूह के रूप में सड़क पर उतर आती है और अपनी समस्याओं के समाधान की बात कहती है। ऐसा न होने पर मतदान का बहिष्कार करने की चेतावनी भी देती है। मगर सच्चाई तो यह है कि कुछ लोगों द्वारा चुनाव का बहिष्कार करने से समस्या का समाधान नहीं निकलने वाला। पहले के समय में राजनीतिक पार्टियां कम थी, जनप्रतिनिधियों में भी एक समर्पण की भावना थी। जनता में अपने नेता की एक झलक पाने की इच्छा दिखाई देती थी। नेताओं द्वारा दिए गए भाषणों में गरिमा और वचनबद्धता होती थी। आज की तरह अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया जाता था।

एक समय था जब मतदान को लेकर लोगों में बहुत उत्साह देखा जाता था। बीते तीन-चार दशकों से चुनावी माहौल में भी बहुत अधिक फर्क आया है। उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों में मतदान का माहौल कुछ ठंडा सा नजर आ रहा है, हालांकि मैदानी क्षेत्र में सरगर्मियां में बढ़ गई हैं। मैदानी क्षेत्रों में महिलाओं में थोड़ा बहुत उदासीनता देखने को मिले लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों को आज भी महिलाओं ने संभाल रखा है और किसी भी प्रत्याशी के भाग्य का निर्णय मुख्यतः वहां की महिलाएं ही करेंगी।

## आपका पत्र

# हर प्रत्याशी जारी करे संकल्प पत्र

जिस तरह हर राजनीतिक दल अपना चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करता है, उसी प्रकार हर प्रत्याशी को भी चुनावी घोषणा पत्र/ संकल्प पत्र जारी करना अनिवार्य होना चाहिए कि वह अपनी लोकसभा क्षेत्र में क्या-क्या सुविधाएं अगले पांच सालों में विकसित करेगा। किन किन समस्याओं को हल करेगा।

भारत में कई संसदीय क्षेत्र ऐसे हैं जहां उचित विकास नहीं हुआ सालों से समस्याएं बरकरार है। हर लोकसभा प्रत्याशी को नामांकन पत्र दाखिल करते समय क्षेत्र के विकास का रोडमैप भी देना चाहिए ताकि जनता आश्वस्त हो कि वह जिसे वोट देंगे वह सांसद उनके क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी, की समस्या हल करेगा। जिले में औद्योगिक विकास कैसे होगा। लोकसभा क्षेत्र में पुल कहां-कहां बनवाएगा। मेरा यह भी मानना है। यदि कोई भी सांसद जीतने के बाद अपने चुनावी घोषणा पत्र, संकल्प पत्र में किए गए वादों को पूरा करने में सफल नहीं होता है तो उसको अगली बार चुनाव लड़ने से वंचित कर दिया जाना चाहिए। मेरा यह भी मानना है एक व्यक्ति को तीन बार से ज्यादा सांसद पद पर आसीन नही रहना चाहिए ताकि युवाओं को भी मौका मिलता रहेगा।

-अनुज अग्रवाल,
सीईओ, बीमा घर

## एक नजर

### पंजाबः पुलिस ने अमृतपाल सिंह की मां को गिरफ्तार किया

अमृतसर : 'वारिस पंजाब दे' संगठन के मुखिया अमृतपाल सिंह को असम की जेल से पंजाब की जेल में स्थानांतरित करने की मांग को लेकर प्रस्तावित मार्च से एक दिन पहले रविवार को उसकी मां को गिरफ्तार कर लिया गया। सिंह को पिछले साल अप्रैल में गिरफ्तार किया गया था और उसके खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) लगाया गया था। सिंह और उसके नौ साथी इस समय असम की डिब्रूगढ़ जेल में बंद हैं। पुलिस उपायुक्त आलम विजय सिंह ने रविवार को बताया कि अमृतपाल की मां बलविंदर कौर को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। डीसीपी ने कहा कि उन्हें एहतियातन हिरासत में लिया गया है। अधिकारी ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।

### जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में रविवार को भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) ने कहा कि सुबह करीब 2.47 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.5 आंकी गई। इससे पहले शनिवार को भी जिले में 3.8 तीव्रता का भूकंप आया था।

### चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर ड्राई डे घोषित

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने अप्रैल से जून के दौरान लोकसभा चुनाव और त्योहारों के मद्देनजर शुष्क दिवस (ड्राई डे) घोषित कर दिए हैं। आबकारी विभाग द्वारा जारी एक आदेश में कहा गया है कि दिल्ली में शराब की दुकानें ईद-उल-फितर (11 अप्रैल), राम नवमी (17 अप्रैल), महावीर जयंती (21 अप्रैल), बुद्ध पूर्णिमा (23 मई) और ईद-उल-जुला (17 जून) को बंद रहेंगी। उत्तर प्रदेश के बागपत, गाजियाबाद और गौतमबुद्धनगर में लोकसभा चुनाव के कारण 24 अप्रैल शाम 6 बजे से 26 अप्रैल शाम 6 बजे तक शुष्क दिवस रहेगा।

# पिता-भाई ने युवती की हत्या कर जलाया शव

- अधजले शव को चिता से उतारकर पुलिस ने पोस्टमार्टम को भेजा, आरोपी फरार

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** नयागांव थाना क्षेत्र में ऑनर किलिंग का मामला सामने आया है। पिता और भाई ने 20 वर्षीय युवती की गोली मारकर हत्या कर दी, जिसके बाद शव को जला दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चिता से अधजले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस आरोपी पिता और भाई को तलाश रही है।

शनिवार को नयागांव थाना पुलिस को सूचना मिली कि गांव गाही में युवती को गोली लगी है। उसको सीएचसी अलीगंज लाया गया है। पुलिस अस्पताल पहुंची तो पता चला कि युवती की मौत हो गई और परिजन शव लेकर घर चले गए। गांव में पुलिस पहुंचने तक अंतिम संस्कार कर दिया गया।

पड़ताल में पता लगा कि युवती की गोली मारकर हत्या की गई। गांव का महेन्द्र सिंह अपनी बेटी सपना (20) के चाल चलन से खुश नहीं था। शनिवार को बेटी से झगड़ा होने पर गुस्साए महेंद्र ने बेटे रिन्कू के साथ मिलकर बेटी को गोली मार दी। किसी को पता न लगे इसलिए शव को खेत में ले जाकर लकड़ियां, कंडे एकत्रकर जला रहे थे। किसी ने सूचना पुलिस को दी। पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। चिता से उतारकर पुलिस ने अधजले शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया। मौके से फील्ट यूनिट, डॉग स्क्वायड ने साक्ष्य जुटाए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाह, पुलिस उपाधीक्षक सुधांशू शेखर ने मौके पर पहुंचकर जांच की। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि बेटी के चरित्र पर शक के चलते हत्या की गई। क्षेत्राधिकारी अलीगंज सुधांशु शेखर ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के प्रयास हो रहे हैं।


चिता के पास जांच-पड़ताल करते एएसपी धनंजय सिंह और डॉग स्क्वॉयड।

# मैला ढोने की प्रथा खत्म करेंगे : कांग्रेस

नयी दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस ने रविवार को नरेन्द्र मोदी सरकार पर सफाई कर्मचारियों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया और कहा कि अगर वह सत्ता में आई तो मैला ढोने की कुप्रथा को समाप्त करके इसमें लगे लोगों को किसी अन्य कार्य के लिए प्रशिक्षित करने के बाद रोजगार प्रदान करेगी।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बिना उपकरण के सीवर में उतरने के बाद गैस रिसाव के कारण एक सफाई कर्मचारी की मौत के संबंध में मीडिया में आई एक खबर एक्स पर साझा की। रमेश ने लिखा कि पांच अप्रैल 2024 को प्रधानमंत्री के खुद के लोकसभा क्षेत्र में एक सफाई कर्मी की सीवर में बिना उपकरण के उतरने पर गैस रिसाव के कारण मौत हो गई। बनारस में यह नया मामला नहीं है - 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान हमें बताया गया था कि पिछले दस साल में बनारस में 25 से भी अधिक मौत सीवर में उतरने से हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ़, मोदी सरकार सफाई कर्मचारियों के प्रति ऐसे अन्याय कर रही है, दूसरी तरफ़ कांग्रेस ने अपने न्याय पत्र में उनके लिए कुछ वादे किए हैं। रमेश ने लिखा कि कांग्रेस मैला उठाने की कुप्रथा को ख़त्म करेगी। सभी मैला उठाने वालों को किसी दूसरे कार्य के लिए कुशल बनाया जाएगा और उन्हें नौकरी प्रदान की जाएगी। उनके लिए सम्मानित एवं सुरक्षित जीवन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाथ से मैला उठाने वाले कर्मियों के नियोजन का प्रतिषेध और उनका पुनर्वास अधिनियम, 2013 को सख्ती से लागू किया जाएगा और हाथ से मैला उठाने के काम पर रखने वाले व्यक्ति को दंडित किया जाएगा। रमेश ने लिखा कि मैला उठाने के काम के दौरान अपनी जान गंवाने वाले सफाई कर्मचारियों के परिवारों को 30 लाख रुपए का मुआवज़ा दिया जाएगा।


मोदी सरकार ने सफाई कर्मियों से किया अन्याय

# मोदी की गारंटी 24 कैरेट का सोना : राजनाथ

जयपुर, एजेंसी

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को 24 कैरेट शुद्ध सोने जैसा बताया और कहा कि कांग्रेस की गारंटी को लेकर लोगों में अविश्वास है। राजनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं उसे पूरा करते हैं और देश की जनता इसकी गवाह है।

सिंह ने बीकानेर और झुंझुनूं में पार्टी उम्मीदवारों के समर्थन में दो रैलियों के संबोधन के बाद जयपुर में एक संवाददाता सम्मेलन में बातचीत में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी 24 कैरेट शुद्ध सोने की है, जबकि कांग्रेस की गारंटी के बारे में लोगों में अविश्वास है। उन्होंने कहा जहां प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर लोगो को भरोसा है वहीं पर कांग्रेस की गारंटी पर लोग भरोसा नहीं कर रहे हैं, क्योकि देश की जनता को उन्होंने बड़े बडे स्वप्न तो दिखाए लेकिन किसी स्वप्न को वो साकार नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कांग्रेस की गारंटी पर तो स्वयं कांग्रेस के बहुत सारे मित्रो का भी विश्वास नहीं है। राजस्थान में 19 और 26 अप्रैल को दो चरणों में लोकसभा चुनाव होंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा शासन के 10 साल सामाजिक-आर्थिक, राजनीतिक, सामरिक, संवैधानिक और सांस्कृतिक दृष्टि से स्वर्णिम साबित हुए हैं। उन्होंने कहा भारत की सफलता को लेकर देश में एक सकारात्मक भावना है, जो पहले कभी नहीं देखी गई। उन्होंने कहा, राजकोषीय घाटा कम हुआ है, निर्यात बढ़ रहा है, निवेश बढ़ रहा है, महंगाई नियंत्रित हो रही है, अवसर भी बढ़े हैं और आय भी बढ़ी है। अग्निवीर योजना के एक सवाल का जवाब देते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि अग्निवीरों की चिंता करना हमारी सरकार की है.. मैं दावे के साथ कहता हूं किसी के भविष्य के साथ कोई खिलवाड नहीं होने पाये। उन्होंने कहा कि सेना में अग्निवीरों के रूप में भर्ती होने वाले जवानों के भविष्य के साथ किसी भी सूरत में हमारी सरकार खिलवाड नहीं होने देगी उनका भविष्य सुरक्षित है।




रविवार को पटियाला जिले के शंभू रेलवे स्टेशन के पास केंद्र सरकार की नीतियों से नाराज किसान पुतला फूंकते हुए। : एजेंसी

# भाजपा में शामिल हुए पूर्व मंत्री दिनेश अग्रवाल

- शनिवार को कांग्रेस के सभी पदों से पूर्व मंत्री ने दिया था त्यागपत्र

संवाददाता, देहरादून

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में स्टार प्रचारक रहे पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश अग्रवाल ने कांग्रेस छोड़कर रविवार को भाजपा की सदस्यता ले ली। शनिवार को ही उन्होंने कांग्रेस से त्यागपत्र दे दिया था।

दिनेश अग्रवाल लंबे समय से कांग्रेस में थे। कांग्रेस ने उन्हें स्टार प्रचारक बनाया था। शनिवार को लंबे गिले-शिकवों के बाद उन्होंने कांग्रेस को छोड़ था। इधर, दिनेश अग्रवाल ने रविवार को भाजपा के प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक, हरिद्वार से भाजपा प्रत्याशी त्रिवेंद्र रावत की मौजूदगी में सदस्यता ली। दिनेश अग्रवाल 1993 और 1996 में उत्तर प्रदेश के समय देहरादून विधानसभा सीट से चुनाव लड़े, लेकिन भाजपा के हरबंस कपूर से हार गए। राज्य बनने के बाद 2002 व 2007 में लगातार दो चुनाव में उन्होंने लक्ष्मण चौक सीट पर भाजपा के नित्यानंद स्वामी को हराया। फिर 2012 में धर्मपुर विधानसभा सीट पर प्रकाश ध्यानी को हराकर कांग्रेस विधायक बने। वह कैबिनेट मंत्री भी रहे थे।


भाजपा प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, पूर्व मुख्यमंत्री रमेश पोखरियाल निशंक व त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दिनेश अग्रवाल को भाजपा की सदस्यता दिलाई।

## रखरखाव के अभाव में खासी पहचान नहीं बना पाई झील, टापू है इसके मुख्य आकर्षण का केंद्र

# भीमताल झील के सौंदर्यीकरण की उठने लगी मांग

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** कोई शक नहीं है कि भीमताल झील जनपद की अन्य झीलों की तरह सुंदर है, पर यह झील रखरखाव के अभाव के चलते खासी पहचान नहीं बना पाई है। अब जबकि शासन स्तर पर झीलों के संरक्षण और रखरखाव के लिए खास धन अवमुक्त किया जा रहा है तो भीमताल झील के सौंदर्यीकरण की मांग भी उठने लगी है। भीमताल झील का मुख्य आकर्षण का केंद्र इसका टापू है।

वहीं झील की विशेष आकृति इसको विशेष पहचान दिलाती है। भीमताल झील के चारों तरफ लगभग दर्जन भर से भी अधिक स्थान ऐसे हैं जिसकी दीवारें झील में समाई हुई हैं वहीं कई स्थान ऐसे हैं जिसकी रेलिंग टूटकर झील में गिरी हुई है।

इतना ही नहीं भीमताल के चारों ओर पानी में गंदगी तैरती नजर आती है। झील के पानी को स्वच्छ करने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जिसके चलते कई स्थानों पर झील के पानी से बदबू भी आती है।

वहीं झील के पानी के रिसाव को कम करने के लिए शासन स्तर पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। स्थानीय लोगों के मुताबिक झील पर कई परिवारों की आजीविका निर्भर है। ऐसे में भीमताल झील को विशेष रखरखाव की आवश्यकता है। वहीं कई लोगों ने भीमताल झील का स्वामित्व नगर पालिका को देने की मांग भी की है। इधर निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र चनौतिया बताते हैं कि उनके द्वारा कई बार स्वामित्व दिए जाने की मांग को लेकर उनके कार्यकाल में पत्राचार प्रारंभ किया गया था।



> भीमताल नगर पालिका को भीमताल झील का स्वामित्व दिया जाना चाहिए। इससे न केवल नगर पालिका की आमदनी होगी बल्कि भीमताल झील को एक विशेष पहचान भी मिलेगी। **-हितेन्द्र बिष्ट, सामाजिक कार्यकर्ता**

> भीमताल झील के चारों तरफ जो गंदगी है उसको हटाया जाना नितांत आवश्यक है, बल्कि एक व्यापक योजना के अंतर्गत इस पर कार्य किया जाना चाहिए। **-विपिन चंद्रा, सामाजिक कार्यकर्ता**

> भीमताल झील का स्वामित्व दिए जाने को लेकर शासन स्तर पर कई बार पत्राचार किया गया था। यह मामला अभी शासन स्तर पर लंबित है। **-देवेन्द्र चनौतिया, निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष**

# तीसरी बार भी मोदी ही प्रधानमंत्री बनेंगे : धामी


लेटीबुंगा में जनसभा में मौजूद मुख्यमंत्री और प्रत्याशी अजय भट्ट। ● अमृत विचार

- रामगढ़ के पास लेटीबुंगा में जनसभा को उत्तराखंड के मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

संवाददाता, भीमताल

**अमृत विचार :** रामगढ़ के समीप लेटीबुंगा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी अजय भट्ट के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया।

मुख्यमंत्री ने कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। कहा कि कांग्रेस चाहे कितनी भी कोशिश करे जनता भाजपा के साथ है। विकास के दम पर नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। इस बार भाजपा 400 से अधिक सीटों पर विजयी होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने जो अपना घोषणा पत्र जारी किया है वह मुस्लिम लीग का घोषणा पत्र है। बताया कि केंद्र सरकार ने यूसीसी बिल लागू किया, प्रधानमंत्री के नेतृत्व में अयोध्या में राम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाई। प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में महत्वपूर्ण और सर्वाधिक कार्य किए हैं। प्रधानमंत्री ने जमरानी बांध, कुमाऊं में एम्स, हल्द्वानी में विकास की धनराशि दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वनभूलपुरा में हिंसा करने वालों को कठोर सजा दी जा रही है तो नकल के लिए भी कानून सरकार लेकर आई है। विकसित भारत के लिए पांचों सीटों में भाजपा प्रत्याशी को जिताएं। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, ब्लॉक प्रमुख ओखल कांड कमलेश कैड़ा, ब्लॉक प्रमुख धारी आशारानी, दुग्ध संघ अध्यक्ष मुकेश बोरा, पूर्व मंडी अध्यक्ष मनोज साह, क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल चनौतिया, चतुर सिंह बोरा, नितेश बिष्ट, कार्तिक कर्नाटक, मनोज भट्ट, पूर्व जिला मंत्री दिनेश सांगुड़ी, राहुल जोशी समेत कई अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# तीन और षड़यंत्रकारी गिरफ्तार

## आरोपियों को पीलीभीत, रामपुर और शाहजहांपुर से दबोचे गए

**बाबा तरसेम हत्याकांड**

- संरक्षण देने के आरोप में चार षड़यंत्रकारियों को पुलिस पहले ही कर चुकी है गिरफ्तार

संवाददाता, नानकमत्ता

**अमृत विचार :** नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड में पुलिस ने तीन और षड़यंत्रकारियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने ही शूटर्स को पौनिया राइफल और कार उपलब्ध कराई थी। चार षड़यंत्रकारी पूर्व में ही गिरफ्तार हो चुके हैं। वहीं, दोनों शूटर्स अभी भी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

बाबा तरसेम सिंह की 28 मार्च को डेरे में घुस कर बाइक सवार दो शूटर्स ने गोली मारकर हत्या करके भाग गए थे। घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरों में कैद था, जिससे दोनों शूटर्स की पहचान हुई थी। हाल ही में पुलिस ने शूटर्स हायर कर घटना को अंजाम दिलाने के आरोप में दिलबाग सिंह, बलकार सिंह, हरविंदर सिंह उर्फ पिंदी और अमरदीप को गिरफ्तार किया था। उनके कब्जे से दो कार भी बरामद हुई थी।

इधर, एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने रविवार को तीन और षड़यंत्रकारियों की गिरफ्तारी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि परगट सिंह पुत्र सोबरन सिंह निवासी तुलापुर (पीलीभीत), सुल्तान सिंह ग्राम दडहा, विलासपुर (रामपुर) और सतनाम सिंह निवासी कुइयां महोलिया, बंडा (शाहजहांपुर) भी बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल हैं। घेराबंदी कर परगट सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। हत्या में इस्तेमाल की गई 315 बोर की पौनिया राइफल जसपाल सिंह भट्टी उर्फ मिंटू पुत्र सतपाल सिंह निवासी केशोवाला मोड और सुखदेव सिंह गिल उर्फ सोनू गिल पुत्र सत्यपाल सिंह निवासी बन्नाखेड़ा ने हत्यारों को मुहैया कराई थी।

# विचारधारा से समझौता की वजह से की बगावत

नागपुर, एजेंसी

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को दावा किया कि उन्होंने इसलिए बगावत की क्योंकि उद्धव ठाकरे ने शिवसेना संस्थापक बाल ठाकरे की विचारधारा को त्याग दिया।

नागपुर के रामटेक में शिवसेना कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि वह मुख्यमंत्री नहीं बनना चाहते थे लेकिन बाल ठाकरे की विचारधारा से समझौता होते देख उन्हें विद्रोह करना पड़ा। शिंदे जून 2022 में उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना से अलग हो गए थे और उन्होंने भाजपा के समर्थन से सरकार बनाई। मुख्यमंत्री ने शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव पर कटाक्ष करते हुए कहा कि बालासाहेब ठाकरे हमें (पार्टी पदाधिकारियों को) दोस्त मानते थे लेकिन वह (उद्धव) हमें घरेलू नौकर समझने लगे।

उन्होंने कहा कि एक पार्टी तब आगे बढ़ती है जब नेता घर पर बैठने के बजाय जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं तक पहुंचते हैं।



# सुकमा जिले में विस्फोटकों का बड़ा जखीरा बरामद

**सुकमा :** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में रविवार को दो स्थानों से सुरक्षा बलों ने नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए विस्फोटक के बड़े जखीरे को बरामद कर लिया। एक अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और उसकी कोबरा बटालियन तथा बस्तर बटालियन के संयुक्त दल ने किस्ताराम पुलिस थाना क्षेत्र के तहत आने वाले तोंदामारका और डब्बामारका गांवों के बीच यह खेप बरामद की। उन्होंने बताया कि बरामद सामग्री में 350 जिलेटिन छड़ें, 105 इलेक्ट्रिक डेटोनेटर, एक बैरल ग्रेनेड लॉन्चर (बीजीएल), 22 बीजीएल प्रोजेक्टर इत्यादि शामिल है।

# एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कर रही है सरकार : बनर्जी

**कोलकाता :** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर पश्चिम बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टी को धमकाने के लिए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया। उन्होंने साथ ही कहा कि राज्य के लोग तृणमूल कांग्रेस के साथ हैं। अभिषेक ने घाटल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा ईडी, सीबीआई को अपने पक्ष में कर सकती है। वे उन लोगों को धमकी दे रहे हैं जो उनके अलोकतांत्रिक कृत्यों के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं।

## तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मोदी की शान में पढ़े कसीदे, विपक्ष पर जमकर बरसे

# इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों को बचाना चाहता है : नड्डा

अरियालूर (तमिलनाडु), एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को आरोप लगाया कि जमानत पर रिहा या जेल में बंद इंडिया गठबंधन के नेता भ्रष्ट लोगों को बचाने के लिए प्रयासरत हैं जबकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश से भ्रष्टाचार खत्म करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

नड्डा ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसे नेता जेल में हैं जबकि सोनिया गांधी और उनके बेटे राहुल गांधी सहित कांग्रेस नेता जमानत पर हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी विकास के पक्षधर हैं और भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं। यहां एक रैली को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि मैं भ्रष्टाचार खत्म कर दूंगा, लेकिन इंडिया गठबंधन के नेता कहते हैं भ्रष्ट लोगों को बचाओ। यही उनकी (विपक्ष की) कार्यशैली है। तमिलनाडु में द्रमुक और उसकी सहयोगी कांग्रेस भ्रष्ट है। वे सभी अपने परिवारों, वंशों और खुद को भ्रष्टाचार से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। तिरुचिरापल्ली शहर में दिन भर इस बात को लेकर असमंजस की स्थिति रही कि क्या यातायात संबंधी समस्याओं के कारण नड्डा का रोडशो होगा या नहीं क्योंकि भाजपा ने जिस मार्ग पर रोडशो की अनुमति मांगी थी उसे लेकर स्थानीय पुलिस ने आपत्ति जतायी थी। गांधी मार्केट से मलाईकोट्टई तक कार्यक्रम के लिए पुलिस द्वारा अनुमति दिए जाने से इनकार करने के बाद भाजपा के जिला पदाधिकारी मद्रास उच्च न्यायालय की मदुरै पीठ के पास पहुंचे और पुलिस को रोडशो की अनुमति का निर्देश देने का अनुरोध किया।

पीठ ने पुलिस को वैकल्पिक मार्ग पर रोडशो की अनुमति देने का निर्देश दिया। इसके बाद शाम को नड्डा ने करीब 1.5 किलोमीटर के मार्ग पर वोरायूर रोड पर रोडशो किया। भाजपा अध्यक्ष ने पूरे राज्य में कई चुनावी रैलियों को संबोधित किया और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवारों के लिए वोट जुटाने की कोशिश की।


तमिलनाडु की विरुद्धनगर लोकसभा सीट से भजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करने पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा।

# राजग की भितरघात मिशन-80 की राह में चुनौती

## पश्चिम से पूरब तक कहीं रालोद तो कहीं सुभासपा से भाजपाइयों की खटपट की सूचना

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचार:** पश्चिमी उप्र. से लेकर पूरब तक लोकसभा सीटों पर राजग में भितरघात और अपसी मनमुटाव से पार पाना मिशन-80 के लिए बड़ी चुनौती बन रही है। जाटलैंड में रालोद और भाजपा प्रत्याशियों के समर्थकों में गुटबाजी और अंतर्कलह हावी दिख रही है तो, पूरब में घोसी विधानसभा के उपचुनाव जैसी कहानी सुभासपा प्रत्याशी के सामने है। हालांकि बड़े नेता इस आपसी मनमुटाव को अपने तरीके से दूर करने में जुटे हैं। इन सबके बीच राजग के सहयोगी दलों की मुस्लिम लीडरशिप खुलकर इंडी गठबंधन की मददगार बनती दिख रही है।

जाटलैंड में हो रहे पहले चरण के लोकसभा चुनाव में रालोद प्रमुख चौधरी जयंत सिंह की सक्रियता उतनी नहीं देखी जा रही है, जितनी भाजपा नेताओं की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को सहारनपुर में चुनावी रैली के जरिए इंडी गठबंधन को जमकर घेरा, लेकिन मंच पर जयंत चौधरी नदारद थे। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मोदी के साथ सहारनपुर के बाद अपनी रैली बिजनौर और नगीना में की, इन इलाकों में जाटमतों का खासा प्रभाव है, लेकिन रालोद नेता दूर ही रहे। हालांकि तीन दिन पहले मुजफ्फरनगर में गृहमंत्री अमित शाह के साथ जयंत ने मंच साझा किया था।



**कैराना: सहयोगी से ही भितरघात का डर**- कैराना लोकसभा सीट पर भाजपा एक कद्दावर नेता समेत कई दावेदार थे, मगर उन्हें टिकट नहीं दिया गया। ऐसे में नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए भाजपा ने दो मंत्रियों लक्ष्मीनारायण व नरेंद्र कश्यप समेत पूर्व एमएलसी सुरेश कश्यप को मैदान में उतारा है। रालोद का असर यहां भी है, 2014 में रालोद-कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी करतार सिंह भड़ाना को 42706 मत मिले थे। इस चुनाव में भाजपा के हुकुम सिंह ने 565909 मत पाकर जीत दर्ज की थी। 2019 में गठबंधन प्रत्याशी के रूप में तबस्सुम हसन को मैदान में उतारा गया था। लेकिन भाजपा प्रत्याशी प्रदीप चौधरी ने जीत दर्ज की थी। इसबार वे मजबूत प्रत्याशी है, सहयोगी दल से भितरघात का डर सता रहा है।

**बिजनौर व नगीना सीट: गठबंधन संग चलना चुनौती**- बिजनौर रालोद के हिस्से में जाने से भाजपा के दावेदार मायूस हैं। ऐसे में रालोद को भाजपा नेताओं को साथ लेकर चलना चुनौती हो गई है। नगीना सुरक्षित सीट भाजपा के हिस्से में है, वहां ज्यादा गुटबाजी नहीं दिख रही है। हालांकि राजग का जीत के लिए एकजुट प्रयास हो, इसके लिए आपस में ही मान-मनौव्वल हो रहा है।

**घोसी: माफीनामा से भाजपा का वोट साध रही सुभासपा**- मऊ जिले की घोसी संसदीय सीट बसपा के कब्जे से लेने के लिए राजग ने अपने सहयोगी सुभासपा को कमान सौंपी है। यहां पार्टी के मुखिया ओमप्रकाश राजभर ने अपने पुत्र अरविंद राजभर को छड़ी निशान से मैदान में उतारा है। हाल में यहां विधानसभा उपचुनाव में भाजपा की पिछली सरकार वन मंत्री रहे दारा सिंह चौहान की सपा से वापसी के बाद भाजपा प्रत्याशी बनने पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने ही सपा के सुधाकर सिंह के हाथों हराने में भिरतघात किया। ऐसा दोबारा न हो, इससे बचने के लिए हाल ही में भाजपा कार्यकर्ताओं के सामने सिर झुकवाकर नीचे बैठाकर अरविंद राजभर से उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने माफी मंगवाई।

### राजनीति

- रालोद व सुभासपा के मुस्लिम नेता खुलेआम अपने समर्थकों को दे रहे बगावत और भितरघात का संदेश
- घोसी में अंतर्कलह से हार चुकी है भाजपा, इस बार सुभासपा प्रत्याशी से माफी मंगवाकर सहेज रही वोट

### मुजफ्फरनगर: राहत जरुर, मगर भितरघात हावी

पश्चिमी उप्र का मिजाज बताने वाले मुजफ्फरनगर जिले में 2022 के विधानसभा चुनाव में चरथावल, बुढ़ाना, खतौली और सरधना सीट भाजपा हार गई थी। इसबार रालोद के साथ गठबंधन से भाजपा प्रत्याशी राहत में हैं, मगर भितरघात हावी दिख रहा है। पूर्व विधायक संगीत सोम और भाजपा प्रत्याशी संजीव बालियान के बीच वजूद की लड़ाई से नुकसान हो रहा है। मुख्यमंत्री के हस्तक्षेप से मामला जरुर संभला है। 2019 में भाजपा से दूसरी बार भी संजीव बालियान सांसद चुने गए थे। सपा, रालोद के गठबंधन के प्रत्याशी अजित सिंह को हार का सामना करना पड़ा। रालोद 2014 में असरदार नहीं थी, रालोद-कांग्रेस गठबंधन से कांग्रेस के पंकज अग्रवाल को मात्र 12937 वोट मिले थे। वह चौथे स्थान पर थे।

### सहारनपुर: राजपूत समाज की नाराजगी

यहां भाजपा के प्रति राजपूत समाज में नाराजगी है। राजपूत समाज के लोगों का कहना है कि उन्हें भाजपा प्रत्याशी से दिक्कत नहीं है, लेकिन संगठन में अनदेखी के चलते रोष है। इसको लेकर राजपूत समाज ने सात अप्रैल को नानौता में कार्यक्रम रखा है। भाजपा से राघव लखनपाल शर्मा को मैदान में उतारा है। 2014 के चुनाव में रालोद-कांग्रेस से इमरान मसूद को हार का सामना करना पड़ा था। भाजपा प्रत्याशी राघव लखनपाल ने जीत दर्ज की थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा, बसपा और रालोद गठबंधन से हाजी फजलुर्रहमान ने 514139 मत पाकर जीत दर्ज की थी।

### बागपत: आपसी खींचतान से रालोद परेशान

दो बार से भाजपा के कब्जे में रही इस सीट पर रालोद प्रत्याशी डॉ. राजकुमार सांगवान मैदान में हैं। इससे स्थानीय भाजपा नेताओं की नाराजगी देखी जा रही है। रालोद को भाजपा से भितरघात का डर तो सता ही रहा है, उसके कई अपने कद्दावर नेता भी टिकट न मिलने से नाराज हैं। 2014 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह, कांग्रेस-रालोद से अजित सिंह मैदान में उतरे थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 423475 वोट लेकर जीत गए थे। अजित सिंह 199516 वोट लेकर तीसरे स्थान पर रहे थे। 2019 में भाजपा से डॉ. सत्यपाल सिंह और सपा-बसपा-रालोद से जयंत सिंह चुनाव लड़े थे। डॉ. सत्यपाल सिंह 525789 वोट लेकर जीत गए और जयंत सिंह 502287 वोट लेकर दूसरे स्थान पर रहे थे।

# चुनाव प्रचार में साइकिल व बैलगाड़ी ही थी शान की सवारी

रमेश पाण्डेय, करनैलगंज गोंडा

**अमृत विचार:** नगर के लगभग 82 वर्षीय बुजुर्ग कृष्ण गोपाल वैश्य बताते हैं कि 1966 व 72 के दौर में पार्टियां ऐसे लोगों को प्रत्याशी बनाती थीं, जो शिक्षित, सामाजिक और जन सरोकार से ताल्लुक रखता था। तब प्रचार-प्रसार पैदल साइकिल एवं बैलगाड़ी से होता था। आवागमन का रास्ता नहीं होने के कारण प्रत्याशी गांव के चौपाल में बैठकर मुखिया और गांव के सम्मानित लोगों को बुलाकर बात कर लिया करते थे। उस समय के कार्यकर्ता घर से सत्तू, चूड़ा, मूली, नमक एवं गुड़ को पोटली में बांधकर प्रचार के दौरान अपने साथ रखते थे। उस समय बैनर, पोस्टर, होर्डिंग, कट आउट का प्रचलन नहीं के बराबर था। चुनाव के दौर में तामझाम बिल्कुल ही नहीं था। कृष्ण गोपाल वैश्य कहते हैं कि 1966 से लेकर अब तक सभी लोकसभा व विधानसभा के चुनावों में अपना मतदान सभी कामकाज छोड़कर दिया। लेकिन अब उम्र का तकाजा व अस्वस्थ होने के चलते दिक्कत आ रही है। उस वक्त के लोकसभा चुनाव में यही कोई कुल एक लाख रुपए से भी कम खर्च होते थे। वर्तमान समय के चुनावी क्रम पर नाराजगी जाहिर करते हुए बताया कि उस वक्त व्यक्तिगत आरोप-प्रत्यारोप नहीं चलता था। नेता और प्रत्याशी से लेकर कार्यकर्ता काफी शालीन स्वभाव के थे। पार्टी की नीति को लेकर नेता एवं कार्यकर्ता आम जनता के बीच में जाते थे।


कृष्ण गोपाल वैश्य

आज राजनीति में गिरावट क्षोभ का विषय है। शब्द बाण मर्यादित और शालीन रहती थी। लेकिन अब भाषा मर्यादा वाला नहीं रह गया। पहले के नेता निस्वार्थ भाव से जनता की सेवा करते थे। लेकिन वर्तमान में सभी नेता स्वार्थी हो गए हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए बताया कि पहले यहां से दिवाकर दत्त तिवारी जो मूल रूप से किसान थे और परवल की खेती करते थे। इसलिए वे परवल तिवारी के नाम से प्रसिद्ध भी थे। जनसंघ पार्टी से चुनाव लड़े थे। यह आपातकाल के समय के आसपास की बात है। तब नगर के हंसराज जैन, पंडित बंशीधर, केशव प्रसाद व गणेश प्रसाद तिवारी आदि मिलकर साईकिल से रामकुशल सिंह व राम नरेश सिंह के यहां जाकर चुनावी रणनीति बनाया करते थे। चुनाव से लेकर मतगणना तक सभी कार्यकर्ता समर्पित भाव से लगे रहते थे।



# बाहुबल और बॉलीवुड के आकर्षण से दूर होता चुनाव

## कभी जनसभाओं में भीड़ जुटाने को बुलाए जाते थे फिल्मी सितारे | अब गिनती के सिने सितारे प्रत्याशी तो हैं, लेकिन प्रचारकों की सूची में नहीं

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश का लोकसभा चुनाव इस बार बाहुबलियों और बॉलीवुड की हस्तियों दोनों की ही चमक-धमक से दूर है। बीते चुनावों में राजनीतिक दलों ने इन दोनों के जन-आकर्षण को जमकर भुनाया। मुख्तार हों, अतीक हों या उन जैसे अपराध के दलदल से उबरकर राजनीति के पटल पर आकर धमक दिखाने वाले अन्य। फिलहाल इनके राजनीतिक दबदबे की सुगबुगाहट तक नहीं। वहीं, फिल्मी हस्तियों के चेहरे भी पहले की तरह न प्रचार में नजर आने वाले और न ही चुनावी लड़ाई लड़ने में। ऐसे चेहरे भी हैं तो, उंगलियों में गिनती के।

केवल फिल्मी सितारों की ही बात की जाए तो राजनीति से फिल्म जगत के सितारों का नाता पुराना रहा है। दरअसल, ऐसे सितारों का प्रयोग राजनीतिज्ञ चुनावी जनसभाओं में भीड़ जुटाने के लिए आते रहे हैं। इस बार मामला उल्टा है। सिनेमाई सितारे कम और लंबा राजनीतिक कॅरियर रखने वाले ज्यादा हैं। राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारकों की सूची देखें तो पाते हैं उत्तर प्रदेश में भाजपा की ओर से सिने तारिका हेमा मालिनी जबकि सपा की ओर से जया भादुड़ी ही चुनावी जनसभाओं में अपनी-अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के साथ खड़ी दिखेंगी। इन दोनों का राजनीतिक कॅरियर लगभग दो दशक से भी ज्यादा का है, इसीलिए संभवतः स्टार प्रचारकों की सूची में भी शामिल हुईं।

राजनीतिक दलों में सत्तासीन दल भाजपा पर मंथन करें तो पहले चरण के चुनाव में वोटर्स को आकर्षित करने के लिए रविकिशन, मनोज तिवारी, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ' जैसे भोजपुरी सितारों को आगे नहीं किया है। वैसे तो उप्र. की मेरठ सीट से रामायण सीरियल के 'राम' अरुण गोविल और हिमाचल की मंडी सीट से सिने तारिका कंगना रनौत को अपना उम्मीदवार बनाया।लेकिन पार्टी के अन्य उम्मीदवारों के लिए प्रचार अभियान वाली सूची में नाम दर्ज नहीं किया है।

वहीं, मुख्य विपक्षी दल सपा की स्थिति देखें यहां पार्टी का कर्ताधर्ता यादव कुनबा ही स्टार प्रचारक है। उप्र. के सबसे बडेस इस राजनीतिक यादव कुनबे से चार सदस्यों अखिलेश यादव, शिवपाल यादव, डिम्पल यादव और प्रो. रामगोपाल यादव सभी आने वाले दिनों में सभी उम्मीदवारों के लिए प्रचार करते दिखेंगे। सपा के साथी दल कांग्रेस की भी स्टार प्रचारकों की सूची में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत अन्य शामिल हैं।

बीते चुनावों के पन्ने पलटें तो एक समय ऐसा भी था जबकि, सपा के तत्कालीन राष्ट्रीय महासचिव अमर सिंह ने राजनीति को फिल्मी सितारों से हराभरा कर दिया था। जयाप्रदा को सांसद बनवाया। उस वक्त प्रचार में अमिताभ बच्चन और संजय दत्त जैसी बॉलीवुड हस्तियों को पार्टी उम्मीदवारों के प्रचार में उतरवा दिया। यानि एक दौर था जब चुनावी प्रचार में अमिताभ बच्चन से लेकर नये कलाकारों में सोनाक्षी सिन्हा तक नजर आयीं। फिलहाल इस बार ऐसा कुछ नहीं।

उस वक्त बॉडीवुड से चुनाव में किस्मत आजमाने वाले राजबब्बर, जयाप्रदा, हेमा मालिनी के लिए गोविंदा, चंकी पांडेय, नगमा, अमीषा पटेल, शमिता शेट्टी, विवेक ओबेरॉय, शिल्पा शेट्टी जैसे तमाम सिने कलाकारों ने उत्तर प्रदेश चुनावी वातावरण को चकाचौंध किया था।


### जीत कर भी राजनीति की मंशा पूरी न कर सके

तमाम फिल्मी सितारों ने भले ही चुनाव जीता हो लेकिन वे राजनीति की जमीन पर उतर कर जनआकांक्षाओं पर सफल नहीं रहे। इस बार भी 18 वीं लोकसभा के लिए होने जा रहे चुनावों में अरुण गोविल और कंगना राणावत के प्रवेश और गोविंदा की वापसी चर्चा में है। सच पूछा जाए तो इनमें ऐसे बहुत कम होते हैं, जो समाज या लोगों के लिए कुछ करने का आत्मिक लक्ष्य लेकर राजनीति में आते हैं। ऐसे उदाहरण बहुत कम हैं जब इन सितारों से संबधित क्षेत्र की जनता को उनके कार्य से संतुष्ट हुई हो। ऐसे में अधिकतर सितारों ने सांसदी तो पाई लेकिन अपनी प्रतिष्ठा गंवा दी। अमिताभ बच्चन और धर्मेंन्द्र इसका बड़ा उदाहरण रहे। दोनों का ही राजनीति से मोहभंग ही हो गया।


### नवाबों के शहर से भी सफल नहीं हुए सितारे

नवाबों के शहर लखनऊ से भी तमाम फिल्मी सितारों ने राजनीति की दुनिया में कदम रखने का प्रयास किया। लेकिन सफल नहीं हुए। सबसे पहले 1996 के चुनाव में समाजवादी पार्टी ने राजबब्बर को चुनाव में उतारा था। लेकिन, उस वक्त भाजपा के प्रत्याशी अटल बिहारी वाजपेयी के आगे वे टिक नहीं सके। वर्ष 1998 के लोकसभा चुनाव में सपा ने फिल्मकार मुजफ्फर अली को मैदान में उतारा, लेकिन उन्हें भी अटल बिहारी के सामने हार का सामना करना पड़ा।

2009 में सपा ने भाजपा नेता लालजी टंडन के खिलाफ अभिनेत्री नफीसा अली को उतारा, लेकिन वह चौथे नंबर पर रहीं। 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के सामने सिने अभिनेता शत्रुघ्न सिन्हा की पत्नी पूनम सिन्हा को उम्मीदवार बनाया था, लेकिन लखनऊ की जनता ने उन्हें भी नहीं स्वीकारा।



अमिताभ बच्चन


अमीषा पटेल


राज बब्बर


# आईना : सीतापुर लोकसभा सीट

### 2019 चुनाव का लेखा जोखा




| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| राजेश वर्मा, विजेता | 5,14,528 |
| नकुल दुबे, उपविजेता | 4,13,695 |

### 2014 में किसको कितने वोट




| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजेश वर्मा | 4,17,546 |
| बसपा | कैसर जहां | 3,66,519 |
| सपा | भरत त्रिपाठी | 1,56,170 |

सीतापुर के क्षेत्र





### निर्वाचित सांसदों की सूची

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952, 1957 | उमा नेहरू, परागी लाल | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सूरज लाल वर्मा | जनसंघ |
| 1967 | शारदा नन्द | जनसंघ |
| 1971 | जगदीश चंद्र दीक्षित | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हर गोविंद वर्मा | जनता पार्टी |
| 1980,84 व 89 | राजेंद्र कुमारी बाजपेयी | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1991 | जनार्दन प्रसाद मिश्र | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996 | मुख्तार अनीस | समाजवादी पार्टी |
| 1998 | जनार्दन प्रसाद मिश्र | भारतीय जनता पार्टी |
| 1999, 2004 | राजेश वर्मा | बहुजन समाज पार्टी |
| 2009 | कैसर जहाँ | बहुजन समाज पार्टी |

**2019** 8,873 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

**2014** 12,682 मतदाताओं ने नोटा का बटन दबाया

### 2009 चुनाव के आंकड़े




# आधी हिस्सेदारी का दावा फिर भी नहीं मिल रही उम्मीदवार

## महिला प्रत्याशी उतारने में अब तक सपा आगे, भाजपा पीछे व कांग्रेस व बसपा में मात्र एक- एक प्रत्याशी




पद्माकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचार:** इस लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश की मुख्य राजनीतिक पार्टी कांग्रेस और बसपा को महिला उम्मीदवार मिल नहीं रहे या फिर उन्हें राजनीति में सक्रिय किसी महिला में योग्यता नजर नहीं आ रही? हालांकि प्रदेश में सपा से गठबंधन कर लड़ रही कांग्रेस ने हिस्से की 17 सीटों में से, अब तक घोषित 14 उम्मीदवारों में मात्र एक महिला को (गाजियाबाद सीट) मौका दिया है। वहीं बसपा ने भी घोषित तीन दर्जन उम्मीदवारों में एक मात्र लालगंज की सुरक्षित लोकसभा सीट पर इंदु चौधरी को प्रत्याशी बनाया गया है।

कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी द्वारा खुद को चुनाव से अलग कर लेने के बाद प्रियंका गांधी के भी चुनाव लड़ने पर संशय बना है, अगर प्रियंका ने रायबरेली से नामांकन नहीं किया तो गाजियाबाद सीट से कांग्रेस की एकमात्र महिला प्रत्याशी डॉली शर्मा के साथ चुनाव में होगी। कांग्रेस के पास सीटें भले कम हों लेकिन पार्टी के घोषणापत्र में अगर तमाम सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत महिला आरक्षण का दावा है तो इसकी तस्वीर भी घोषित उम्मीदवारों में दिखनी चाहिए।

**प्रियंका नहीं उतरीं तो कांग्रेस को दूसरी महिला प्रत्याशी मिलना मुश्किल**

उप्र. के लोकसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन और सपा-कांग्रेस गठबंधन आमने-सामने है। भाजपा ने अब तक आधा दर्जन महिला प्रत्याशी समेत 62 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। दूसरी तरफ सपा ने अपने हिस्से में आई 62 सीटों में से आठ सीट पर महिला प्रत्याशियों को उतारा है। यह संख्या यहां अन्य किसी भी दल से ज्यादा है। सपा की घोषित महिला उम्मीदवारों पर नजर डालें तो मेरठ की सीट पर दो बार प्रत्याशी बदलने के बाद सुनीता वर्मा को, मैनपुरी में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव को और मुरादाबाद सीट पर एसटी हसन के स्थान पर रूचि वीरा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा सपा ने गोरखपुर से काजल निषाद, गोंडा से श्रेया वर्मा, उन्नाव से अन्नू टंडन, हरदोई से उषा वर्मा और कैराना से इकरा हसन को उम्मीदवार बनाया है। साथ ही जौनपुर सीट पर बाहुबली धनंजय सिंह की पत्नी को भी उतारने की चर्चा है। वहीं, भाजपा ने अमेठी से स्मृति ईरानी, धौरहरा से रेखा वर्मा, मथुरा से हेमा मालिनी, सुलतानपुर से मेनका गांधी, फतेहपुर से साध्वी निरंजन ज्योति और लालगंज सीट से नीलम सोनकर को प्रत्याशी बनाया है। साथ ही घटकदल से केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल भी एनडीए से चुनाव लड़ रहीं है। साथ ही मुलायम परिवार की बहु अपर्णा यादव को भी भाजपा द्वारा टिकट दिये जाने की चर्चाएं चल रही है।

## चुनावी गतिविधियां

- **दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित :** भारत निर्वाचन आयोग ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रचार के लिए दूरदर्शन व आकाशवाणी पर समय आवंटित किया है। राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के राष्ट्रीय चैनल पर लगभग 10 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 241 मिनट, कांग्रेस को 148 मिनट, माकपा को 54 मिनट, आप को 47 मिनट, एनपीपी को 45 मिनट और बसपा को 64 मिनट का समय मिलेगा। इसी तरह, राष्ट्रीय दलों को दूरदर्शन और आकाशवाणी के क्षेत्रीय केंद्रों पर कुल 15 घंटे का समय मिलेगा, जिसमें भाजपा को 362 मिनट, कांग्रेस को 222 मिनट, माकपा को 81 मिनट, आप को 71 मिनट, एनपीपी को 68 मिनट और बसपा को 96 मिनट का समय मिलेगा। समाजवादी पार्टी को 53 मिनट और अपना दल (सोनेलाल) को 27 मिनट का समय मिलेगा।

# रालोद के लिए नाक का सवाल बना बिजनौर का रणक्षेत्र

दिग्विजय सिंह


**अमृत विचार।** जाटलैंड की बिजनौर संसदीय सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने की उम्मीद है। 2014 की मोदी लहर में इस सीट पर भाजपा ने कब्जा तो जमा लिया था लेकिन 2019 के चुनाव में जब सपा और बसपा का गठजोड़ हुआ तो बसपा के मलूक नागर ने भाजपा के उम्मीदवार को पटखनी दे दी थी। भाजपा ने इस बार एनडीए में शामिल राष्ट्रीय लोकदल को यह सीट दी है। पार्टी ने यहां से विधायक चंदन चौहान को मैदान में उतारा है तो सपा ने दीपक सैनी को अपना चेहरा बनाया है। बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाया है। तीनों दलों से दमदार उम्मीदवार होने से यहां त्रिकोणीय संघर्ष के आसार हैं। वैसे तो 2004 और 2009 के चुनाव में इस सीट पर राष्ट्रीय लोकदल काबिज रह चुकी है। अब देखना यह है कि मोदी की गारंटी, राम मंदिर निर्माण से उपजी लहर और केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के दम पर चंदन चौहान जीत दर्ज कर पाते हैं फिर किसानों की नाराजगी का कुछ नुकसान उठाना पड़ता है।

**मीरापुर के विधायक हैं चंदन चौहान:** भाजपा के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मीरापुर से विधायक चंदन चौहान को सांसद बनाने में जुट गए हैं। भाजपा अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं को यह संदेश दे रही है कि रालोद के निशान को ही कमल का निशान समझें और ताकि चार सौ पार का सपना साकार हो सके। चंदन ने भी यह कोशिश की है कि उनके किसी कदम से भाजपा के कार्यकर्ता नाराज न हों। चंदन के दादा चौधरी नारायण सिंह 1977 में उप मुख्यमंत्री रह चुके हैं। साथ ही उनके पिता संजय चौहान भी विधायक रह चुके हैं।

**हर दल को मतदाताओं ने अपनाया:** यहां के मतदाताओं ने हर दल को गले लगाया। चाहे वह कांग्रेस हो या जनता पार्टी, बसपा, सपा, कांग्रेस, भाजपा और रालोद। जनता पार्टी सेक्युलर को भी यहां जीत मिल चुकी है।

पहली बार 1991 में यहां भाजपा जीती थी। 1996 के चुनाव में भी कमल खिला था पर 1998 में सपा की ओमवती ने भाजपा से यह सीट छीन ली थी लेकिन जब 1999 में लोकसभा का चुनाव हुआ तो यह सीट पुनः भाजपा के खाते में आ गई। लेकिन 2004- 2009 के चुनाव में यहां के मतदाताओं ने रालोद पर भरोसा जताया।

2014 में मोदी लहर में भाजपा यहां जीती जरूर लेकिन 2019 में सपा- बसपा गठबंधन में बसपा के मलूक नागर ने भाजपा को यहां हरा दिया।



- पिछले चुनाव में इस सीट पर सपा से गठबंधन के चलते बसपा के मलूक नागर बने थे सांसद
- सपा ने इस बार दीपक सैनी को तो बसपा ने रालोद से आए विजेंद्र सिंह को बनाया उम्मीदवार

### दो-दो विधानसभा सीटों पर भाजपा- रालोद काबिज

- इस लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से दो- दो विधानसभा सीटों पर रालोद-भाजपा |का कब्जा है। एक सीट पर सपा काबिज है। मुजफ्फरनगर जिले की पुरकाजी और मीरापुर सीट पर रालोद और बिजनौर की बिजनौर सीट पर भाजपा और चांदपुर सीट पर सपा और मेरठ जिले की हस्तिनापुर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

### रालोद के बागी पर बसपा का दांव

- मेरठ के जलालपुर लावड़ निवासी चौधरी विजेंद्र सिंह इस मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने में जुटे हुए हैं। हाल ही में उन्होंने बसपा की सदस्यता ग्रहण की थी। वह रालोद से त्यागपत्र देकर बसपा में आए थे। रालोद से बगावत के पीछे टिकट न मिलने को कारण बताया गया था।


### मीरा कुमार यहां से पहुंची थीं संसद

1984 में कांग्रेस के सांसद गिरधारी लाल का निधन हो गया था। तब इस सीट पर उप चुनाव हुआ और पूर्व प्रधानमंत्री जगजीवन राम की बेटी मीरा कुमार ने यहां से जीत दर्ज की थी। मीरा कुमार ने यहां से लोकदल के उम्मीदवार पूर्व केंद्रीय मंत्री राम विलास पासवान को हराया था। मीरा कुमार कांग्रेस की उम्मीदवार थीं। इस चुनाव में मायावती बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में थीं। इसी सीट से उनकी सियासी लांचिंग हुई थी। 2014 में पूर्व सांसद एवं फिल्म अभिनेत्री जयापद्रा यहां से राष्ट्रीय लोकदल के टिकट पर मैदान में उतरीं थीं पर चौथे स्थान पर रहीं थीं।


चौधरी विजेंद्र सिंह।


दीपक सैनी।


चंदन चौहान।




**2019 का वोट प्रतिशत**

| | | |
|---|---|---|
| बसपा | मलूक नागर | 51.21 |
| भाजपा | कुंवर भारतेंद्र | 44 .67 |
| कांग्रेस | नसीमुद्दीन | 2 .36 |

बसपा भाजपा कांग्रेस

**26 %** मुस्लिम मतदाता

**22 %** दलित मतदाता

**18 %** जाट मतदाता

**06 %** गुर्जर मतदाता


**28 %** अन्य वोटर

**17,33,372** बिजनौर सीट पर कुल मतदाता

### सपा को बदलना पड़ा उम्मीदवार

- बिजनौर सीट पर जीत दर्ज करने के लिए सपा ने पहले पूर्व सांसद यशवीर सिंह धोबी को मैदान में उतारा था। यशवीर सिंह 2009 में नगीना सीट से सांसद चुने गए थे। वह नगीना से ही टिकट चाह रहे थे लेकिन बदली परिस्थितियों में पार्टी ने उन्हें बिजनौर के रण में उतारना जरूरी समझा। हालांकि इससे यशवीर सिंह खुद ही असहज महसूस कर रहे थे। पार्टी ने उनके भाव को समझा और टिकट बदलते हुए नूरपुर से विधायक राम अवतार सैनी के बेटे दीपक सैनी को मैदान में उतार दिया। अब दीपक ने इस समर को जीतने के लिए रात दिन एक कर दिया है। युवाओं की टोली के साथ वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं और किसानों को यह याद दिलाने की कोशिश कर रहे हैं कि केंद्र और राज्य सरकार ने उनके आंदोलन को किस तरह कुचला। केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर ही किसानों को न्याय मिलेगा। बसपा उम्मीदवार विजेंद्र चौधरी जल्द ही यहां पार्टी प्रमुख मायावती और आकाश आनंद की रैली कराने की तैयारी कर रहे हैं ताकि इस रणक्षेत्र में वे जीत दर्ज कर सकें। रालोद और भाजपा की रणनीति पर भी उनकी गहरी नजर है। इसके लिए वे लगातार रालोद कार्यकर्ताओं के संपर्क में भी हैं।

# कमलनाथ के गढ़ में क्या इस बार खिलेगा कमल



मनोज त्रिपाठी

मध्यप्रदेश में पहले चरण के चुनाव में 19 अप्रैल को हाई प्रोफाइल सीट छिंदवाड़ा के साथ सीधी, शहडोल, मंडला, जबलपुर, बालाघाट लोकसभा सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इन आधा दर्जन सीटों में सबसे ज्यादा रोचक मुकाबला छिंदवाड़ा में कांग्रेस के मौजूदा सांसद नकुल नाथ और भाजपा के विवेक बंटी साहू के बीच होगा। इस सीट पर देश भर की निगाह लगी है। छिंदवाड़ा में लगातार कांग्रेस से भाजपा में शामिल होने वाले नेताओं और कार्यकर्ताओं की लाइन लगी है। दो दिन पहले पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के काफी खास रहे पूर्व मंत्री दीपक सक्सेना भी कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं। भाजपा ने इस बार छिंदवाड़ा सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया था और राज्य की सभी 29 सीटों पर क्लीन स्वीप की बात कही है। 2019 में भाजपा ने 28 सीटें जीती थीं, सिर्फ छिंदवाड़ा में कांग्रेस और कमलनाथ का किला नहीं ढहा पाई थी। भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज पाटिल द्वारा यहां बिछाई गई बिसात पर वर्तमान सीएम मोहन यादव और वरिष्ठ भाजपा नेता कांग्रेस को मात देने में जुटे हैं।

छिंदवाड़ा सीट पर बीते चार दशक से कमलनाथ परिवार का कब्जा है। छिंदवाड़ा में भले ही कांग्रेस से नकुल नाथ लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं पर प्रतिष्ठा उनके पिता पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ की दांव पर लगी है। वर्ष 1971 से 2019 के बीच हुए 14 लोकसभा चुनावों में 13 बार यहां से कांग्रेस जीती है। 1980 से लेकर 2019 तक तो केवल कमलनाथ परिवार का ही दबदबा रहा है। इस सीट पर केवल वर्ष 1993 का उपचुनाव छोड़कर कमलनाथ हमेशा लोकसभा का चुनाव जीतते रहे हैं। 1993 के उपचुनाव में सुंदरलाल पटवा ने उनको पराजित किया था। इस बार कांग्रेस की इस परंपरागत सीट पर जीत हासिल करने के लिए मुख्यमंत्री डा.मोहन यादव, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के अलावा मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और प्रहलाद सिंह पटेल लगातार दौरे कर रहे हैं। इनके मुकाबले कमल नाथ ने अकेले मोर्चा संभाल रखा है। वह लगातार घूम-घूमकर सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं। अपनी सभाओं में यह कहते नहीं थकते हैं कि 'जब मैं छिंदवाड़ा आया था, तब लोगों को इसका नाम पता नहीं था। यह देश का सबसे पिछड़ा इलाका होता था।

| | |
|---|---|
| अनुसूचित जनजाति आबादी | 37% |
| अनुसूचित जाति की जनसंख्या | 12% |
| कुछ अधिक मुस्लिम आबादी | 5% |

**74%** ग्रामीण मतदाता

**26%** शहरी मतदाता

**16** लाख 40 हजार के आसपास मतदाता हैं यहां

**08** लाख 30 हजार पुरुष मतदाता चुनेंगे सांसद

- मध्य प्रदेश की हाई प्रोफाइल छिंदवाड़ा लोकसभा सीट जीतने के लिए भाजपा ने इस बार पूरी ताकत झोंकी
- बीते कुछ समय से यहां बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता भाजपा में हुए शामिल, 19 अप्रैल को मतदान
- चार दशक से यहां कमलनाथ परिवार का कब्जा, पिछली बार बेटे नकुलनाथ को जीतने में छूट गया था पसीना

### कमलनाथ के सामने दो बार कड़ी चुनौती पेश कर चुके हैं बंटी साहू

- भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू छिंदवाड़ा के युवा व्यवसायी हैं। वह पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। लेकिन इससे पहले छिंदवाड़ा से दो बार विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। दोनों ही बार उन्हें हार भले मिली हो, पर उन्होंने कमलनाथ के सामने कड़ी चुनौती पेश की थी। 2019 के विधानसभा उपचुनाव में बंटी साहू को कमलनाथ से सिर्फ 35 हजार वोटों से हार मिली थी। पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में कमलनाथ 34 हजार मतों से ही पराजित कर पाए थे।

**08** लाख 10 हजार महिला मतदाता

**53** हजार से ज्यादा फर्स्ट टाइम वोटर

### लोकसभा क्षेत्र की सभी सीटों पर कांग्रेस काबिज

- छिंदवाड़ा जिले में पिछले साल-2023 के अंत में हुए विधान सभा चुनाव में भाजपा को बड़ी जीत मिली थी, लेकिन पार्टी छिंदवाड़ा में एक भी सीट नहीं जीत पाई थी। यहां की सभी सातों विधान सभा सीटें कांग्रेस के खाते में गई थीं। 2018 के विधानसभा चुनाव में भी यहां की सभी सीटों पर कांग्रेस ने ही जीत दर्ज की थी। पिछले विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा विधान सभा सीट से कमलनाथ जीते थे। लेकिन माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में कमलनाथ या कांग्रेस के लिए छिंदवाड़ा में मुकाबला आसान नहीं रहने वाला है। इसकी बड़ी वजह लोग यह भी बताते हैं कि नकुलनाथ 2019 में सांसद जरूर चुने गए थे। लेकिन उनकी जीत का आंकड़ा 37 हजार 536 मतों का ही था। नकुलनाथ को 5,87,305, जबकि भाजपा प्रत्याशी नथनशाह कवरेती को 5,49,769 मत मिले थे।

### प्राकृतिक सुंदरता से संपन्न अब 'कॉर्न सिटी' की नई पहचान

- मध्य प्रदेश राज्य बनने के साथ ही छिंदवाड़ा जिला भी वर्ष 1956 में अस्तित्व में आया था। क्षेत्रफल की दृष्टि से छिंदवाड़ा पूरे मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा जिला है। घने जंगल, पहाड़, नदियां, प्राचीन किले, कोयले की खदान, संतरों के बाग और हरियाली अगर इसे प्राकृतिक रूप से खूबसूरत बनाती है, तो बीते कुछ वर्षों से मक्का की बढ़िया फसल के कारण छिंदवाड़ा को 'कॉर्न सिटी' के नाम से भी जाना जाता है।




**तेवर दिखाए** नई दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी बांसुरी स्वराज ने शराब घोटाले के आरोपी तिहाड़ जेल में बंद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ कनाट प्लेस में अनोखे अंदाज में प्रदर्शन करके इस्तीफा मांगा।

# शिरडी सीट पर इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई

शिरडी

**अमृत विचार।** महाराष्ट्र की शिरडी लोकसभा सीट में इस बार शिवसेना बनाम शिवसेना की लड़ाई है। इससे चुनाव दिलचस्प हो गया है। शिरडी लोकसभा क्षेत्र अहमदनगर जिले में आता है। इस संसदीय क्षेत्र में कुल 6 विधानसभा क्षेत्र अकोले, संगमनेर, शिरडी, कोपरगांव, श्रीरामपुर, नेवासा शामिल हैं। यहां पहला संसदीय चुनाव साल 2009 में हुआ। इस सीट पर शिवसेना का दबदबा है।

वर्तमान में यहां से शिवसेना के सदाशिव लोखंडे सांसद हैं। शिवसेना में बगावत के बाद सदाशिव लोखंडे ने शिंदे गुट के साथ जाने का फैसला किया। शिवसेना में फूट के बाद उन्होंने एकनाथ शिंदे को समर्थन देने का फैसला किया था। इसलिए उन्हें दोबारा टिकट दिया गया है। वह पिछले दो बार से लगातार शिव सेना के टिकट पर शिरडी लोकसभा क्षेत्र से सांसद चुने गए हैं। इससे पहले 2009 के लोकसभा चुनाव में भाऊसाहेब वाकचौरे ने इस सीट से जीत हासिल की थी।

उन्होंने शिवसेना के टिकट पर चुनाव भी लड़ा था। अब शिवसेना में फूट के बाद यहां चुनाव रोचक हो गया है। शिरडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना 2008 में हुई थी। भाऊसाहेब वाकचौरे ने निर्वाचन क्षेत्र की स्थापना के बाद पहला चुनाव 2009 में जीता और सदाशिव लोखंडे ने 2014 और 2019 में लगातार जीत हासिल की है। इससे पहले 2004 तक इस निर्वाचन क्षेत्र (कोपरगांव) पर मुख्य रूप से बालासाहेब विखे पटल का दबदबा था। बालासाहेब विखे पाटिल ने लोकसभा में इस निर्वाचन क्षेत्र का 7 बार प्रतिनिधित्व किया। इनमें से 6 बार वह कांग्रेस से और एक बार शिवसेना से लोकसभा चुनाव जीते। इस सीट पर भाजपा को सिर्फ एक बार जीत मिली है। 1996 के चुनाव में भाजपा के भीमराव बडाडे चुने गए।

### विस में महायुति और महाविकास अघाड़ी के पास 3-3 सीटें

इस लोकसभा क्षेत्र की विधान सभा में महायुति के पास तीन सीटें और महाविकास अघाड़ी के पास तीन सीटें हैं। इनमें कांग्रेस के 2 विधायक, एनसीपी अजित पवार गुट के 2 विधायक, बीजेपी का एक विधायक और ठाकरे समर्थक शंकरराव गडाख नेवासी विधायक हैं।

पश्चिम बंगाल में गरजे मोदी | जलपाईगुड़ी में में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीएमसी पर जमकर निशाना साधा और चार सौ पार का नारा दिया

# पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की कसम खाई

**जलपाईगुड़ी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल में चार जून के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की कसम खाई और भरोसा दिया कि गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस जायेगा। मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचारियों ने जो पैसे गरीबों से लूटे हैं तथा जो भी संपत्ति और पैसा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किये हैं, वे गरीबों को लौटाये जाएंगे। गरीबों से लूटा गया पैसा उनके पास वापस आ जाएगा। जो भी संपत्ति और पैसा ईडी ने भ्रष्टाचारियों से जब्त किया है वह सब गरीबों के पास जाएगा। यह 'मोदी की गारंटी' है। एक तरफ मोदी गारंटी देते हैं वहीं इंडिया समूह गालियां देता है। उन्होंने कहा कि वह वर्ष 2047 तक भारत को वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने के लिए रात-दिन कर रहे हैं। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए, मेरे जीवन का हर पल देश को समर्पित है। जलपाईगुड़ी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार जयंत कुमार रॉय के समर्थन में विजय संकल्प चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा," हम भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए लड़ रहे हैं, लेकिन तृणमूल कांग्रेस, वाम दल और कांग्रेस कथित तौर पर 'भ्रष्टाचारियों को बचाने' का प्रयास कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने दोहराया, भ्रष्टाचार और विभाजनकारी ताकतों के साथ खेलने के लिए तीनों एक-दूसरे का समर्थन कर रहे हैं। यह चुनाव 2024 केंद्र में एक मजबूत और स्थिर सरकार के बारे में है। चार जून के बाद भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई में तेजी आएगी। उन्होंने उत्तर 24 परगना में संदेशखाली प्रकरण का भी जिक्र किया जहां तृणमूल नेता कथित तौर पर महिलाओं पर अत्याचार करने में शामिल थे और कहा कि अपराधियों को दंडित किया जाएगा और वे अपना शेष जीवन जेल में बिताएंगे।



जबलपुर में रोड शो के दौरान जनता का शीश झुकाकर अभिवादन करते पीएम मोदी।

## कांग्रेस की हर सरकार में हुआ घोटाला ही घोटाला : राजनाथ

**झुंझुनूं।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि केंद्र में कांग्रेस की सरकार जब भी रही, कोई न कोई घोटाला जरूर हुआ है। भ्रष्टाचार के कारण ही कांग्रेस के मंत्रियों को भी जेल की हवा खानी पड़ी। भाजपा सरकार पर भ्रष्टाचार का एक भी दाग नहीं है। राजनाथ सिंह ने रविवार को झुंझुनूं जिले के पिलानी में भाजपा प्रत्याशी शुभकरण चौधरी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राजस्थान शौर्य और पराक्रम की धरती है। राणा की शक्ति, मीरा की भक्ति, भामाशाह की संपत्ति ही राजस्थान की धरती है। राजस्थान सहित पूरे देश में एक चुनाव होना चाहिए। अलग-अलग चुनाव से समय और पैसे की बर्बादी होती है। हमारी सरकार वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करती है। पहले देश में कहीं ना कहीं आतंकी घटना होती रहती थी। जम्मू-कश्मीर में हमेशा आतंकी घटना होती रहती थी। लेकिन अब किसी मां के लाल में दम नहीं जो हमारी तरफ आंख उठा कर देख सके। जब जरूरत पड़ी तो सीमा के इस पार और सीमा के उस पार भी मारेंगे। 2014 से पहले प्रतिवर्ष 600 करोड़ रुपये से अधिक की आयुध सामग्री बाहर से मंगवाई जाती थी। वर्तमान में हम 21 हजार करोड़ रुपये की स्वदेश निर्मित रक्षा सामग्री दूसरे देशों को बेच रहे हैं।





**सड़क पर सीएम** बेंगलुरू में नार्थईस्ट सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राजीव गौड़ा के समर्थन में सड़क पर चुनाव प्रचार करने कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया निकले तो जनता ने हाथ हिलाकर जीत का भरोसा जताया।

## एक नजर

### अवैध खनन का निरीक्षण करने गए एसडीएम पर जानलेवा हमला

**अंबाला।** अवैध खनन का निरीक्षण करने गए नारायणगढ़ एसडीएम यश जालूका व उनकी टीम पर जानलेवा हमला हुआ। इसका खुलासा एसडीएम के सिक्योरिटी गार्ड द्वारा नारायणगढ़ थाने में शिकायत देने के बाद हुआ। बता दें, इनोवा गाड़ी सवारों ने पहले तो उनकी गाड़ी का पीछा किया और दो बार गाड़ी से टक्कर मारने का प्रयास किया। ऐसे में वह बाल-बाल बच गए। यह मामला 27 मार्च की रात का है लेकिन नारायणगढ़ पुलिस ने अब कार्रवाई की है। नारायणगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर रामपाल सिंह ने बताया कि एसडीएम के सिक्योरिटी गार्ड जसबीर सिंह की शिकायत पर गाड़ी नंबर के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

### महाराष्ट्र के गढ़चिरोली में महिला नक्सली समेत तीन गिरफ्तार

**गडचिरोली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरोली जिले में सुरक्षा बलों पर कई हमलों में शामिल दो महिला नक्सली और एक जन-मिलिशिया कमांडर को गिरफ्तार किया गया है। एक अधिकारी ने बताया है कि ये गिरफ्तारियां लोकसभा चुनाव से पहले हुई हैं। गढ़चिरोली, विदर्भ क्षेत्र का एक हिस्सा है, जहां चुनाव के शुरूआती दो चरणों में 19 अप्रैल और 26 अप्रैल को 10 सीटों पर मतदान होना है। गढ़चिरोली के पुलिस अधीक्षक के अनुसार, दो महिला नक्सली काजल उर्फ सिंधु गावड़े (28) और गीता उर्फ सुकली कोरचा (31) जिले में सुरक्षा बलों की गतिविधियों पर नजर रख रही हैं। राज्य पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने गिरफ्तार किया है।

# करोड़ों नौकरियां देने की गारंटी युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह: खरगे

## बोले- भाजपा ने थोपी बेरोजगारी, 30 प्रतिशत आईआईटी वाले छात्र दर-दर भटक रहे

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव में



सबसे बड़ा मुद्दा भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा थोपी गई बेरोजगारी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 2 करोड़ नौकरियां देने की गारंटी हमारे युवाओं के दिलों में एक बुरे सपने की तरह गूंजती है।

खरगे ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, भारत के प्रमुख संस्थानों -आईआईटी और आईआईएम का अगर मामला लें, तो 12 आईआईटी में हमारे लगभग 30 प्रतिशत छात्रों को नियमित प्लेसमेंट नहीं मिल रहा है। 21 आईआईएम में से केवल 20 प्रतिशत ही अबतक ग्रीष्मकालीन प्लेसमेंट पूरा कर सके हैं। खरगे ने आगे लिखा, "यदि आईआईटी और आईआईएम में यही स्थिति है तो कोई कल्पना कर सकता है कि बीजेपी ने देशभर में हमारे युवाओं का भविष्य कैसे बर्बाद कर दिया है। उन्होंने कहा, मोदी सरकार के तहत युवा बेरोजगारी की दर 2014 के बाद से तीन गुना हो गई है।

आईएलओ की हालिया भारत रोजगार रिपोर्ट से पता चला है कि हर साल भारत लगभग 70-80 लाख युवाओं को श्रम बल में जोड़ता है, लेकिन 2012 और 2019 के बीच रोजगार के मामले में लगभग 0.01 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। कांग्रेस नेता ने कहा, 2 करोड़ नौकरियां देने की 'मोदी की गारंटी' हमारे युवाओं के दिल और दिमाग में एक बुरे सपने के रूप में गूंजती है!

उन्होंने कहा, "25 वर्ष से कम उम्र के किसी भी डिप्लोमा या डिग्री धारक को अब रोजगार मांगने का कानूनी अधिकार होगा और उसे प्रति वर्ष कम से कम 1 लाख रुपये का भुगतान किया जाएगा।

### सत्य की होगी जीत, कांग्रेस के साथ खड़ी हिमाचल की जनता: प्रियंका



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में लोकसभा चुनाव और विधानसभा उपचुनाव एक साथ होने जा रहे हैं। चुनाव होने से पहले कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने हिमाचल सरकार पर विश्वास जताया। साथ ही उन्होंने कहा कि राज्य के लोग पार्टी का समर्थन करेंगे और प्रदेश में सच्चाई की ही जीत होगी। कांग्रेस महासचिव ने विपक्ष पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा पैसे और एजेंसियों का उपयोग करके सत्ता में आना चाहती है। ऐसा करना लोकतंत्र नष्ट करने के सामान है। वहीं कांग्रेस का संकल्प सच्चाई, साहस और धैर्य के साथ लोगों के लिए अथक प्रयास करने का है। प्रियंका गांधी ने एक्स लिखा है कि, 'मैंने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सभी नेताओं से मुलाकात की। मुझे उनकी एकता, कड़ी मेहनत, मजबूती से चुनाव लड़ने के साहस और लोगों के प्रति उनके समर्पण पर गर्व है।' कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मुझे पूरा भरोसा है कि जनता हमारा समर्थन करेगी और सच्चाई की जीत होगी। बता दें हिमाचल प्रदेश में छह विधानसभा सीटों पर एक जून को उपचुनाव और लोकसभा चुनाव एक साथ होंगे। हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर, मंडी, शिमला और कांगड़ा चार लोकसभा सीटें हैं। 2019 में भाजपा ने चारों सीटें जीतकर अपने नाम की थी। लेकिन बाद में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने मौजूदा सांसद राम स्वरूप शर्मा की मृत्यु के बाद 2021 में आवश्यक उपचुनाव में मंडी को भाजपा से छीन लिया। कांग्रेस के मुताबिक प्रियंका गांधी ने हिमाचल प्रदेश में लोगों के जनादेश की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## अफसर 22 भाषाओं में गांव-गांव देंगे कानून की जानकारी

**नई दिल्ली।** ग्रामीण आबादी आज भी कानूनी अधिकारों और समझ से अछूती है। इसे कानूनी समझदार बनाने के लिए केंद्र सरकार ने पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया है। इसके पहले चरण में 2.50 लाख ग्राम पंचायतों में हर घर तक कानूनी सलाह, मदद और साक्षरता पहुंचाई जाएगी। कानून के जानकार 22 भाषाओं में ग्रामीणों को अगले एक साल तक न्याय उपलब्ध कराएंगे। विधिक एवं न्याय मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि पूर्व की सरकारों में निःशुल्क कानूनी सलाह एवं मदद के लिए टेली लॉ एवं अन्य योजनाएं शुरू हुई थीं, लेकिन उनसे ग्रामीण आबादी सक्षम नहीं हो पाई, इसलिए केंद्र सरकार सबको न्याय और हर घर न्याय के नाम से नया प्रोजेक्ट लाई है। देश में 460 न्याय सहायक नियुक्त, इनमें कई वकील इस प्रोजेक्ट के लिए मंत्रालय ने 460 न्याय सहायक नियुक्त किए हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के रोड शो में मंच टूटा, पुलिसकर्मी समेत 4 घायल



जबलपुर में रोड शो के दौरान लोगों का अभिवादन स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी।

जबलपुर, एजेंसी

जबलपुर में प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान कार्यकर्ताओ का मंच गिर गया। पुलिस ने बताया है कि मंच गिरने से 4 लोग घायल हो गए हैं। एक पुलिस वाले को चोट लगी है। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बता दें कि प्रधानमंत्री के रोड शो के दौरान कटंगा चौराहे पर मंच लगा था। मंच गिरने के बाद कार्यक्रम स्थल पर अफरातफरी का माहौल है। मंच पर क्षमता से अधिक लोग चढ़ गए थे, जिस वजह से मंच टूट कर गिर गया। पुलिस के अधिकारी ने बताया कि घटना में 4 लोग घायल हो गए, एक पुलिस वाला भी घायल हुआ है। घायलों की हालत पहले से बेहतर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पीएम नरेंद्र मोदी के रोड शो का काफिला धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा था, उसी दौरान यह हादसा हो गया। नरेंद्र मोदी को देखने और उनका स्वागत करने के लिए रोड के किनारे स्वागत मंच लगाए गए थे।

## पार्टी को अपेक्षित परिणाम नहीं मिलते हैं, तो पीछे हट जाएं राहुल

नई दिल्ली, एजेंसी

- प्रशांत किशोर ने कहा- किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दें

राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने सुझाव दिया है कि अगर कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में अपेक्षित परिणाम नहीं मिले तो राहुल गांधी को कदम पीछे खींचने पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सभी व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए अपनी पार्टी चला रहे हैं और पिछले 10 वर्षों में काम करने में असमर्थता के बावजूद वह न तो अलग हट सकते हैं और न ही किसी और को कांग्रेस का नेतृत्व करने दे सकते हैं।

किशोर ने कहा, जब आप पिछले 10 साल से एक ही काम कर रहे हैं और उसमें कोई सफलता नहीं मिली है, तो ब्रेक लेने में कोई बुराई नहीं है... आपको इसे किसी और को पांच साल के लिए करने देना चाहिए। अपने पति राजीव गांधी और पीवी नरसिम्हा राव को याद करते हुए उन्होंने कहा, आपकी मां ने भी ऐसा ही किया था। उन्होंने कहा, दुनिया भर में अच्छे नेताओं की एक प्रमुख विशेषता यह है कि वे जानते हैं कि उनके पास क्या कमी है और सक्रिय रूप से उन कमियों को भरने के लिए तत्पर रहते हैं।

## सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर की युवक की हत्या

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली के तिमारपुर इलाके में एक शख्स की हत्या का चौंकाने वाला मामला सामने आया। पुलिस के मुताबिक, सिगरेट जलाने के लिए माचिस नहीं देने पर दो किशोरों ने युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि दोनों आरोपी किशोरों को पकड़ लिया गया है। शनिवार को तिमारपुर पुलिस थाना में चाकूबाजी की घटना की जानकारी मिली थी। पुलिस उपायुक्त (उत्तर) एम. के. मीणा ने बताया कि मौके एक ऑटोरिक्शा के अंदर और उसके आसपास खून फैला हुआ है। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एमके मीणा ने बताया कि दो किशोरों की पहचान की गई जिन्हें रविवार को पकड़ लिया गया। उन्होंने बताया कि हत्या में इस्तेमाल चाकू भी बरामद कर लिया गया है। डीसीपी ने बताया कि मामले की जांच जारी है।

# प्रचार गतिविधियों के लिए 73 हजार आवेदन

नई दिल्ली, एजेंसी

चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से उसके सुविधा पोर्टल पर विभिन्न प्रचार गतिविधियों के लिए अनुमति के लिए 73 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए।

आयोग ने कहा कि पार्टियों और उम्मीदवारों द्वारा जमा किए गए आवेदनों में रैली मैदान बुक करने, अस्थाई पार्टी कार्यालय खोलने और वीडियो प्रचार वैन संचालित करने के अनुरोध शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि पार्टियों और उम्मीदवारों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए 44,600 से अधिक अनुरोधों को मंजूरी दे दी गई है। आयोग द्वारा जारी आंकड़ों से पता चलता है कि प्राप्त कुल अनुरोधों में से लगभग 11,200 या 15 फीसदी को अस्वीकार कर दिया गया। 10,819 आवेदन रद्द कर दिए गए थे। सबसे जयादा अनुरोध तमिलनाडु से प्राप्त हुए। इसके बाद बंगाल का स्थान रहा। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमतियां और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित कर दिया है। सुविधा पोर्टल ने उम्मीदवारों और पार्टियों द्वारा अनुमति और सुविधाएं प्राप्त करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है। इसके जरिए रैलियों के आयोजन, हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट और पर्चे वितरित करने की अनुमति ली जा सकती है।

### दलों ने ऑनलाइन एड में 1.38 करोड़ खर्च किए

निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव की तारीखों की घोषणा के पहले सप्ताह (17 से 23 मार्च)



में फेसबुक और इंस्टाग्राम पेज पर विभिन्न दलों ने 1.38 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 32 लाख रुपए भाजपा ने खर्च किए। 14 लाख रुपए विज्ञापन के साथ तृणमूल कांग्रेस दूसरे नंबर पर रही। कांग्रेस ने 5 लाख रु के विज्ञापन दिए। शीर्ष 20 फेसबुक व मेटा विज्ञापनदाताओं के पेज का विश्लेषण करने पर यह बात सामने आई है। शीर्ष 20 में से 7 पेज भाजपा समर्थित है। भाजपा समर्थित पेज पर 85 लाख का एड भाजपा समर्थित पेज राजनीतिक विज्ञापन देने में सबसे आगे हैं। पार्टी को प्रमोट करने वाले पेज ने 85 लाख रुपए के विज्ञापन दिए। सबसे ज्यादा मीम एक्सप्रेस ने 28 .1 लाख, मुद्दे की बात ने 20 .2 लाख और सीधा चश्मा ने 9 .5 लाख के विज्ञापन दिए। फरवरी 2019 से फरवरी 2023 के बीच, भाजपा ने फेसबुक विज्ञापनों पर 33 करोड़ रुपए खर्च किए। यह उस पूरे पैसे का लगभग 10 प्रतिशत है जो सभी विज्ञापनदाताओं ने भारत में फेसबुक विज्ञापन पर खर्च किया है। वहीं कांग्रेस ने 10 .58 करोड़, तृणमूल कांग्रेस ने 8 .04 करोड़ और डीएमके ने 4 .31 करोड़ खर्च किए। भाजपा आधिकारिक पेज ने सबसे अधिक 10 .27 करोड़ रुपए खर्च किए।

## इंटरनेट मीडिया से मतदान के लिए प्रेरित कर रहा चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने युवा और शहरी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव में मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए इंटरनेट मीडिया के विभिन्न मंचों पर अभियान शुरू किया है। आयोग ने लोगों से आग्रह किया है कि वे इंटरनेट मीडिया पर चुनाव से संबंधित जो भी सूचना प्राप्त करते हैं, उसे पहले सत्यापित करें और फिर उसे साझा करें।

चुनाव आयोग के अनुसार, वह 'टर्निंग 18' अभियान के माध्यम से युवा और पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को प्रेरित कर रहा है। उनसे मतदान के लिए मतदान केंद्र पर आने का आग्रह कर रहा है। इसके अलावा 'यू आर द वन' अभियान के तहत आयोग विभिन्न हितधारकों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई भी मतदाता मतदान करने से वंचित न रह जाए।

### गुलजार लाल चौक ...



श्रीनगर : ईद-उल-फितर त्योहार के नजदीक आते ही कश्मीर घाटी में मुस्लिम समुदाय के लोग खरीदारी में जुट गए हैं। लोगों की भारी भीड़ बाजारों में उमड़ पड़ी है, जिसके चलते वहां नई रौनक लौट आई है। राज्य में ईद मनाई जानी है और इसको लेकर घाटी के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। सभी बाजार सजे हुए हैं और बड़ी संख्या में लोग खरीदारी में जुटे हुए हैं। रविवार को घंटा घर लाल चौक बाजार गुलजार रहा, खरीदारी के लिए भारी उमड़ी। ● एजेंसी

# कारोबार/कृषि

## बीते वित्त वर्ष में टाटा स्टील की बिक्री में 6% वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

- टाटा स्टील ने शेयर बाजार में दी जानकारी में कहा-वाहन और रेलवे खंड में हुई अधिक बढ़ोतरी



टाटा स्टील इंडिया की बिक्री बीते वित्त वर्ष (2023-24) में छह प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.99 करोड़ टन रही है। कंपनी की बिक्री को खुदरा, वाहन और रेलवे खंड में अधिक मांग से बढ़त मिली।

टाटा स्टील ने शनिवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस दौरान भारत में कंपनी का उत्पादन 1.88 करोड़ टन रहा। बीते वित्त वर्ष में वाहन और विशेष उत्पाद खंड में बिक्री आठ प्रतिशत बढ़कर 29 लाख टन रही थी। समीक्षाधीन अवधि में ब्रांडेड उत्पाद और खुदरा खंड में बिक्री 11 प्रतिशत बढ़कर 65 लाख टन रही। औद्योगिक उत्पाद एवं परियोजना खंड में बिक्री छह प्रतिशत बढ़कर 77 लाख टन रही। कंपनी ने कहा कि उपखंडों में इंजीनियरिंग खंड में सबसे ज्यादा वार्षिक बिक्री हुई। बयान के अनुसार, "2023-24 में निजी भवन निर्माण के लिए ई-कॉमर्स मंच टाटा स्टील आशियाना की आमदनी 30 प्रतिशत बढ़कर 2,240 करोड़ रुपये रही। बीते वित्त वर्ष में भारत में कंपनी के कच्चे इस्पात का उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 2.08 करोड़ टन रहा, जो 2022-23 में 1.98 करोड़ टन था।

## शीर्ष चार कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.71 लाख करोड़ रुपये बढ़ा

**नई दिल्ली।** देश की शीर्ष 10 मूल्यवान कंपनियों में चार ने पिछले सप्ताह अपने बाजार मूल्यांकन में 1,71,309.28 करोड़ रुपये जोड़े। इनमें एचडीएफसी बैंक और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) को सबसे अधिक लाभ हुआ है। वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज समेत छह कंपनियों का बाजार मूल्यांकन 78,127.48 करोड़ रुपये घटा है।

बता दें, पिछले हफ्ते बीएसई सेंसेक्स 596.87 अंक या 0.81 फीसदी चढ़ा। सूचकांक चार अप्रैल को 74,501.73 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। शीर्ष 10 कंपनियों में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), एचडीएफसी बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और एलआईसी को लाभ हुआ। दूसरी ओर रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इंफोसिस, आईटीसी और हिंदुस्तान यूनिलीवर को नुकसान उठाना पड़ा।

# अडाणी समूह 2.3 लाख करोड़ रुपये से करेगा ऊर्जा विस्तार

- विनिर्माण क्षमता में होगी वृद्धि, पवन ऊर्जा में 1.5 लाख करोड़ रुपये से होगा निवेश

खावड़ा/अहमदाबाद, एजेंसी

अडाणी समूह भारत के सबसे महत्वाकांक्षी नवीकरणीय ऊर्जा विस्तार और सौर और पवन विनिर्माण क्षमता वृद्धि में 2030 तक लगभग 2.3 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगा।

कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि देश की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड गुजरात में कच्छ के खावड़ा में सौर ऊर्जा और पवन ऊर्जा से बिजली पैदा करने की क्षमता को वर्तमान में दो गीगावाट से बढ़ाकर 30 गीगावाट करने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी देश में अन्य जगहों पर छह-सात गीगावाट की इसी तरह की परियोजनाओं में 50,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी।

समूह की प्रमुख कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड की इकाई अडाणी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) गुजरात के मुंद्रा में सौर सेल और पवन टरबाइन विनिर्माण क्षमता के विस्तार में करीब 30 हजार करोड़ रुपये का निवेश करेगी। एजीईएल के पास फिलहाल 10,934 मेगावाट (10.93 गीगावाट) का परिचालन पोर्टफोलियो है।

एजीईएल 2030 तक 45 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य रख रही है। इसमें से 30 गीगावाट क्षमता सिर्फ एक स्थान खावड़ा में दुनिया की सबसे बड़ी नवीकरणीय ऊर्जा परियोजना ष् से आएगी।

### 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना: विनीत

एजीईएल के प्रबंध निदेशक विनीत एस जैन ने कहा, अभी खावड़ा में दो गीगावाट क्षमता चालू की है और चालू वित्त वर्ष (2024-25) में चार गीगावाट और उसके बाद हर साल पांच गीगावाट जोड़ने की योजना है। जैन एएनआईएल के भी निदेशक हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का समर्थन करने के साथ-साथ अन्य घरेलू नवीकरणीय कंपनियों और निर्यात बाजार की जरूरतों को पूरा करने के लिए एएनआईएल ने मुंद्रा में अपनी सेल और मॉड्यूल विनिर्माण इकाई को मौजूदा चार गीगावाट से 2026-27 तक 10 गीगावाट करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि एएनआईएल सौर विनिर्माण के अलावा पवन से बिजली पैदा करने वाली पवन चक्कियां बनाने की क्षमता भी साढ़े तीन साल में दोगुनी कर पांच गीगावाट कर रही है।

## पायलटों की बात सुनने को तैयार एयरलाइन विस्तारा

**नई दिल्ली।** टाटा ग्रुप और सिंगापुर एयरलाइंस के मालिकाना हक वाली विमानन कंपनी विस्तारा इस वक्त बड़े संकट से जूझ रही है। दरअसल, विस्तारा के पायलट नए रोस्टरिंग सिस्टम और सैलरी स्ट्रक्चर से नाखुश हैं और अपना विरोध जताने के लिए सिक लीव पर चले गए हैं। इससे विस्तारा कई अहम उड़ानों का संचालन नहीं कर पा रही। परिचालन में 10 प्रतिशत या 25-30 उड़ान प्रतिदिन की कमी कर रही है।

हालांकि, विस्तारा के सीईओ विनोद कन्नन को उम्मीद है कि यह संकट जल्द सुलझ जाएगा। उन्होंने कहा कि हम पायलटों से चर्चा के बाद मौजूदा रोस्टरिंग सिस्टम की समीक्षा करेंगे। पायलटों का आरोप है कि नए रोस्टर से उन्हें आराम के लिए पर्याप्त वक्त नहीं मिल पाता, जिससे उनकी निजी जिंदगी भी प्रभावित हो रही है। कन्नन ने कहा कर्मचारियों की संख्या में भी कोई असामान्य उछाल नहीं आया है।

## कैटरीना, करीना व दीपिका जैसे सितारों ने खोलीं कंपनियां



*भारत के स्टार्टअप बाजार में टीवी और बॉलीवुड स्टार्स की मजबूती से प्रवेश हुआ है। मनीष मल्होत्रा, प्रियंका चोपड़ा, कृति शेनन, दीपिका पादुकोण, कैटरीना कैफ जैसे कई स्टार्स ने अपनी कंपनियां खोलीं और उनके स्टारडम के दम पर उनके प्रोडक्ट ब्रांड बन गए। कंपनियों का वैल्यूएशन महज 2-3 साल में करोड़ों का हो गया।*

### कोरियन स्किन केयर ब्रांड



करीना कपूर ने पिछले साल सुगर कॉस्मेटिक्स के संस्थापक विनीता सिंह और कौशिक मुखर्जी के साथ मिलकर कोरियन स्किन केयर ब्रांड क्वेंच बोटैनिक्स लॉन्च किया। स्टार्स की कंपनियों के मुनाफे की एक बड़ी वजह उनका एक्सक्लूसिव लॉन्च और लिमिटेड एडिशन का आकर्षण है। स्टार्स का ब्रांड होने की वजह से लॉन्च के समय ही फैन खूब खरीदारी करते हैं।

### कैटरीना की 'के ब्यूटी'



कैटरीना कैफ ने नायका के साथ मिलकर साल 2019 में ब्यूटी ब्रांड 'के ब्यूटी' लॉन्च की। 2022 में कंपनी का वैल्यूएशन 100 करोड़ से ज्यादा का हो गया। 15 लाख लोगों ने इसका प्रोडक्ट खरीदा और इंटरनेट पर तीसरा सबसे ज्यादा सर्च किया जाना वाला ब्यूटी ब्रांड बना। उनका बड़ा फैन बेस उनका पहला और नियमित ग्राहक बना और उनकी कंपनी तेजी से सफलता की सीढ़ियां चढ़ती गई।

## वित्त वर्ष में मानसून से रबी की फसल अच्छी होने का अनुमान

**नई दिल्ली।** फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर को उम्मीद है कि मौजूदा वित्त वर्ष यानी 2024-25 में उसकी बिक्री में उछाल दिख सकता है। दरअसल, इस बार अच्छे मानसून के साथ रबी की फसल भी अच्छी होने का अनुमान है।

इससे ग्रामीण उपभोक्ताओं के हाथ में बढ़िया रकम आएगी और वे एफएमसीजी उत्पादों पर खर्च बढ़ा सकते हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की आखिरी तिमाही यानी जनवरी से मार्च के दौरान एफएमसीजी सेक्टर में थोड़ी सुस्ती दिखी। फिर भी इंडस्ट्री को उम्मीद है कि सेक्टर की वैल्यू में मिड से हाई सिंगल डिजिट यानी 5 से 9 प्रतिशत के बीच ग्रोथ आ सकती है। खासकर, इनपुट कॉस्ट में बड़ी कमी से मुनाफा भी बढ़ने की उम्मीद है। रूरल डिमांड पिछली कई तिमाहियों से सुस्त पड़ी थी। लेकिन, जनवरी से मार्च के दौरान इसने रफ्तार पकड़ी है।

# एक वर्ष में 13% बढ़ा भारत का कोयला आयात

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का कोयला आयात फरवरी में 13 प्रतिशत बढ़कर 2.16 करोड़ टन हो गया। ऑनलाइन मार्केटप्लेस 'एमजंक्शन' के अनुसार कुछ खरीदारों ने गर्मियों से पहले स्टॉक करने के लिए नए सौदे किए, जिससे निर्यात बढ़ा।

इससे पहले 2023 के समान महीने में कोयला आयात 1.91 करोड़ टन था। एमजंक्शन के आंकड़ों के अनुसार, फरवरी में कोयला आयात, फरवरी 2023 के 1.91 करोड़ टन के मुकाबले 13 प्रतिशत अधिक है। कुल आयात में गैर-कोकिंग कोयला का आयात बढ़कर 1.37 करोड़ टन हो गया, जो फरवरी, 2023 में 1.16 करोड़ टन था।

मार्केटप्लेस के अनुसार, कोयला आयात बीते वित्त वर्ष की अप्रैल से फरवरी तक की अवधि में बढ़कर 24.42 करोड़ टन रहा, जो वित्त वर्ष 2022-23 की समान अवधि में 22.79 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष में अप्रैल से फरवरी तक गैर-कोकिंग कोयला का आयात 16.06 करोड़ टन रहा था, जबकि 2022-23 में यह 14.85 करोड़ टन था। बीते वित्त वर्ष की अप्रैल-फरवरी अवधि के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 5.18 करोड़ टन था, जबकि 2022-23 की इसी अवधि में यह 5.05 करोड़ टन था।

### वित्त वर्ष में चार करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए अपनी निजी खदानों से चार करोड़ टन कोयला उत्पादन लक्ष्य रखा है। कंपनी ने रविवार को कहा कि महत्वाकांक्षी लक्ष्य एनटीपीसी को निजी कोयला खदानों से उत्पादन में सालाना आधार पर 17 प्रतिशत की वृद्धि हासिल करने में मदद करेगा। इसमें कहा गया कि यह वित्त वर्ष 2024-25 में निजी खदानों के माध्यम से कोयले की लगभग 15 प्रतिशत जरूरत पूरी करेगी, जिससे बिजली कंपनी के लिए ईंधन सुरक्षा मजबूत हो। कंपनी ने 31 मार्च, 2024 के अंत में 3 .41 करोड़ टन का कोयला बिक्री की है, और उत्पादन 3 .43 करोड़ टन था। कोयला उत्पादन में निरंतर वृद्धि हासिल करने के लिए एनटीपीसी ने कई रणनीतियों और प्रौद्योगिकियों को लागू किया है।

## एआई से बाजार एकीकरण संबंधी चिंताएं बढ़ सकती हैं

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता और मशीन लर्निंग से कार्यकुशलता और नवाचार में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन इसके साथ बाजार एकीकरण और प्रतिस्पर्धा-रोधी व्यवहार की चिंताएं भी जुड़ी हैं। निगरानी संस्था सीसीआई के पास प्रतिस्पर्धा-रोधी तरीकों पर अंकुश लगाने और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का अधिकार है। सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के सभी पहलुओं पर विचार करने के लिए एक अध्ययन शुरू करेगा। इसके तहत प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी) आने वाले हफ्तों में जारी होने की उम्मीद है।

## ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 05 | 316 |
| साई सुदर्शन (जीटी) | 05 | 191 |
| रियान पराग (आरआर) | 04 | 185 |

## पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| युजवेंद्र चहल (आरआर) | 04 | 08 |
| मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके) | 03 | 07 |
| गेराल्ड कोएत्जे (एमआई) | 04 | 07 |

## अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | टाई | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान रॉयल्स | 04 | 04 | 00 | 00 | 08 | +1.120 |
| कोलकाता नाइट राइडर्स | 03 | 03 | 00 | 00 | 06 | +2.518 |
| लखनऊ सुपर जायंट्स | 04 | 03 | 01 | 00 | 06 | +0.775 |
| चेन्नई सुपरकिंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.517 |
| सनराइजर्स हैदराबाद | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | +0.409 |
| पंजाब किंग्स | 04 | 02 | 02 | 00 | 04 | -0.220 |
| गुजरात टाइटंस | 05 | 02 | 03 | 00 | 04 | -0.797 |
| मुंबई इंडियंस | 04 | 01 | 03 | 00 | 02 | -0.704 |
| रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -0.843 |
| दिल्ली कैपिटल्स | 05 | 01 | 04 | 00 | 02 | -1.370 |

# केकेआर के खिलाफ घरेलू हालात का फायदा उठाना चाहेंगे सुपरकिंग्स

चेन्नई, एजेंसी

गत चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स की टीम लगातार दो शिकस्त के बाद सोमवार को कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ आईपीएल मुकाबले में जीत के साथ वापसी करने के इरादे से उतरेगी तो उसे अपने शीर्ष क्रम से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी। लगातार दो हार के बावजूद सुपरकिंग्स की टीम पर दबाव नहीं होगा लेकिन प्रबंधन टीम की कमजोरियों का हल निकालने की कोशिश करेगा।

कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और प्रतिभावान रचिन रविंद्र को अपने खेल में सुधार करते हुए सुपरकिंग्स को पावर प्ले में अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। गायकवाड़ 118.91 के स्ट्राइक रेट से ही रन बना पाए हैं जबकि रविंद्र पिछले दो मैचों में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे हैं। मौजूदा टूर्नामेंट में सुपरकिंग्स के सबसे सफल बल्लेबाज शिवम दुबे हैं जिन्होंने 160.86 के स्ट्राइक रेट से 148 रन बनाए हैं। यह देखना होगा कि युवा समीर रिज्वी की टीम में वापसी होती है या नहीं। बीस साल के इस युवा बल्लेबाज ने अपने पहले मैच में गुजरात टाइटंस के खिलाफ छह गेंद में 14 रन बनाए थे लेकिन दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खाता खोलने में नाकाम रहने के बाद उन्हें सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मुकाबले से बाहर कर दिया गया। तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और मथीसा पथिराना विभिन्न कारणों से टीम के पिछले मैच में नहीं खेल पाए, जिससे सुपरकिंग्स के गेंदबाजी विभाग की कमजोरियां उजागर हुईं। अगर ये नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच से भी बाहर रहते हैं तो सुपरकिंग्स को उनकी भरपाई करने के लिए कुछ अलग सोचना होगा। अगर ये दोनों बाहर रहते हैं तो तेज गेंदबाजी विभाग में दीपक चाहर, तुषार देशपांडे और मुकेश चौधरी जबकि स्पिन विभाग में मोईन अली, रविंद्र जडेजा और महेश तीक्षणा के कंधों पर जिम्मेदारी होगी। नाइट राइडर्स और राजस्थान रॉयल्स अब तक टूर्नामेंट में अजेय रहे हैं और दोनों टीमों को बल्ले से निडर प्रदर्शन का फायदा मिला है। सुनील नारायण से पारी का आगाज कराना केकेआर के लिए काफी फायदेमंद साबित हो रहा है। मौजूदा सत्र में केकेआर के सबसे सफल बल्लेबाज नारायण को जल्दी पवेलियन भेजना सुपरकिंग्स के गेंदबाजों के लिए बड़ी चुनौती होगी। फिल सॉल्ट ने भी पारी का आगाज करते हुए नारायण का अच्छा साथ दिया है। मध्य क्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर और रमनदीप सिंह को अधिक निरंतरता दिखानी होगी।

**चेन्नई सुपरकिंग्स :** महेंद्र सिंह धोनी, अरावेली अवनीश, डेवोन कॉनवे, ऋतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अजिंक्य रहाणे, शेख रशीद, मोईन अली, शिवम दुबे, आरएस हंगरगेकर, रविंद्र जडेजा, अजय जादव मंडल, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिचेल सेंटनर, निशांत सिंधू, दीपक चाहर, तुषार देशपांडे, मुकेश चौधरी, मुस्तफिजुर रहमान, मथीसा पथिराना, सिमरजीत सिंह, प्रशांत सोलंकी, शारदुल ठाकुर, महेश तीक्षणा और समीर रिज्वी। **कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), केएस भरत, रहमानुल्लाह गुरबाज, रिंकू सिंह, अंगकृष रघुवंशी, शेरफेन रदरफोर्ड, मनीष पांडे, आंद्रे रसेल, नितीश राणा, वेंकटेश अय्यर, अनुकूल रॉय, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, सुनील नारायण, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, हर्षित राणा, सुयश शर्मा, मिशेल स्टार्क, दुष्मंता चमीरा, साकि हुसैन और मुजीब उर रहमान। **समय :** मैच शाम 7.30 बजे शुरू होगा।

# यश और क्रुणाल की गेंदबाजी से लखनऊ ने लगाई जीत की हैट्रिक

## लखनऊ सुपर जायंट्स ने आईपीएल में पहली बार गुजरात टाइटंस को दी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** यश ठाकुर और क्रुणाल पंड्या की गेंदों के सामने गुजरात टाइटंस के बल्लेबाज बेबस नजर आए। इन गेंदबाजों ने मिलकर गुजरात के 8 विकेट झटक लिए और लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) को पहली बार हराने में कामयाब रहे। लखनऊ के 163 रन के जवाब में गुजरात टाइटंस की टीम 18.5 ओवर में 130 रनों पर सिमट गई। लखनऊ के स्टोइनिस की बल्लेबाजी (58 रन) के बाद गेंदबाजी विभाग के यश ठाकुर (5 विकेट) और क्रुणाल पंड्या (3 विकेट ) ने गुजरात के बल्लेबाजों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। अंक तालिका में इस जीत के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स अब तीसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि गुजरात की टीम सातवें पायदान पर खिसक गई।



मार्कस स्टोइनिस — केएल राहुल

164 रनों का पीछा करने उतरी गुजरात के लिए साई सुदर्शन और शुभमन गिल ने बेहतरीन शुरुआत दी। दोनों ने छह ओवर में 54 रन जोड़े। कप्तान गिल 9 रन के निजी योग पर आउट हुए। टीम के स्कोर में अभी दो रन का ही इजाफा हुआ था कि विलियम्सन एक रन बनाकर रवि बिश्नोई की गेंद पर कॉट एंड बोल्ड हुए। क्रुणाल पंड्या ने सुदर्शन (31) और शरत (1) को अपना शिकार बनाया। दर्शन नालकंडे 12 रन बनाकर क्रुणाल पंड्या की गेंद पर यश ठाकुर को आसान कैच थमा बैठे। यश ठाकुर ने विजय शंकर और राशिद खान को आउट कर लखनऊ को जीत की दहलीज पर पहुंचाया। राहुल तेवतिया ने 30 रन की पारी खेली, लेकिन वह भी टीम को जीत दिलाने में नाकाम रहे। गुजरात की टीम 18.5 ओवर में 130 रन पर सिमट गई। लखनऊ से यश ठाकुर ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए। क्रुणाल पंड्या तीन विकेट लेने में सफल रहे।

इससे पहले लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान केएल राहुल ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। उमेश यादव की पहली ही गेंद पर डिकॉक ने छक्का जड़ा, लेकिन चौथी गेंद पर वह आउट हो गए। डिकॉक गेंद को लेग साइड स्लॉग करने गए लेकिन बल्ले का ऊपरी किनारा लेकर गेंद थर्ड मैन नूर अहमद के हाथों में समा गई। उमेश ने दूसरे ओवर में देवदत्त पड्डिक्कल (7) को चलता किया। देवदत्त कवर की ओर ड्राइव करने गए लेकिन बल्ले का बाहरी किनारा लेकर गेंद निकली तो पहली स्लिप पर खड़े वी शंकर ने आसानी से कैच कर उन्हें पवेलियन लौटने को मजबूर कर दिया। केएल राहुल और मार्कस स्टोइनिस ने सिंगल-डबल की मदद से स्कोर बोर्ड को चलाये रखा और ढीली गेंदों को चौके और छक्कों में तब्दील किया। इस बीच राहुल की 31 गेंदो की पारी का अंत पारी के 13वें ओवर में महाराष्ट्र के युवा तेज गेंदबाज दर्शन नालकंडे ने किया। मार्कस स्टोइनिस भी नालकंडे का दूसरा शिकार बने।

### लखनऊ 163/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 05

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| क्विंटन डिकॉक का नूर अहमद बो यादव | 06 | 04 | 0/1 |
| केएल राहुल का तेवतिया बो नालकंडे | 33 | 31 | 3/0 |
| देवदत्त पडीक्कल का वी शंकर बो यादव | 07 | 07 | 1/0 |
| मार्कस स्टोइनिस का शरथ बो नालकंडे | 58 | 43 | 4/2 |
| निकोलस पूरन नाबाद | 32 | 22 | 0/3 |
| आयुष बदोनी का यादव बो राशिद | 20 | 11 | 3/0 |
| क्रुणाल पंड्या नाबाद | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** उमेश यादव 3-0-22-2, स्पेंसर जॉनसन 4-0-32-0, राशिद खान 4-0-28-1, मोहित शर्मा 3-0-34-0, नूर अहमद 4-0-22-0, दर्शन नालकंडे 2-0-21-2

### गुजरात 130/10

18.5 ओवर, अतिरिक्त : 12

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| साई सुदर्शन का बिश्नोई बो पंड्या | 31 | 23 | 4/0 |
| शुभमन गिल बो यश ठाकुर | 19 | 21 | 2/0 |
| केन विलियमसन का एवं बो बिश्नोई | 01 | 05 | 0/0 |
| बीआर शरथ का बदोनी बो पंड्या | 02 | 05 | 0/0 |
| विजय शंकर का राहुल बो यश ठाकुर | 17 | 17 | 0/1 |
| दर्शन नालकंडे का यश ठाकुर बो पंड्या | 12 | 11 | 0/1 |
| राहुल तेवतिया का पूरन बो यश ठाकुर | 30 | 25 | 2/2 |
| राशिद खान का सब बो यश ठाकुर | 00 | 03 | 0/0 |
| उमेश यादव का डिकॉक बो नवीन उल हक | 02 | 04 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 00 | 01 | 0/0 |
| नूर अहमद का डिकॉक बो यश ठाकुर | 04 | 02 | 1/0 |

**गेंदबाजी :** मणिमारन सिद्धार्थ 4-0-29-0, नवीन उल हक 4-0-37-1, मयंक यादव 1-0-13-0, यश ठाकुर 3.5-1-30-5, क्रुणाल पंड्या 4-0-11-3, रवि बिश्नोई 2-0-8-1

### मयंक हुए चोटिल, छोड़ा मैच

लखनऊ सुपर जायंट्स के स्पीड स्टार मयंक यादव पारी का चौथा ओवर फेंकने आए। पहले ही ओवर के दौरान वे असहज दिखे और 13 रन खर्च करने के बाद पवेलियन लौट गए। मांसपेशियों में खिंचाव आ गया और वे मैच से बाहर हो गए। गेंदबाजी के दौरान मयंक फिट नहीं नजर आ रहे थे।

## खेल डायरी

### कैंडिडेट्स शतरंज: प्रज्ञानानंदा ने विदित को हराया

**टोरंटो।** भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के तीसरे दौर में हमवतन विदित गुजराती को हराया। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही भाई-बहन की पहली जोड़ी के लिए यह अच्छा दिन रहा जब प्रज्ञानानंदा की बड़ी बहन आर वैशाली ने भी बुल्गारिया की नुर्गयुल सेलिमोवा को हराकर पहली जीत दर्ज की। पुरुष वर्ग में डी गुकेश रूस के इयान नेपोमनियाची के मजबूत डिफेंस को भेदने में नाकाम रहे जबकि फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने शीर्ष वरीय अमेरिका के फाबियानो करूआना से ड्रॉ खेला।

### भारतीय टीम दूसरे हॉकी टेस्ट में 2-4 से हारी

**पर्थ।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम पिछले मैच की तुलना में बेहतर प्रदर्शन करने के बावजूद रविवार को यहां पांच मैचों की श्रृंखला के दूसरे टेस्ट में आस्ट्रेलिया से 2-4 से पराजित हो गयी। भारत को शनिवार को पहले टेस्ट में 1-5 से हार का सामना करना पड़ा था। मेहमान टीम ने मैच के पहले और दूसरे क्वार्टर में मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ बराबरी का खेल दिखाया। बल्कि पहले हाफ तक भारतीय टीम 2-1 से आगे चल रही थी, लेकिन तीसरे क्वार्टर में मेजबान टीम ने तीन गोल कर लगातार दूसरी जीत हासिल की।

### त्वेसा संयुक्त 16वें, रिद्धिमा संयुक्त 30वें स्थान पर


**केम्पटन पार्क (दक्षिण अफ्रीका)।** प्रतिभावान भारतीय गोल्फर त्वेसा मलिक यहां सनशाइन लेडीज टूर पर एब्सा लेडीज आमंत्रण टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 16वें स्थान पर रहीं जबकि उनकी हमवतन रिद्धिमा दिलावरी ने संयुक्त रूप से 30वां स्थान हासिल किया। पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीतने वाली त्वेसा ने 72, 72 और 74 के स्कोर से कुल दो ओवर 218 का स्कोर बनाया। उन्होंने अंतिम दौर में तीन बर्डी की लेकिन तीन बोगी और एक डबल बोगी भी कर गईं। रिद्धिमा ने 74, 73 और 75 से छह ओवर का कुल स्कोर बनाया। कसांद्रा एलेक्जेंडर ने शनिवार को छह अंडर 66 के शानदार प्रदर्शन से कुल 12 अंडर के स्कोर से चार शॉट के अंतर से खिताब जीता। स्पेन की हेरेंग ली भी अंतिम दौर में 66 के स्कोर से कुल आठ अंडर के स्कोर से दूसरे स्थान पर रहीं।

### पाक की टी20 टीम के कोच होंगे यूसुफ और रज्जाक

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने इस महीने के अंत में न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टी20 शृंखला के लिए चयन समिति के सदस्यों मोहम्मद यूसुफ और अब्दुल रज्जाक को क्रमश : अंतरिम मुख्य कोच और सहायक कोच नियुक्त करने का फैसला किया है। यह फैसला तब किया गया जब लंबी अवधि की भूमिका के लिए विदेशी कोच गैरी कर्स्टन और जेसन गिलेस्पी के साथ बातचीत जारी है। बोर्ड के एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा कि गिलेस्पी के साथ बातचीत लगभग पूरी हो चुकी है क्योंकि वह लाल गेंद के प्रारूप के मुख्य कोच के रूप में कार्यभार संभालने के लिए सहमत हो गए हैं। कर्स्टन के साथ चर्चा को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है क्योंकि वह इंडियन प्रीमियर लीग में व्यस्त हैं।

### एथलेटिक बिलबाओ ने कोपा डेल रे खिताब जीता

**सेविले।** एथलेटिक बिलबाओ ने पेनल्टी शूट आउट में मालोर्का को 4-2 से हराकर चार दशक बाद कोपा डेल रे फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। बिलबाओ को मालोर्का के खिलाफ जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा था लेकिन टीम को खिताब जीतने के लिए काफी पसीना बहाना पड़ा। बिलबाओ की ओर से पेनल्टी शूट आउट में राउल गार्सिया, इकेर मूनियन, माइकल वेस्गा और एलेजांद्रो बेरेनगुएर ने गोल किए। एथलेटिक बिलबाओ के गोलकीपर जुलेन अगिरेजाबला ने मैनुएल मोर्लानिस के शॉट को रोका जबकि मालोर्का के नेमांजा रादोनजिक ने शॉट बाहर मारा। इससे पहले नियमित और अतिरिक्त समय के बाद फाइनल मुकाबला 1-1 से बराबर रहा। डेनी रोड्रिग्ज ने मालोर्का को 21वें मिनट में आगे किया लेकिन ओइहान सांचे ने 50वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया। एथलेटिक बिलबाओ का यह 23वां कोपा डेल रे खिताब है।



टिम डेविड — रोमारियो शेफर्ड

# मुंबई इंडियंस की पहली जीत

मुम्बई, एजेंसी

- दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराया, रोहित शर्मा ने 49 और ईशान किशन ने बनाए 42 रन

सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा 49 रन, ईशान किशन 42 रन तथा आखिरी ओवरों में टिम डेविड के नाबाद 45 रन और रोमारियो शेफर्ड की नाबाद 39 रनों की तूफानी परियों के बाद गेराल्ड कोएत्जी के चार विकेटों की बदौलत मुंबई इंडियंस ने रविवार इंडियन प्रीमियर लीग के 20वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 29 रनों से हराते हुए अपनी पहली जीत दर्ज की।

235 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर 10 रन का विकेट गवां दिया। उसके बाद पृथ्वी शॉ ने अभिषेक पोरेल के साथ दूसरे विकेट लिये 88 रन जोड़ते हुए टीम को मुकाबले में बनाये रखा। पृथ्वी ने 40 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से 66 रनों की पारी खेली। अभिषेक पोरेल 31 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुये। ट्रिस्टन स्टब्स 25 गेंदों में तीन चौके और सात छक्के लगाते हुए 71 रनों की पारी खेली। दिल्ली की टीम निर्धारत 20 ओवर में आठ विकेट पर 205 रन ही बना सकी।

वानखेड़े स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। रोहित शर्मा ने 27 गेंदों में छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 49 रनों की पारी खेली। चोट के बाद ठीक होकर टीम में आये सूर्यकुमार यादव अपना खाता भी नहीं खोल सके और पवेलियन लौट गये। कप्तान हार्दिक पांड्या ने 33 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 39 रन बनाये। इशान किशन ने 23 गेंदों में चार चौके और दो छक्के उड़ाते हुए 42 रन बनाये। तिलक वर्मा छह रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद टिम डेविड नाबाद ने 21 गेंदों में दो चौक और चार छक्कों की मदद से नाबाद 45 रन बना डाले। रोमारियो शेफर्ड आखरी ने 10 गेंदों में तीन चौके और चार छक्के लगाते हुए तूफानी अंदाज में 39 रन ठोके हुए टीम का स्कोर निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 234 रन पहुंचा दिया है।

### मुंबई 234/5

20 ओवर, अतिरिक्त : 14

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| रोहित शर्मा बो पटेल | 49 | 27 | 6/3 |
| ईशान किशन का एवं बो पटेल | 42 | 23 | 4/2 |
| सूर्यकुमार का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया | 00 | 02 | 0/0 |
| हार्दिक का सब (फ्रेजर) बो नोर्किया | 39 | 33 | 3/1 |
| तिलक वर्मा का पटेल बो अहमद | 06 | 05 | 1/0 |
| टिम डेविड नाबाद | 45 | 21 | 2/4 |
| रोमारियो शेफर्ड नाबाद | 39 | 10 | 3/4 |

**गेंदबाजी :** खलील अहमद 4-0-39-1, ईशांत शर्मा 3-0-40-0, झाय रिचर्डसन 4-0-40-0, अक्षर पटेल 4-0-35-2, ललित यादव 1-0-15-0, एनरिच नोर्किया 4-0-65-2

### दिल्ली 205/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 03

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी शॉ बो बुमराह | 66 | 40 | 8/3 |
| डेविड वॉर्नर का पंड्या बो शेफर्ड | 10 | 08 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल का डेविड बो बुमराह | 41 | 31 | 5/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स नाबाद | 71 | 25 | 3/7 |
| ऋषभ पंत का पंड्या बो कोएत्जी | 01 | 03 | 0/0 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 08 | 07 | 1/0 |
| ललित यादव का ईशान बो कोएत्जी | 03 | 04 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का तिलक वर्मा बो कोएत्जी | 00 | 01 | 0/0 |
| झाय रिचर्डसन का शर्मा बो कोएत्जी | 02 | 02 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** कोएत्जे 4-0-34-4, जसप्रीत बुमराह 4-0-22-2, आकाश मधवाल 4-0-45-0, रोमारियो शेफर्ड 4-0-54-1, मोहम्मद नबी 2-0-17-0, पीयूष चावला 2-0-32-0

## बॉलीवुड हलचल

# वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार से फरदीन खान का पहला लुक रिलीज



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता फरदीन खान की आने वाली वेब सीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार से उनका पहला लुक रिलीज हो गया है। संजय लीला भंसाली की हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार में फरदीन खान भी अहम भूमिका में नजर आयेंगे। फरदीन खान लंबे अरसे के बाद बतौर अभिनेता वापसी कर रहे हैं। फरदीन खान, हीरामंडी द डायमंड बाजार में वली मोहम्मद के रोल में नजर आएंगे। फरदीन खान के पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में नेटफ्लिक्स इंडिया ने लिखा, प्यार और कर्तव्य के बवंडर संघर्ष में फंसे वली मोहम्मद अपनी शाही जिम्मेदारियों के साथ अपने दिल की इच्छा को समेटने का प्रयास कर रहे हैं। शेखर सुमन भी हीरामंडी : द डायमंड बाजार में नजर आयेंगे ।उनके पहले लुक को शेयर करते हुए लिखा गया, मल्लिकाजान के चरणों में अपनी निष्ठा रखते हुए जुल्फिकार और उसकी चमकदार महत्वाकांक्षा के बीच केवल एक चीज खड़ी है - हीरामंडी। हीरामंडी : द डायमंड बाज़ार वेश्याओं और उनकी जिंदगी को लेकर बुनी गई है। वर्ष 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित, 'हीरामंडी' 'कोठों' में प्यार, विश्वासघात, उत्तराधिकार और राजनीति की कहानी को बयां करती है।

# कंगना ने फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत ने दिवंगत प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जीवन से प्रेरित फिल्म इमरजेंसी बनाने की वजह बतायी है। इस फिल्म में कंगना, इंदिरा गांधी के किरदार में नजर आयेंगी। कंगना रनौत ने कहा, जैसा कि मैंने हमेशा कहा है, चाहे वह इंदिरा गांधी हों या कोई अन्य महिला, मेरे मन में महिलाओं के लिए बहुत सहानुभूति है। मैं इस बात का दिखावा नहीं कर सकती और मेरे दिल में महिलाओं के लिए सम्मान भी है, इसलिए मैंने उनके लिए बहुत काम किया है। मैंने इंदिरा गांधी के पूरे जीवन पर आधारित एक फिल्म बनाई है और जब आप एक कलाकार होते हैं तो हर चीज प्रेरणा का काम करती है। उन्हीं भावनाओं को ध्यान में रखते हुए मैंने वह फिल्म बनाई।'' इसलिए, जब यह सामने आएगा तो मुझे लगता है कि हर किसी को यह पसंद आएगा। उन्हें इसे एक मनोरंजक फिल्म के रूप में देखना चाहिए।'' कंगना ने कहा, हमारे संविधान के साथ जो घटनाएं घटीं, उन घटनाओं के पीछे क्या कारण हैं, उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे भविष्य में हमारे संविधान के साथ कोई छेड़छाड़ न हो। एक नेता की विश्वसनीयता, गहरी छिपी सुरक्षा, असुरक्षा, ताकत या कमजोरी, सभी कारकों पर विचार किया जाना चाहिए। कंगना रनौत द्वारा लिखित और निर्देशित, ''इमरजेंसी'' में अनुपम खेर, महिमा चौधरी, मिलिंद सोमन, श्रेयस तलपड़े, विशाख नायर और दिवंगत सतीश कौशिक भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में हैं। जी स्टूडियोज़ और मणिकर्णिका फिल्म्स द्वारा निर्मित इस फिल्म का संगीत संचित बल्हारा द्वारा दिया गया है। पटकथा और संवाद रितेश शाह द्वारा दिए गए हैं। ''इमरजेंसी'' 14 जून 2024 को सिल्वर स्क्रीन पर रिलीज होने वाली है।



# संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं नोरा फतेही

**मुबई, मुंबई।** बॉलीवुड की जानीमानी अभिनेत्री नोरा फतेही, फिल्मकार संजय लीला भंसाली की फिल्म में काम करना चाहती हैं। मोरक्को की रहने वाली नोरा फतेही हिंदी फिल्मों की काफी शौकीन थी। नोरा फतेही ने कहा, भारत में काम करने का ख्याल संजय लीला भंसाली की फिल्म देवदास को देखकर ही आया था। यदि मैं किसी दिन संजय लीला भंसाली की फिल्म की अभिनेत्री बनी तो वह मेरे करियर का टर्निंग प्वाइंट होगा। मैं चाहती हूं कि वह मुझमें यकीन करें कि मैं उनकी फिल्म की अभिनेत्री बन सकती हूं। कलाकार को बस एक मौका और वह इंसान चाहिए होता है, जो आप पर भरोसा करे। नोरा फतेही ने कहा, मैंने काफी डांस किया है, लेकिन भारतीय क्लासिकल डांस को इसलिए अभी तक नहीं छुआ, क्योंकि मैं चाहती थी कि जब मैं वह नृत्य करूं तो सबसे बेस्ट लगूं और भव्य तरीके से उसे शूट किया जाए। ऐसा केवल संजय लीला भंसाली ही कर सकते हैं।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# नड्डा की पत्नी की चोरी हुई एसयूवी वाराणसी से बरामद, तीन गिरफ्तार

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो सप्ताह में चार बार बेची गई भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा की चोरी हुई एसयूवी

दिल्ली पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा की पत्नी के एक एसयूवी वाहन को दिल्ली के गोविंदपुरी में एक सर्विस सेंटर से चोरी होने के लगभग दो सप्ताह बाद उत्तर प्रदेश के वाराणसी से बरामद कर लिया है। उन्होंने बताया कि मामले में तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान उत्तर प्रदेश निवासी शिवांश त्रिपाठी (23), सलीम (34) और मोहम्मद रईस (33) के रूप में की गई है।

पुलिस ने बताया कि सफेद रंग की टोयोटा फॉर्च्यूनर 19 मार्च को दक्षिण-पूर्व दिल्ली के गोविंदपुरी से चोरी हो गई थी। इसका चालक जोगिंदर इसे सर्विस सेंटर पर छोड़कर कुछ देर के लिए घर लौटा था। एसयूवी नड्डा के गृह राज्य हिमाचल प्रदेश में उनकी पत्नी के नाम पर पंजीकृत है। पुलिस उपायुक्त (दक्षिणपूर्व) राजेश देव ने बताया कि आरोपियों में से एक कार चोर है जबकि दो अन्य चोरी की कारों को एक राज्य से दूसरे राज्य पहुंचाते थे। डीसीपी ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि शिवांश त्रिपाठी और उसका गिरोह इस मामले में शामिल है जिसे पुलिस टीम ने पकड़ लिया। पूछताछ में त्रिपाठी ने बताया कि एसयूवी चोरी करने के बाद वे इसे फरीदाबाद में फारूक के फार्महाउस में ले गए, जहां से इसे लखीमपुर खीरी निवासी सलीम को बेच दिया गया। सलीम को पकड़ लिया और पूछताछ के दौरान उसने बताया कि उसने वाहन को मोहम्मद रईस नाम के एक अन्य व्यक्ति को बेच दिया, जिसने बाद में इसे किसी अन्य व्यक्ति को बेच दिया। डीसीपी ने बताया कि पुलिस ने जांच के बाद एसयूवी को वाराणसी से बरामद कर लिया।

## कर्नाटक में बस पलटने से तीन की मौत, 30 घायल

**चित्रदुर्ग।** कर्नाटक में बेंगलुरु से उत्तर कन्नड़ जिले के गोकर्ण जा रही एक निजी बस के रविवार तड़के चित्रदुर्ग जिले में पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने शुरुआत में कहा कि इस हादसे में चार लोगों की मौत हो गई, लेकिन बाद में मरने वालों की संख्या संशोधित कर तीन कर दी गई।

यह हादसा होलालकेरे शहर के बाहरी इलाके में अंजनेय मंदिर के पास हुआ। पुलिस के अनुसार, मृतकों में से दो की पहचान उत्तर कन्नड़ जिले के होन्नावर के जगदीश (45) और शिवमोगा जिले के सागर के गणपति (40) के रूप में हुई है। तीसरे मृत व्यक्ति की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में करीब 30 लोग घायल हो गए जिनमें से आठ की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि घायलों को होलालकेरे तालुक अस्पताल भेजा गया है, जबकि शवों को शवगृह ले जाया गया है। गुस्साए लोगों ने इस क्षेत्र में लगातार हो रही दुर्घटनाओं के लिए अवैज्ञानिक सड़क निर्माण को जिम्मेदार ठहराया।

### हैं तैयार हम...



भारतीय वायु सेना सरहद पर बखूबी अपना कर्तव्य निभाती है साथ ही देश में आपात स्थिति आने पर सेना किस तरह सुरक्षा कर सकती है इसके लिए सेना को रिर्हसल की जरूरत पड़ती ही है। जिसके चलते रविवार को भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमान सुखोई 30 एमकेआई को लखनऊ-आगरा एक्सप्रेसवे पर उन्नाव में उतारा गया। ● एजेंसी

## ग्रीस के जंगल में लगी आग, तीन घायल

**एथेंस।** दक्षिणी ग्रीस के क्रेते द्वीप के जंगलों में इस वर्ष लगी पहली बड़ी आग में तीन लोग घायल हो गए। यह जानकारी अग्निशामक अधिकारियों ने दी। आग द्वीप के दक्षिणपूर्वी हिस्से में इरापेट्रा सिटी के बाहरी क्षेत्र के एक जंगली इलाके में लगी।

सूत्रों के अनुसार, आग की लपटों पर काबू पाने के लिए 169 अग्निशामकों को तैनात किया गया। इसके लिए पानी की बौछार करने वाले चार हेलीकॉप्टरों का भी उपयोग किया गया। बुजुर्ग व्यक्ति को गंभीर हालत में भर्ती किया। एक महिला और एक दमकलकर्मी मामूली रूप से घायल हो गए। अधिकारियों ने एहतियात के तौर पर आपातकालीन अलर्ट जारी कर चार गांवों के लगभग 300 निवासियों को घरों को खाली करने के लिए कहा है।

## एक नजर

### लद्दाख में बर्फबारी के बीच फंसे 80 लोगों को सेना ने बचाया

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में लेह और श्योक नदी घाटी के बीच 17,688 फुट ऊंचे चांग ला दर्रे में बर्फबारी के बीच फंसे कम से कम 80 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। सेना ने रविवार को यह जानकारी दी। भारतीय सेना की लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने कहा कि आधी रात को चलाए गए इस बचाव अभियान को त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने अंजाम दिया। सेना की फायर एंड फ्यूरी (14वीं) कोर ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि त्रिशूल प्रभाग के सैनिकों ने चांग ला के ऊंचे बर्फीले स्थानों पर यातायात अवरोध को दूर करने के लिए आपातकालीन स्थिति में तुरंत कार्रवाई की और रात में दो घंटे तक लगातार काम किया तथा बर्फबारी के बीच फंसी महिलाओं और बच्चों सहित लगभग 80 लोगों को सुरक्षित निकाल लिया। सेना ने इस बचाव अभियान की कुछ तस्वीरें और एक वीडियो भी साझा की है।

### चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग में आई बाढ़, 800 लोगों को सुरक्षित निकाला

**बीजिंग।** चीन के दक्षिणी गुआंग्डोंग प्रांत के किंगयुआन जिले के यिंगदे काउंटी में बाढ़ के कारण खतरे में फंसे 832 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। सरकारी चाइना सेंट्रल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर ने रविवार को यह जानकारी दी। ब्रॉडकास्टर ने बताया कि आज सुबह तक यिंगडे स्टेशन पर पानी का स्तर 30 .07 मीटर (98 .6 फुट) तक पहुंच गया और खतरे के गंभीर निशान को पार कर गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि जलाशयों के किनारे स्थित घरों और व्यावसायिक इमारतों में पानी भर गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकारियों ने हालांकि संबंधित निकायों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्कूलों और उद्यमों के संचालन को निलंबित करने का निर्देश नहीं दिया है।

### माउंट एवरेस्ट पर से 10 लाख टन कचरा इकट्ठा करेगी नेपाली सेना

**काठमांडू।** एवरेस्ट क्षेत्र में पर्वतीय सफाई अभियान, 2024 शुरू करने जा रही नेपाल की सेना ने रविवार को कहा कि वह माउंट एवरेस्ट पर करीब 10 लाख टन अपशिष्ट एकत्र करने के साथ ही पांच शव बरामद करेगी। नेपाली सेना के सूत्र के अनुसार मेजर आदित्य कारकी की अगुवाई में 12 सदस्यीय दल माउंट एवरेस्ट, माउंट ल्होत्से और माउंट नुप्तसे से अपशिष्ट लाने के लिए 14 अप्रैल को एवरेस्ट आधार शिविर पहुंचेगा। सूत्र ने बताया कि सेना को इस अभियान में 18 सदस्यीय शेरपा दल सहयोग करेगा। नेपाली सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल कृष्णा प्रसाद भंडारी ने बताया कि यहां सेना प्रमुख जनरल प्रभुराम शर्मा 11 अप्रैल को इस अभियान दल को रवाना करेंगे जो पर्वत पर बिखरे कम से कम 10 लाख टन कचरे एवं पांच शवों को लाएगा। जैविक अपशिष्ट को आधार शिविर के नीचे नामचे बाजार लाया जाएगा।

### पाकिस्तान में मोटरसाइकिल बम विस्फोट में दो की मौत, पांच घायल

**क्वेटा।** दक्षिणपश्चिम पाकिस्तान में एक मोटरसाइकिल पर लगाए बम में विस्फोट से दो लोगों की मौत हो गई तथा पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा को पड़ोसी सिंध प्रांत में कराची शहर से जोड़ने वाले मुख्य राजमार्ग पर स्थित खुजदर में रविवार को हुए इस विस्फोट की अभी किसी ने जिम्मेदारी नहीं ली है। पुलिस उपायुक्त मोहम्मद आरिफ जरकोन ने बताया कि घायलों में एक महिला और दो पुलिस अधिकारी शामिल हैं।

# रिहाई वार्ता से पूर्व गाजा से मिला किसान का शव, नेतन्याहू बोले- हम नहीं झुकेंगे

## जब तक इजराइली बंधक रिहा नहीं होते तब तक युद्धविराम पर सहमति नहीं

काहिरा, एजेंसी

इजराइल की सेना ने शनिवार को कहा कि उसने गाजा में बंधक बनाए गए 47 वर्षीय किसान का शव बरामद किया है। हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के किसी नागरिक का शव ऐसे वक्त में बरामद किया गया है जब वार्ताकार इजराइल और हमास के बीच छह माह से जारी युद्ध को रोकने तथा शेष बंधकों को रिहा कराने के लिए रविवार देर शाम दूसरे दौर की बातचीत की तैयारी कर रहे हैं। वहीं, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने इसको लेकर मांग की है कि वह युद्धविराम पर तब तक सहमत नहीं होंगे जब तक गाजा में इजरायली बंधकों को रिहा नहीं कर दिया जाता।

इजराइल की सेना ने कहा कि उसे एलाद कात्जिर का शव मिला है और माना जाता है कि उसकी हत्या जनवरी में 'इस्लामी जिहाद' के चरमपंथियों ने की थी। हमास ने सात अक्टूबर को दक्षिणी इजराइल में घुस गए थे और उनके हमले में 1,200 से अधिक लोग मारे गए थे। हमास ने इस हमले के बाद इजराइल के कम से कम 250 लोगों को बंधक बना लिया था। किसान कात्जिर को सीमावर्ती नीर ओज से अगवा किया गया था। इस शव के मिलने से इजराइल की सरकार पर बंधकों को मुक्त कराने के लिए समझौता करने का दबाव बढ़ गया है। हजारों लोग तेल अवीव में एकत्र हुए और उन्होंने बंधकों को रिहा कराने के लिए शीघ्र कोई समझौता करने और ध्यावधि चुनाव कराने की मांग की। अब तक कम से कम 36 बंधकों के मारे जाने की पुष्टि हो चुकी है, जबकि बंधक बनाए गए कुल लोगों में से आधों को रिहा कर दिया गया है।

कात्जिर की बहन कार्मित ने एक बयान में कहा कि अगर वक्त पर कोई समझौता हो जाता तो उन्हें बचाया जा सकता था। हमारा नेतृत्व कायर है और राजनीतिक विचारों से प्रेरित है, इसीलिए कोई समझौता नहीं हुआ।



हमास आतंकवादी समूह द्वारा गाजा पट्टी में बंधक बनाए गए लोगों की रिहाई के लिए सड़कों पर आए लोग। प्रधानमंत्री नेतन्याहू सरकार के खिलाफ भी किया विरोध प्रदर्शन। ● एजेंसी

### गाजा पर हमले में इजराइल की जर्मनी द्वारा मदद करने के आरोप पर अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय आज करेगा सुनवाई

**हेग।** संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत में सोमवार को एक मामले में प्रारंभिक सुनवाई शुरू होगी, जिसमें जर्मनी द्वारा इजराइल को की जा रही सैन्य और अन्य सहायता बंद करने का अनुरोध किया गया है। शिकायतकर्ता निकारागुआ ने साथ ही दावा किया है कि जर्मनी गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष के दौरान नरसंहार और अंतर्राष्ट्रीय कानून के उल्लंघन में इजराइल की मदद कर रहा है। इजराइल ने दृढ़ता से इस आरोप से इनकार किया है कि उसका सैन्य अभियान नरसंहार के खिलाफ संधि का उल्लंघन करता है। निकारागुआ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अदालत में दाखिल याचिका जर्मनी पर केन्द्रित है। हालांकि, परोक्ष रूप से यह सात अक्टूबर के घातक हमलों के बाद गाजा में इजराइल के सैन्य अभियान पर निशाना साधता है।

### इजराइल और हमास के संघर्ष को रोका जाए : सुनक

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने गाजा में जारी इजराइल-हमास संघर्ष को मासूम बच्चों की खातिर मानवीय आधार पर रोके जाने के आह्वान को दोहराया। ब्रिटेन ने रविवार को गाजा के लिए समुद्री सहायता गलियारा स्थापित करने के लिए सैन्य और नागरिक सहायता के एक नए पैकेज की घोषणा की। विदेश, राष्ट्रमंडल और विकास कार्यालय ने पूर्वी भूमध्य सागर में एक शाही नौसेना के पोत की तैनाती की घोषणा की और जरूरतमंद लोगों तक पहुंचाई जाने वाली सहायता को बढ़ाने के मकसद से 97 लाख पाउंड देने की प्रतिबद्धता जताई। ब्रिटिश प्रधानमंत्री सुनक ने कहा कि आज सात अक्टूबर के आतंकवादी हमले के छह महीने पूरे हो गए हैं जो इजराइल के इतिहास में सबसे भयावह हमला था और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यहूदियों की सबसे बड़ी जनहानि थी।



# आतंकी हमले में छह सुरक्षाकर्मी समेत 12 आतंकवादी मारे गए

क्वेटा, एजेंसी



- पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में आतंकवादी और सुरक्षा बलों में संघर्ष

पाकिस्तान के अशांत क्षेत्र खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान प्रांत में पिछले दो दिन में हुई आतंकवादी घटनाओं और सुरक्षा अभियानों में एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी सहित छह सुरक्षाकर्मी और 12 आतंकवादी मारे गए हैं। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी।

पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने कहा कि बलूचिस्तान प्रांत में दो घटनाओं में चार आतंकवादी मारे गए हैं। आईएसपीआर ने कहा कि खैबर पख्तूनख्वा (केपी) में स्थित डेरा इस्माइल खान जिले में कुलाची तहसील के कोट सुल्तान इलाके में सुरक्षाबलों द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान आठ आंतकवादी मारे गए। उसने कहा कि सुरक्षाबलों ने मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोला-बारूद और विस्फोटक बरामद किए हैं। अधिकारियों ने बताया कि खैबर पख्तूनख्वा के लक्की मारवात में शुक्रवार की रात दो हमलों में एक पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) और दो पुलिसकर्मी मारे गए जबकि एक कांस्टेबल घायल हो गया।

अधिकारियों ने कहा कि डीएसपी ने ईद-उल-फितर के त्योहार से पहले सुरक्षा-व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने के लिए अन्य पुलिसकर्मियों के साथ पेशावर-कराची राजमार्ग पर एक अस्थायी चौकी स्थापित की थी। सूत्रों के अनुसार जब वे चौकी से वापस लौट रहे थे तो मंजीवाला चौक के निकट आतंकवादियों ने पुलिस के वाहन पर गोलीबारी की, जिसमें डीएसपी और कांस्टेबल नसीम गुल की मौत हो गई। समाचार पत्र 'डॉन' के मुताबिक, शुक्रवार की रात सरा दरगा इलाके में एक और हमला हुआ, जिसमें अज्ञात हमलावरों ने कांस्टेबल सनामत खान पर गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शनिवार को बाजौर जिले की मामुंड तहसील में विस्फोट होने से एक पुलिस अधिकारी की मौत हो गई और एक अन्य घायल हो गया। वहीं, शनिवार रात टैंक जिले में मियां लाल पुलिस चौकी के निकट अज्ञात लोगों ने एक हेड कांस्टेबल की हत्या कर दी। इस बीच प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने लक्की मारवत में पुलिसकर्मियों पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

## सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं हमारे कुछ नेता : इमरान खान

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने कहा है कि उनकी पार्टी के कुछ नेता शक्तिशाली सैन्य प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं। उन्होंने अपनी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पर कार्रवाई के बीच किसी से भी वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है।

'डॉन' अखबार की खबर के अनुसार, खान ने यह टिप्पणी शनिवार को अल-कादिर ट्रस्ट भ्रष्टाचार मामले की सुनवाई के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान की। खान ने कहा कि वह देश के लिए किसी से भी बातचीत करने को तैयार हैं। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान ने कहा कि यदि वह सेना के पूर्व प्रमुख कमर जावेद बाजवा के साथ बातचीत कर सकते हैं, तो वह देश के किसी भी व्यक्ति से मुलाकात कर सकते हैं। खान ने बाजवा पर अप्रैल 2022 में उनकी सरकार को गिराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आरोप लगाया था। खान ने कहा कि उनकी पार्टी के कुछ नेता बातचीत के लिए अभी भी (सैन्य) प्रतिष्ठान के संपर्क में हैं।

## प्रथम त्रि-सेवा सम्मेलन का उद्देश्य एकीकरण, पहल और सुधार लाना


**नई दिल्ली।** भारतीय सेना के तीनों अंगों के बीच संयुक्तता और एकीकरण प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, पहल और सुधार लाने के उद्देश्य से पहला त्रि-सेवा सम्मेलन सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित किया जाएगा। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने रविवार को बताया कि 'परिवर्तन चिंतन' नाम से आयोजित होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन की अध्यक्षता प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान करेंगे। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि आठ अप्रैल 2024 को आयोजित होने वाला 'परिवर्तन चिंतन' एक अग्रणी त्रि-सेवा सम्मेलन है, जिसका उद्देश्य संयुक्तता एवं एकीकरण के प्रयासों को आगे बढ़ाने के वास्ते नवीन एवं अद्यतन विचार, पहल व सुधार को सृजित करना है। भारतीय सशस्त्र बलों ने भविष्य के युद्धों के लिए तैयार रहने के प्रयासों के क्रम में एक बड़े परिवर्तनकारी बदलाव की शुरुआत की है। संयुक्तता एवं एकीकरण को बढ़ावा देने के लिये पहल की जा रही है और त्रि-सेवा बहुआयामी (मल्टी डोमेन) संचालन को संभव बनाने के लिए संरचनाओं को संशोधित किया जा रहा है।

## हेमंत सोरेन के खिलाफ सबूतों में फ्रिज और स्मार्ट टीवी के बिल

**नई दिल्ली/रांची।** ईडी ने अपने दस्तावेज में फ्रिज और स्मार्ट टीवी का बिल सबूत के रूप में शामिल किया है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 31 करोड़ से ज्यादा की कीमत की 8.86 एकड़ जमीन अवैध तरीके से हासिल की थी।

जांच एजेंसी ने रांची के दो डीलर से ये रसीदें प्राप्त कीं और उन्हें पिछले महीने झामुमो नेता और चार अन्य के खिलाफ दायर आरोप पत्र में शामिल किया। रांची में न्यायाधीश राजीव रंजन की विशेष पीएमएलए अदालत ने चार अप्रैल को आरोप-पत्र पर संज्ञान लिया। सोरेन के सीएम पद से इस्तीफा देने के तुरंत बाद 31 जनवरी को भूमि हड़पने से संबंधित धनशोधन मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। वह रांची के होटवार के बिरसा मुंडा जेल में न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी के अनुसार, दोनों उपकरण संतोष मुंडा के परिवार के सदस्यों के नाम पर थे।



- पूर्व सीएम पर 8.86 एकड़ भूमि अवैध तरीके से हासिल करने का आरोप

## इंडोनेशिया के पापुआ में मारे गए दो विद्रोही

**जयापुरा।** इंडोनेशिया के अशांत पापुआ क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी सोने की खदानों में से एक के निकट सुरक्षा बलों और विद्रोही समूह के बीच गोलीबारी में दो अलगाववादी मारे गए। पुलिस ने रविवार को यह बताया कि मध्य पापुआ प्रांत के खनन शहर तेम्बागापुरा के निकट विगत गुरुवार को फ्री पापुआ मूवमेंट से जुड़े विद्रोहियों और पुलिस एवं सैन्य बलों के बीच हुई झड़प में समूह के दो क्षेत्रीय कमांडर अबुबकर कोगोया और डेमियानस मागे मारे गए। पुलिस ने बताया कि ये दोनों समूह की सैन्य शाखा, वेस्ट पापुआ लिबरेशन आर्मी से जुड़े हुए थे। संयुक्त सुरक्षा बल के प्रमुख फैजल रमादानी ने बताया कि सुरक्षा बलों ने दोनों कमांडर के पास से उनके पहचान पत्र बरामद किए।

**तकनीक से बदलाव** | महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र बोले- मौसम के पूर्वानुमान को बेहतर बनाने के लिए एआई का उपयोग कर रहा है आईएमडी

# पांच वर्षों में एआई बदलेगा मौसम पूर्वानुमान की कहानी


नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि भारत के मौसम वैज्ञानिकों ने मौसम पूर्वानुमान को और अधिक सटीक बनाने के लिए कृत्रिम मेधा (एआई) एवं 'मशीन लर्निंग' का इस्तेमाल शुरू कर दिया है।

यहां बातचीत में महापात्र ने कहा कि अगले कुछ वर्षों में उभरती प्रौद्योगिकियां संख्यात्मक मौसम पूर्वानुमान मॉडल की भी पूरक होंगी, जिनका फिलहाल मौसम का पूर्वानुमान जताने के लिए व्यापक तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।

उन्होंने कहा कि मौसम विभाग पंचायत स्तर या 10 वर्ग किलोमीटर से अधिक क्षेत्र में मौसम का पूर्वानुमान लगाने के लिए अवलोकन प्रणाली बढ़ा रहा है। महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 39 डॉपलर मौसम रडार का एक नेटवर्क तैनात किया है, जो देश के 85 प्रतिशत भू-भाग को कवर करता है और प्रमुख शहरों के लिए प्रति घंटे का पूर्वानुमान बताता है। आईएमडी प्रमुख ने कहा कि हमने कृत्रिम मेधा का उपयोग सीमित तरीके से करना शुरू कर दिया है, लेकिन अगले पांच वर्षों के भीतर एआई हमारे मॉडल और तकनीकों में काफी सुधार करेगा।

महापात्र ने कहा कि आईएमडी ने 1901 से देश के मौसम रिकॉर्ड को डिजिटल कर दिया है और इसके जरिए विश्लेषण कर मौसम के मिजाज के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम मेधा मॉडल डेटा विज्ञान मॉडल है जो मौसम संबंधित घटना की भौतिकी में नहीं जाते हैं, बल्कि जानकारी उपलब्ध कराने के लिए पिछले डेटा का उपयोग करते हैं, जिसका इस्तेमाल बेहतर पूर्वानुमान लगाने के लिए किया जा सकता है। महापात्र ने कहा कि कृत्रिम मेधा का उपयोग करने के लिए पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय और आईएमडी में विशेषज्ञ समूह गठित किए गए हैं। आईएमडी प्रमुख के मुताबिक, पूर्वानुमान की सटीकता में सुधार के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और संख्यात्मक पूर्वानुमान मॉडल दोनों एक दूसरे के पूरक होंगे और दोनों साथ मिलकर काम करेंगे और कोई भी दूसरे की जगह नहीं ले सकता। स्थानीय स्तर पर मौसम का पूर्वानुमान उपलब्ध कराने की जरूरत पर महापात्र ने विशिष्ट खतरों के लिए ग्राम-स्तरीय पूर्वानुमान देने में आईएमडी की चुनौतियों को स्वीकार किया।




### समुदायों को प्रभावित कर रहा है बदलता मौसम

मशीन लर्निंग (एमएल) एआई और कंप्यूटर विज्ञान की एक शाखा है, जो डेटा के उपयोग पर केंद्रित है। मौसम के पूर्वानुमान पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में आईएमडी प्रमुख ने भीषण गर्मी की वजह से मध्य स्तर पर संवहनी बादलों के छाने जैसी मौसम संबंधी घटनाओं का उल्लेख किया, जो स्थानीय समुदायों को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने कहा कि इससे निपटने के लिए आईएमडी ने डॉपलर मौसम रडार तैनात किए हैं, जो देश के 85 प्रतिशत हिस्से को कवर करते हैं। महापात्र ने कहा कि 350 मीटर प्रति पिक्सेल के रिजॉल्यूशन वाला यह उन्नत रडार डेटा संवहनी बादलों का पता लगाने में सक्षम है जिससे भारी वर्षा और चक्रवात जैसी चरम घटनाओं को लेकर पूर्वानुमान की सटीकता काफी बढ़ जाती है।

## भारत में तकनीक व निवेश देखकर हैरान हूं : डेनिस

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस ने भारत के डिजिटलीकरण कार्यक्रम की सराहना की है, जिससे वित्तीय समावेशन और गरीबी कम करने में मदद मिली है।

उन्होंने कहा कि इससे देश को तुलनात्मक लाभ मिला है और इसके सबक को वैश्विक समुदाय के साथ साझा किया जा सकता है। भारत में तकनीक और निवेश देखकर मैं हैरान हूं। संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 78वें सत्र के अध्यक्ष फ्रांसिस ने यहां एक विशेष साक्षात्कार में बताया कि सबसे पहले मैं यह कहना चाहता हूं कि जब से मैं भारत से लौटा हूं, उसके बाद जब भी मैं भारत के बारे में सोचता हूं, मुझे अतुल्य भारत याद आता है। मैं पूरी गंभीरता से कहा रहा हूं...और जब मैं वहां था, तब मैंने इसे महसूस किया।

# अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट का प्रक्षेपण तीसरी बार रोका

नई दिल्ली, एजेंसी

चेन्नई स्थित अंतरिक्ष स्टार्ट-अप अग्निकुल कॉसमॉस ने रविवार को कुछ तकनीकी वजहों का हवाला देते हुए उड़ान भरने से लगभग 92 सेकंड पहले अपने अग्निबाण उप-कक्षीय रॉकेट के प्रक्षेपण को रोक दिया। इस रॉकेट को पहली उड़ान भरनी थी।

मार्च 2022 के बाद से यह रविवार को अग्निबाण 'सब-ऑर्बिटल टेक्नोलॉजी डिमॉन्स्ट्रेटर' की परीक्षण उड़ान का तीसरा प्रयास था। इस रॉकेट की परीक्षण उड़ान पहली बार श्रीहरिकोटा में इसरो के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में 'अग्निकुल लॉन्च पैड' पर आयोजित होने वाली थी। शनिवार सुबह 7:45 बजे परीक्षण उड़ान का दूसरा प्रयास भी सफल नहीं हो सका। अग्निकुल ने कहा कि अग्निबाण रॉकेट को रविवार सुबह 5:30 बजे प्रक्षेपित किया जाना था, लेकिन इसे साढ़े सात बजे तक के लिए टाल दिया गया। इसने कहा कि बाद में निर्धारित समय से 92 सेकंड पहले रॉकेट की प्रक्षेपण उड़ान रोक दी गई। कंपनी के अनुसार, अग्निबाण दो चरणों वाला एक प्रक्षेपण यान है जो 300 किलोग्राम तक का पेलोड कक्षा में लगभग 700 किमी तक ले जा सकता है।

